राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र गाजियाबाद, दिल्ली, गौतमबुद्धनगर, बुलन्दशहर, अलीगढ़, मेरठ, शामली, मुजफ्फरनगर, हापुड़, अमरोहा, मुरादाबाद, सम्भल, रामपुर, बरेली व लखनऊ आदि जनपदों में प्रसारित

केन्द्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त

हिन्दी समाचार पत्र


# दैनिक बुलन्द संदेश

R.N.I No.UPHIN /2013/57267

आपकी आवाज को करें बुलन्द...




06 हर समय परफेक्ट दिखने का दबाव...



एक्सपो ट्रेड शो में गरजे ... 12

गाजियाबाद, मंगलवार 29 सितंबर 2026 | Email: BulandSandesh@gmail.Com | वर्षः 13 अंकः 204, मूल्यः 2 रुपये, पृष्ठ -12



# चुनाव आयुक्त ज्ञानेश का पुतला दहन करने में पुलिस से भिड़े कांग्रेसी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निदेर्शानुसार चुनाव आयोग एवं चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार द्वारा कथित वोट चोरी' एवं एसआईआर प्रक्रिया में की गई धांधली के विरोध जिला व महानगर कांग्रेस के

### अम्बेडकर पार्क से एकत्रित होकर कलेक्ट्रेट तक प्रदर्शन किया

पदाधिकारियो द्वारा अम्बेडकर पार्क से एकत्रित होकर कलेक्ट्रेट तक प्रदर्शन किया गया।

इस दौरान महानगर अध्यक्ष जुनैद इकराम द्वारा चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला जलाने के आह्वान के बाद कांग्रेस पदाधिकारियों की पुलिस से झड़प और गर्मागर्मी हो गई इस दौरान चुनाव आयुक्त के पुतले को लेकर अत्याधिक धक्का मुक्की हो गई और पुलिस प्रशासन के पुतला छीनने को लेकर पसीने छूट गए।

कांग्रेस पदाधिकारियों द्वारा पुतले के चिथड़े कर दिए गए और चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के चित्र की प्रतियां जला दी गई' मीडिया को संबोधित करते हुए महानगर अध्यक्ष जुनैद इक राम ने बताया पार्टी हाई कमान के निदेर्शानुसार आज समस्त कांग्रेस जनो द्वारा चुनाव आयोग और चुनाव आयुक्त का प्रदर्शन किया गया है सरकार के इशारे पर पुलिस द्वारा तानाशाही रवैया अपनाया गया और लोकतंत्र के तहत मिले विरोध के मौलिक अधिकार को कुचला गया। कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी के सिपाही किसी कीमत पर पीछे नहीं हटेंगे। चुनाव आयुक्त



प्रदर्शन करने जाते पदाधिकारी

ज्ञानेश कुमार की गिरफ्तारी तक तथा उनके इस्तीफे की मांग के प्रति सड़क से संसद तक अपना कड़ा विरोध दर्ज करते रहेंगे।इस दौरान जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा गया।

**यह रहे मौजूद**

जिलाध्यक्ष विनोद गुम्बर, फूलकुंवर, आनंद मोहन गुप्ता, सारस्वत सोनी,असलम खुर्शीद, असद मौलाई, नजाकत ठेकेदार, मुशाहिद चौधरी,नदीम उद्दीन, कमर सलीम, शमशेर अली, मौअज्जम अली, सद्दाम, भारतीय परवेज, शकील अंडा, अरशद परवेज, फहीम सैफी, मौहम्मद शादान, अफसर अंसारी,रेहान खान, सय्यद मौअज्जम , इरशाद हुसैन,अनुराग शर्मा, निर्मल अरोड़ा, अफजल साबरी,जईम चौधरी, शिवराज गुर्जर,रिजवान रईस, जकरिया कुरैशी,दानिश कुरैशी, मुर्सलीन खान, हाजी जुबैर आलम,महफूज राजा, हकीम नाजिम, मोहतशिम, आदि मौजूद रहे।

# ट्रैक्टर ट्राली एवं बाइक की भिड़ंत में बाइक सवार युवक की मौत

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हसनपुर।** थाना रहरा क्षेत्र में बाइक एवं ट्रैक्टर ट्राली की भिड़ंत में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, राहगीरों के द्वारा घायल को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। जहां हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों द्वारा

### मौत के बाद परिवार में मचा कोहराम

उसे रेफर कर दिया गया,जहां रास्ते में ही घायल की मौत हो गई। वहीं युवक की मौत के बाद परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।थाना आदमपुर क्षेत्र के कस्बा निवासी आजाद पुत्र कल्लू 21 वर्ष सैलून की दुकान करके अपने परिवार का



पालन पोषण करता था, रविवार की देर शाम किसी कार्य से वह रहरा आया हुआ था। कार्य कर देर रात बाइक से आदमपुर लौट रहा था, जैसे ही उसकी बाइक रहरा गंवा मार्ग स्थित पेट्रोल पंप के निकट पहुंचा तो सामने से आ रही ट्रैक्टर ट्राली से उसकी भिड़ंत हो गई, भिड़ंत में बाइक सवार युवक आजाद घायल हो गया। घायल को उपचार के लिए राहगीरों की मदद 108 एंबुलेंस के माध्यम से रहरा स्थित सीएचसी में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान युवक की हालत गंभीर देखते हुए उसे नगर के लिए रेफर कर दिया गया, लेकिन नगर लाते समय रास्ते में ही आजाद की मौत हो गई।युवक की मौत का समाचार सुनते ही उसके परिवार में कोहराम मच गया और परिजन नगर की सीएचसी पहुंच गए। बताया जा रहा है मृतक दो भाइयों में बड़ा था। वहीं थाना रहरा पुलिस द्वारा सीएचसी पहुंचकर शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम को भेज दिया गया।

# विश्व हिंदू परिषद ने नगर में चलाया संपर्क अभियान

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हसनपुर।** विश्व हिंदू परिषद द्वारा श्रद्धेय अशोक सिंघल के जन्म शताब्दी वर्ष के अवसर पर संगठन के प्रचार-प्रसार और विस्तार हेतु 'विस्तारक योजना' का शुभारंभ किया गया। योजना के तहत कार्यकर्ता समर्पित भाव से जन-जन तक पहुंचकर संगठन के विचारों, उद्देश्यों और कार्यों से समाज को अवगत करा रहे हैं।

इस अभियान का मुख्य उद्देश्य हिंदू समाज में सामाजिक समरसता, एकजुटता और हिंदुत्व की भावना को मजबूत करने के साथ-साथ अपनी संस्कृति और परंपराओं का संरक्षण करना है। इसी कड़ी में सोमवार को मातृशक्ति संयोजिका कविता सैनी, नगर अध्यक्ष मोहित अग्रवाल और नगर मंत्री अमित एवं नरेंद्र सिंह सैनी एडवोकेट ने नगर में व्यापक संपर्क अभियान चलाया। संपर्क के दौरान नगर अध्यक्ष मोहित अग्रवाल ने बताया कि संगठन द्वारा आगामी 4 अक्टूबर को सैदनगली में एक विशाल 'संत सम्मेलन' आयोजित होने जा रहा है, जिसमें क्षेत्र के



संपर्क अभियान में शामिल लोग

समस्त पूज्य संतों का सानिध्य और मार्गदर्शन प्राप्त होगा। इसी के साथ उन्होंने संगठन में नए कार्यकर्ता जोड़कर विस्तार भी किया इसी कड़ी में राजपूत कॉलोनी खंड में खंड अध्यक्ष फूल सिंह सैनी की घोषणा की गई।

# बाल क्लीनिक पर उपचार के दौरान नवजात की मौत परिजनों का हंगामा

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हसनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने पत्नी को प्रसव पीड़ा होने पर नगर के एक निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया। जहां प्रसव के दौरान प्रसूता ने नवजात बेटी को जन्म दिया। नवजात की हालत बिगड़ी तो परिजनों ने श्री हरि

### पुलिस व स्वास्थ्य विभाग ने बाल क्लीनिक व संचालक पर की कार्यवाही

बाल क्लीनिक पर कराया भर्ती, जहां उपचार के दौरान नवजात की मौत हो गई। नवजात की मौत के दौरान परिजनों ने जमकर हंगामा किया सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस व स्वास्थ्य विभाग की टीम ने कार्रवाई शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के गांव लुहारी भूड निवासी राहुल चौहान के द्वारा पत्नी डोली चौहान को प्रसव पीड़ा होने पर 26 सितंबर को नगर के एक निजी चिकित्सक यहां भर्ती कराया जहां डोली चौहान ने नवजात बेटी को जन्म दिया। जन्म के बाद नवजात की हालत



घटना के बाद अस्पताल का निरीक्षण करते हुए सीएचसी प्रभारी

बिगड़ी तो परिजनों के द्वारा नवजात को तुरंत नगर के रहरा अड्डा स्थित श्री हरि बाल क्लिनिक के यहां भर्ती कर दिया गया।

सोमवार की सुबह परिजनों बाल क्लीनिक पर पहुंच कर बेटी को देखा तो नवजात की मौत हो चुकी थी। परिजनों के द्वारा बाल क्लिनिक संचालक पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई और नवजात के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सूचना पर सीएचसी प्रभारी डॉक्टर ध्रुवेंद्र सिंह भी अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और उन्होंने अस्पताल को सील कर दिया। परिजनों के खिलाफ बाल क्लीनिक संचालक के खिलाफ कोतवाली में तहरीर दी गई है। अपराध निरीक्षक अमरपाल सिंह द्वारा बताया गया कि परिजनों के द्वारा क्लीनिक संचालक के खिलाफ तहरीर दी गई है जांच कार्यवाही की जाएगी। वहीं सीएचसी प्रभारी डॉक्टर ध्रुवेंद्र सिंह ने बताया कि मौके पर पहुंचकर क्लीनिक को सील कर दिया गया है तथा जांच कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# युवक ने वीडियो वायरल का बताया जान को खतरा

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हसनपुर ।** थाना रहरा क्षेत्र के गांव चंदनपुर खादर निवासी शमशेर का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में शमशेर ने आदमपुर क्षेत्र कस्बे के एक चिकित्सक पर और कोतवाली क्षेत्र के एक गांव के ग्राम प्रधान पर जमीन के नाम पर पांच लाख रुपये लेने तथा रकम दोगुनी करके लौटने का भरोसा देने का आरोप लगाया है।पीड़ित शमशेर के मुताबिक, आरोपियों की बातों पर विश्वास करते हुए उसने पांच लाख रुपये दे दिए थे। करीब एक सप्ताह बाद उसे कथित तौर पर जानकारी हुई कि जिन पैसों को जमीन से संबंधित बताया गया था, उनका संबंध नदी की भूमि से है। इसके बाद शमशेर ने आरोपियों से अपनी रकम वापस मांगी।शमशेर का आरोप है कि रकम वापस मांगने का दबाव बढ़ाने पर उसे झूठे मुकदमे में फंसाने तथा हत्या कराने की धमकियां दी जा रही हैं। वीडियो में उसने अपनी जान को खतरा बताते हुए कहा कि उसे आशंका है कि उसके साथ कोई गंभीर वारदात हो सकती है।वायरल वीडियो में शमशेर ने अधिकारियों से हस्तक्षेप की गुहार लगाते हुए कहा कि वह सोमवार को पुलिस अधीक्षक और जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर आत्महत्या करूंगा। उसने भावनात्मक रूप से आत्महत्या करने की चेतावनी भी दी और इसके लिए संबंधित लोगों को जिम्मेदार ठहराने की बात कही।

# प्राइमरी स्कूल का मार्ग जर्जर, भड़के ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हसनपुर।** ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायत शाहपुर कला के गांव शाहपुर खुर्द में मंगलवार सुबह ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। प्राथमिक विद्यालय को जाने वाले जर्जर और बदहाल मार्ग से नाराज ग्रामीणों ने नारेबाजी करते हुए जोरदार प्रदर्शन किया।ग्रामीणों का आरोप है कि स्कूल के रास्ते की हालत



प्रदर्शन करते ग्रामीण

काफी खराब होने के कारण बच्चों और शिक्षकों को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। जलभराव और कीचड़ की वजह से बच्चों की सुरक्षा और पढ़ाई दोनों प्रभावित हो रही हैं। अधिकारियों से कई बार शिकायत करने के बावजूद जब रास्ते का निर्माण नहीं कराया गया, तो ग्रामीणों को प्रदर्शन का रास्ता चुनना पड़ा। इस मौके पर ब्रह्मा मानंद, ओमी, अनिल सिंह, कंचन, सुनील, प्रमोद, नौरंग सिंह, सुरेश, लेखराज सिंह, चंद्रसेन, भूप सिंह, वीर सिंह आदि लोग मुख्य रूप से मौजूद रहे। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही स्कूल मार्ग का निर्माण नहीं कराया गया, तो वे उग्र आंदोलन करेंगे।

# अलीगढ़ मार्ग पर जगह-जगह बने गड्ढों में भरा बरसात का पानी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हसनपुर।** अलीगढ़ मार्ग पर क्षेत्र के गांव रुस्तमपुर से लेकर रहरा तक जगह-जगह गड्ढे बन गए हैं। तीन दिन से लगातार हो रही बरसात से गड्ढों में पानी भर गया है। मार्ग पर आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।बताया जा रहा है कि नगर से लेकर मंगरौला तक एक्सप्रेस वे के नजदीक तक गत दिनों मार्ग का निर्माण करा दिया गया था। लेकिन इससे आगे रहरा तक मार्ग आज भी जर्जर है। जगह-जगह बने गड्ढे हादसों का सबब बन रहे है। गड्ढे की वजह से कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

ग्रामीणों के मुताबिक रुस्तमपुर में भी सड़क पर कई जगह गड्ढे बने हुए है। आसपास के घरों के जल निकासी की व्यवस्था न होने की वजह से गांव का पानी सड़क पर भर रहा है। पिछले तीन दिन से हो रही बरसात से भी गड्ढों में पानी



अलीगढ़ मार्ग पर हो रखे गड्ढे

भर गया है। लगातार पानी भरा रहने व भारी वाहनों की आवाजाही के चलते बड़े गड्ढे बन गए हैं। रात में अचानक गड्ढा दिखाई न देने से बाइक आदि वाहन गिरने से रोज दो-चार लोग चोटिल हो रहे हैं। बताया जा रहा है कि पानी भरा से सड़क के गड्ढे का अंदाजा नहीं हो पाता है, जिससे तेज गति वाहन गिर जाते हैं।

गांव निवासी पप्पू गुर्जर, नेपाल सिंह, राजवीर सिंह, जितेंद्र सिंह, अजय पाल सैनी व जयपाल सिंह का कहना है कि लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को समस्या से अवगत कराया जा चुका है लेकिन, समाधान नहीं हो सका है। ग्रामीणों की मांग है कि पूरे मार्ग की मरम्मत कराई जाई। एसडीएम हिमांशु उपाध्याय ने बताया कि लोनिवि अधिकारियों को समस्या समाधान के लिए कहा गया है, जल्द समाधान हो जाएगा।

**रथ यात्रा** — आचार्य श्री 108 भद्रबाहु सागर जी महाराज एवं पूज्य क्षुल्लक श्री 105 वृषभ सागर जी महाराज का मिला मंगल सान्निध्य

# टीएमयू कैंपस में दिव्य घोष के बीच निकली भव्य और दिव्य श्रीजी की रथ यात्रा

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** पर्वाधिराज दशलक्षण महापर्व-2026 के समापन अवसर पर परम पूज्य आचार्य श्री 108 भद्रबाहु सागर जी महाराज एवं पूज्य क्षुल्लक श्री 105 वृषभ सागर जी महाराज के मंगल सान्निध्य में तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी परिसर में श्रीजी की भव्य रथ यात्रा का आयोजन किया गया। तत्पश्चात रथ के सम्मुख पूजन और शांति यज्ञ हुआ।? गाजे-बाजे सहित श्रीजी को रथ में विराजमान किया गया । सौधर्म इंद्र के रूप में श्रीजी को रथ में विराजमान करने का सौभाग्य सौम्य दोषी को प्राप्त हुआ। साथ ही चार मुख्य इंद्र बनने का सौभाग्य छात्र प्रियांशु, संभव, दर्शिल और प्रणय जैन को मिला' कुमार आदित्य जैन रथ में सारथी के रूप में आसीन हुए, एवं श्री रत्नेश जैन ने कुबेर इंद्र बनकर रत्नों की वृष्टि की 'श्री जी रथ के सम्मुख दिव्या घोष और ऐरावत हाथी की उपस्थिति के बीच विशाल शोभा यात्रा के दौरान विद्यार्थियों ने पूरे मार्ग में सुन्दर भक्तिभाव नृत्य किए। पूरे परिसर में श्रीजी का रध अभूतपूर्व भक्ति नृत्य के साथ भ्रमण कर कुलाधिपति कार्यालय के सम्मुख विराजमान हुआ, कार्यक्रम अभूतपूर्व हो गया, जब कुलाधिपति श्री सुरेश जैन ने ऐरावत हाथी पर विराजमान होकर श्रीजी की मंगल आरती की। फर्स्ट लेडी श्रीमती वीना



श्रीजी रथ यात्रा में शामिल भक्त

जैन, ग्रुप वाइस चेयरमैन श्री मनीष जैन,श्रीमती ऋचा जैन, एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर श्री अक्षत जैन,श्रीमती जाह्नवी जैन एवं नंदिनी जैन सहित विश्वविद्यालय परिवार से फैकल्टी सदस्य और विद्यार्थी भी श्रीजी की मंगल आरती में शामिल रहे। जहां समस्त टीएमयू जिनालय परिवार, मुरादाबाद और आसपास के क्षेत्रों के सधर्मी ने हजारों की संख्या में उपस्थित रहे और श्रीजी की मंगलमय भक्ति की अंततः श्रीजी का रथ रिद्धि सिद्धि भवन में आगमन हुआ। जहां पूज्य मुनि संघ के पावन सान्निध्य में कुलपति प्रो. वीके जैन, अंकित जैन , डॉ. पुनीत जैन और छात्र शिवम जैन ने स्वर्ण कलशों से श्रीजी का अभिषेक कर-के पुण्यार्जन किया ' सौम्य, प्रयास, विनायक और सार्थक जैन को स्वर्ण झारी से शांतिधारा करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ उपस्थित जन समूह को आचार्य श्री मंगल प्रवचनों का लाभ प्राप्त हुआ।

रत्नत्रय माला पहनने का सौभाग्य सुषमा जैन परिवार, मुरादाबाद को प्राप्त हुआ। समस्त पूजन कार्यक्रम पंडित ऋषभ शास्त्री शिखर के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुए` कार्यक्रम में पश्चात सभी साधर्मियों के लिए वात्सल्य भोज का आयोजन किया गया ' यह दस लक्षण पर्व हम सभी के जीवन को धर्म के दस लक्षणों की सुगंधि से सुगंधित करे, इसी भावना के साथ...जय जिनेन्द्र... उत्तम क्षमा हुआ।




## संक्षिप्त समाचार

### भगत सिंह जयंती पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हसनपुर।** नगर में स्थित राम सरन एवं सुशीला आनंद हाई स्कूल में सोमवार को महान क्रांतिकारी शहीद-ए-आजम भगत सिंह की जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय स्टाफ ने उनके चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विद्यालय प्रबंधक सुशील चंद सक्सेना ने कहा कि 28 सितंबर 1907 को जन्मे भगत सिंह ने देश के नौजवानों के दिलों में आजादी का जोश भरा था। वहीं विद्यालय अध्यक्ष पं. रविशंकर शर्मा एडवोकेट ने कहा कि भगत सिंह ने देशवासियों में आजादी की अलख जगाकर गुलामी की जंजीरों को तोड़ने का ऐतिहासिक कार्य किया। मात्र 23 वर्ष की अल्पायु में उन्होंने हंसते-हंसते फांसी के फंदे को चूम लिया था।इस दौरान प्रधानाचार्य निशांत त्यागी, सोमवती कश्यप, अंशु त्यागी, अनुराधा चौधरी, भावना सक्सेना, मंजरी दीक्षित, नीलम, अफसा, स्वाति, अतुल माथुर, सीमा वर्मा, प्रवेन्द्र सिंह व नेपाल सिंह सहित समस्त विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा।



सरदार भगत सिंह को नमन करते हुए स्कूल स्टाफ

### सरदार भगत सिंह की जयंती पर माला अर्पण कर उन्हें किया गया नमन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हसनपुर।** सोमवार को शहीद भगत सिंह की जयंती के अवसर पर नगर पालिका प्रांगण स्थित उनकी प्रतिमा पर नगर पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी के नेतृत्व में माल्यार्पण कर उन्हें याद किया। सभी ने एक-एक कर-के सरदार भगत सिंह की प्रतिमा पर माला अर्पण किया।इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी ने कहा कि भगत सिंह के जीवन से हमें स्वतंत्रता के प्रति अटूट प्रेम, उत्पीड़न के खिलाफ खड़े होने का साहस, क्रांतिकारी विचार, आलोचनात्मक सोच, स्वतंत्रता के लिए संघर्ष करने का जज्बा और युवाओं को प्रेरित करने वाली विचारधारा की शिक्षा मिलती है।शहीद भगत सिंह के विचारों ने क्रांति को वैचारिक और बौद्धिक आधार दिया। इस दौरान व्यापारी नेता मुकेश गुप्ता,सचिन गुप्ता,अधिशासी अधिकारी विजयपाल सिंह, बाबू करन सिंह, कौशल कुमार, दिनेश कुमार, सभासद मुन्ना चौहान,शाहनवाज अंसारी, जावेद जरताप, हम्जा अली, पप्पू वाल्मीकि सहित पालिका का समस्त स्टाफ एवं ठेकेदार मौजूद रहे।

### गंगा एक्सप्रेस वे पर खड़े ट्रक में पीछे से घुसी मुर्गा लदी कैंटर चालक घायल

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हसनपुर।** सैद नगली थाना क्षेत्र के गंगा एक्सप्रेस वे पर खड़े ट्रक में पीछे से घुसी मुर्गा लदी के केटरर गाड़ी चालक घायल यूपीडा एंबुलेंस के द्वारा नगर के सीएचसी में कराया भर्ती जहां उपचार के बाद चालक को घर भेज दिया गया। हरियाणा के जनपद जींद निवासी बबलू पुत्र करतार सिंह रविवार की देर रात शाहजहांपुर के एक मुर्गी फार्म से कैंटर गाड़ी में मुर्गा लादकर दिल्ली जा रहा था। सोमवार की सुबह 4 बजे जैसे ही मुर्गा लदी कैंटर गाड़ी सैदनगली थाना क्षेत्र के तरारा गांव के सामने पहुंची। तो गंगा एक्सप्रेस वे पर खड़े ट्रक में अचानक पीछे से घुस गई जिससे कैंटर चालक घायल हो गया। सूचना पर गंगा एक्सप्रेसवे अप द की एंबुलेंस मौके पर पहुंची और घायल को नगर के सीएचसी में भर्ती कराया। मामूली चोट होने के कारण उपचार के बाद उसे घर भेज दिया गया। जब इस बारे में सैद नंगली थाना प्रभारी संजय प्रताप से बात की तो उन्होंने बताया एक्सीडेंट के मामले में कोई जानकारी नहीं है अगर तहरीर मिलती है तो जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### नहीं रहे डॉ. राकेश रफीक

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बिलारी ।** नगर के वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता, शिक्षाविद, लेखक और विभिन्न जन आंदोलनों में सक्रिय भूमिका निभाने वाले 67 वर्षीय डॉ. राकेश रफीक का बीमारी के चलते दिल्ली में उपचार के दौरान निधन हो गया। उनके निधन की खबर मिलते ही बिलारी सहित मुरादाबाद और



आसपास के क्षेत्रों में शोक की लहर दौड़ गई। शाहबाद रोड स्थित उनके आवास पर विभिन्न वर्गों के लोगों का तांता लगा रहा। लोगों ने अंतिम दर्शन कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके साथ बिताए सामाजिक संघर्षों के दिनों को याद किया। डॉ. राकेश रफीक के निधन पर उनके आवास पर जुटी भीड़ में सबसे अधिक चर्चा उनके चार दशक से अधिक लंबे सामाजिक और जनसरोकारों से जुड़े जीवन की रही। उन्हें ऐसे सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में याद किया गया, वर्ष 2012 में टीम अन्ना से जुड़े। दिल्ली में अन्ना हजारे के आंदोलन का नेतृत्व करने वालों में एक प्रमुख थे। मेधा पाटकर के साथ काम करने और स्वामी रामदेव से निकटता भी उनके सामाजिक आंदोलन की गतिविधियों में शामिल है।

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र गाजियाबाद, दिल्ली, गौतमबुद्धनगर, बुलन्दशहर, अलीगढ़, मेरठ, शामली, मुजफ्फरनगर, हापुड़, अमरोहा, मुरादाबाद, सम्भल, रामपुर, बरेली व लखनऊ आदि जनपदों में प्रसारित

केन्द्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

# बुलन्द संदेश

R.N.I No.UPHIN /2013/57267

आपकी आवाज को करें बुलन्द...




06 हर समय परफेक्ट दिखने का दबाव...



एक्सपो ट्रेड शो में गरजे ... 12

गाजियाबाद, मंगलवार 29 सितंबर 2026 | Email: BulandSandesh@gmail.Com | वर्षः 13 अंकः 204, मूल्यः 2 रुपये, पृष्ठ -12

## न्यूज डायरी

### अवैध प्लॉटिंग पर चला प्राधिकरण का बुलडोजर, 40 करोड़ की जमीन मुक्त

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने सोमवार को भनौता गांव में अवैध प्लॉटिंग के खिलाफ कार्रवाई करते हुए करीब 20 हजार वर्ग मीटर जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराया। प्राधिकरण के मुताबिक जमीन की कीमत करीब 40 करोड़ रुपये है। यहां कॉलोनी बसाने के लिए अवैध प्लॉटिंग



और निर्माण किया जा रहा था। सीईओ एनजी रवि कुमार के निर्देश पर परियोजना विभाग की टीम ने वर्क सर्कल-2 के तहत खसरा संख्या 282 और 283 में बुलडोजर चलाकर अवैध निर्माण ध्वस्त कर दिया। इसके बाद जमीन को प्राधिकरण ने अपने कब्जे में ले लिया। इससे पहले बिसरख के डूब क्षेत्र में भी कार्रवाई कर खसरा संख्या 135 और 153 की करीब 5 हजार वर्ग मीटर जमीन अतिक्रमण मुक्त कराई गई। एसीईओ सुमित यादव ने लोगों से अपील की है कि जमीन खरीदने से पहले प्राधिकरण से उसकी स्थिति की जानकारी जरूर लें और अवैध कॉलोनियों में निवेश से बचें।

### भारतीय शतरंज खिलाड़ियों की सफलता पर प्रधानमंत्री ने दी बधाई

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 46वें फिडे शतरंज ओलंपियाड में भारतीय शतरंज खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन पर उन्हें बधाई दी है। उन्होंने खिलाड़ियों के जुनून और दृढ़ संकल्प की सराहना करते हुए इसे अनुकरणीय बताया। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारतीय शतरंज खिलाड़ियों की सफलता देश के युवाओं के लिए प्रेरणादायक



है। उन्होंने उम्मीद जताई कि इन उपलब्धियों से बड़ी संख्या में युवा शतरंज के प्रति आकर्षित होंगे और इस खेल में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित होंगे। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, हमारे शतरंज खिलाड़ियों को बधाई! उनका जुनून और दृढ़ संकल्प मिसाल कायम करने वाला है। उम्मीद है कि ये सफलताएं और भी कई युवाओं को शतरंज खेलने और बेहतरीन प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करेंगी।

### प्रधानमंत्री ने अशोक सिंघल को श्रद्धांजलि अर्पित की

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को श्री अशोक सिंघल को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके दृढ़ विश्वास, सादगी और सामाजिक एकता के प्रति समर्पण को याद किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि अशोक सिंघल का जीवन और उनके विचार आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा देते रहेंगे। प्रधानमंत्री ने उनके अथक संगठनात्मक कार्यों और आध्यात्मिक आस्था का स्मरण करते हुए उनके जीवन तथा विचारों को समर्पित एक श्रद्धांजलि लेख भी साझा किया। उन्होंने कहा कि



अशोक सिंघल ने अपने जीवन में संगठन के कार्यों के प्रति निष्ठा और सामाजिक एकता के लिए निरंतर समर्पण का परिचय दिया।
प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर साझा किए गए संदेशों की श्रृंखला में लिखा, श्री अशोक सिंघल जी का व्यक्तित्व दृढ़ संकल्प और सादगी का अद्भुत संगम था। संगठन के कार्यों के प्रति उनकी निष्ठा, आध्यात्मिक आस्था और सामाजिक एकता के लिए समर्पण हर किसी को प्रेरित करता रहेगा। प्रधानमंत्री ने उनके जीवन को दृढ़ संकल्प, सादगी, आध्यात्मिक प्रतिबद्धता और सामाजिक एकता के प्रति समर्पण का उदाहरण बताया तथा उनके योगदान को श्रद्धापूर्वक याद किया।

## प्रधानमंत्री ने साझा किया संस्कृत सुभाषित, अच्छे स्वास्थ्य को बताया जीवन के चार लक्ष्यों का आधार

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को एक संस्कृत

> सुभाषित में कहा गया है कि मनुष्य के जीवन के चार प्रमुख लक्ष्यों–धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष–की प्राप्ति के लिए उत्तम स्वास्थ्य सबसे महत्वपूर्ण आधार है

सुभाषित साझा किया, जिसमें अच्छे स्वास्थ्य को जीवन के चार प्रमुख



लक्ष्यों–धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष–की प्राप्ति का महत्वपूर्ण आधार बताया गया है। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर यह सुभाषित साझा करते हुए लिखा– सुखोपविष्टास्ते तत्र पुण्यां चक्रुः कथामिमाम। धर्मार्थकाममोक्षाणामारोग्यं मूलमुत्तमम।।
इसका भावार्थ है कि शांत भाव से बैठे महान ऋषियों ने इस पवित्र कथा का वर्णन किया। सुभाषित में कहा गया है कि मनुष्य के जीवन के चार प्रमुख लक्ष्यों–धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष–की प्राप्ति के लिए उत्तम स्वास्थ्य सबसे महत्वपूर्ण आधार है।
प्रधानमंत्री द्वारा साझा किए गए इस संदेश में स्वस्थ जीवन के महत्व को रेखांकित करते हुए बताया गया है कि शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहना जीवन के विभिन्न उद्देश्यों को सार्थक ढंग से पूरा करने के लिए आवश्यक है।

## उत्तर प्रदेश में 3 दिन भारी बारिश से कई जिलों में बाढ़ जैसे हालात, 56 लोगों की मौत, 46 लोग घायल

**लखनऊ (आरएनएस)।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ समेत राज्य के कई जिलों में शुक्रवार से शुरू हुई लगातार बारिश रविवार देर शाम तक जारी रही। मूसलाधार बारिश और तेज हवाओं के कारण कई इलाकों में बाढ़ जैसे हालात बन गए। बारिश और उससे जुड़ी घटनाओं में राज्य में 56 लोगों की मौत होने की खबर है,

> 1,021 मकान क्षतिग्रस्त, फरुर्खाबाद में सामान्य से 7,385 प्रतिशत अधिक बारिश

जबकि 46 लोग घायल हुए हैं। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, पिछले 60 घंटों में प्रदेश में सामान्य से 775 प्रतिशत अधिक बारिश दर्ज की गई। भारी बारिश के कारण कई जिलों में घरों और फसलों को व्यापक नुकसान पहुंचा है।
रिपोर्ट के मुताबिक, बारिश और तूफान से सीतापुर में सबसे अधिक सात लोगों की मौत हुई है। इसके बाद लखीमपुर खीरी, बहराइच और बलरामपुर में पांच-पांच मौतें दर्ज की गईं। राहत आयुक्त कार्यालय के अनुसार, अयोध्या और गोरखपुर में चार-चार लोगों की जान गई है। लगातार बारिश से प्रदेश में करीब 1,021 मकान क्षतिग्रस्त



हुए हैं। इनमें सबसे अधिक 272 मकान हरदोई में प्रभावित हुए। इसके अलावा सीतापुर में 108, चंदौली में 75, औरैया में 60, गोंडा में 54, हमीरपुर में 51, शाहजहांपुर में 47 और बहराइच में 44 मकान क्षतिग्रस्त हुए हैं। राज्य के 75 में से 56 जिलों में सामान्य से अधिक बारिश दर्ज की गई। फरुर्खाबाद में सामान्य से 7,385 प्रतिशत अधिक वर्षा हुई। कन्नौज में सामान्य से 5,664 प्रतिशत, शाहजहांपुर में 4,408 प्रतिशत, हमीरपुर में 4,240 प्रतिशत और महोबा में 4,100 प्रतिशत अधिक बारिश दर्ज की गई।
लखनऊ, कानपुर, वाराणसी, प्रयागराज, गोरखपुर और बरेली समेत कई जिलों में भी भारी बारिश हुई। इस दौरान 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलीं। लगातार बारिश के कारण अधिकतम तापमान में भी भारी गिरावट आई और यह करीब 21 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। लगातार बारिश के कारण घाघरा और राप्ती नदियों के जलस्तर में भी वृद्धि दर्ज की गई है। केंद्रीय जल आयोग के अनुसार, दोनों नदियों के कई निगरानी केंद्रों पर जलस्तर बढ़ रहा है, जिससे निचले इलाकों में बाढ़ का खतरा बढ़ गया है। बाराबंकी के एल्गिनब्रिज में रविवार सुबह आठ बजे घाघरा नदी का जलस्तर 106.14 मीटर दर्ज किया गया, जो 106.07 मीटर के खतरे के निशान से ऊपर था। वहीं अयोध्या में नदी का जलस्तर 91.73 मीटर के चेतावनी स्तर के मुकाबले 92.39 मीटर दर्ज किया गया। जलस्तर के बढ़कर 92.85 मीटर तक पहुंचने का अनुमान जताया गया था।

## यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में कारोबार का नया रिकॉर्ड, चार दिन में 5,500 करोड़ के समझौते

बुलन्द संदेश ब्यूरो

> 12,500 करोड़ की कारोबारी पूछताछ, 35,387 बी2बी बैठकें, 5.48 लाख से अधिक लोग पहुंचे, अंतिम दिन और बढ़ने की उम्मीद

**ग्रेटर नोएडा।** इंडिया एक्सपो मार्ट में चल रहे यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो-2026 ने चार दिनों में कारोबार के लिहाज से बड़ा आंकड़ा हासिल किया है। 28 सितंबर तक ट्रेड शो में 5,500 करोड़ रुपये के 3,765 व्यापारिक समझौते हुए हैं, जबकि 12,500 करोड़ रुपये की कारोबारी पूछताछ दर्ज की गई। इस दौरान देश-विदेश के खरीदारों और उद्यमियों के बीच 35,387 बी2बी बैठकें हुईं। ट्रेड शो में अब तक 5,48,881 लोगों की आमद दर्ज की गई है।







ट्रेड शो में कारोबार के साथ निवेश, उद्योग, तकनीक और रोजगार से जुड़े मुद्दे भी प्रमुखता से सामने आए। औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने कहा कि सरकार निवेशकों को केवल निवेश के लिए आमंत्रित करने तक सीमित नहीं है, बल्कि उद्योग स्थापित होने तक उन्हें सहयोग और हैंडहोल्डिंग देने पर जोर दिया जा रहा है।
यूपी डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के छह नोड में करीब 40 हजार करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव मिलने और 1,142 हेक्टेयर भूमि आवंटित होने की जानकारी दी गई।

**बीमा से लेकर श्रम संहिताओं तक चर्चा**

वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने ग्रामीण और कमजोर वर्ग तक बीमा की पहुंच बढ़ाने पर जोर दिया। उन्होंने बीमा एजेंटों से पॉलिसी की शर्तों और क्लेम प्रक्रिया की पूरी जानकारी ग्राहकों को देने की अपील की। वहीं श्रम एवं सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर ने चार श्रम संहिताओं को उद्योग और श्रमिकों के हितों के बीच बेहतर समन्वय की दिशा में महत्वपूर्ण बताया।

## 30 एमओयू से बाजार से जुड़ेंगी स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**ग्रेटर नोएडा (साजिद भाटी)।** उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो में सोमवार को स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को बड़े बाजार से जोड़ने की दिशा में करीब 30 एमओयू हुए। उत्तर प्रदेश



राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की ओर से आयोजित बायर-सेलर बैठक में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य की मौजूदगी में महिला समूहों और कंपनियों के बीच समझौते हुए। मौर्य ने अधिकारियों को सभी एमओयू को धरातल पर उतारने और उनकी लगातार निगरानी के निर्देश दिए। मौर्य ने कहा कि अगले सत्र से प्राथमिक

> ट्रेड शो में केशव प्रसाद मौर्य बोले– अगले सत्र से डेढ़ करोड़ बच्चों की ड्रेस बनाने में समूहों को जोड़ने की तैयारी

विद्यालयों के करीब डेढ़ करोड़ बच्चों की ड्रेस तैयार कराने की व्यवस्था में स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को जोड़ने की तैयारी है। इससे महिलाओं को रोजगार और कारोबार का बड़ा अवसर मिलेगा। सरकार का लक्ष्य महिलाओं को लखपति दीदी से आगे करोड़पति दीदी बनाने का है। बैठक में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आई महिलाओं ने कंपनियों के प्रतिनिधियों के सामने अपने उत्पाद रखे। कार्यक्रम में महिलाओं की सफलता की कहानियां भी साझा की गईं। अधिकारियों ने कहा कि ट्रेड शो महिला समूहों के उत्पादों को बड़े और संभावित खरीदारों तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण मंच बन रहा है।

## गीता भ्रम में भरोसा और विपत्ति में धैर्य देती है : राजनाथ

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**नई दिल्ली।** रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि गीता भ्रम में भरोसा और विपत्ति में धैर्य देती है। गीता हमें भीतर से बाहर की यात्रा कराती है। गीता का पाठक अपने मन से संवाद करता दिखता है। गीता आत्मचिंतन का सबसे बढ़िया माध्यम है।
श्री राजनाथ यहां प्रगति मैदान स्थित भारत मंडपम में साक्षी श्री की पुस्तक महामंत्र- गीता को जीने का विज्ञान का विमोचन कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पुस्तक के विचार प्रासंगिक हैं। इसमें जीवन की नकारात्मक शक्तियों से बचने के उपाय लिखे हुए हैं। साक्षी श्री ने इस पुस्तक में 11 मंत्रों का जिक्र किया है। उसमें हमारे जीवन की उलझनों का समाधान दिखाई देता है। खासकर युवाओं के लिए यह पुस्तक बहुत ही उपयोगी और प्रेरणादायक है, क्योंकि युवाओं में ऊर्जा, समर्थ और सपने तीनों हैं। युवा ही भारत का भविष्य हैं। समारोह का आयोजन गाजियाबाद की साइंस डिवाइन फाउंडेशन ने किया था।
रक्षामंत्री ने लेखक की तारीफ करते हुए कहा कि जिसका मन बड़ा होता है, वह आध्यात्मिक होता है। साक्षी श्री इसके प्रमाण हैं। आध्यात्मिक व्यक्ति आनंद से परमानंद की ओर बढ़ता है। स्वधर्म की खोज ही अध्यात्म का मार्ग है। देश में शायद ही कोई हो, जिसने गीता को पढ़ा या सुना नहीं हो। लेकिन साक्षी श्री की







यह पुस्तक गीता को जीवन में उतारने का मंत्र देती है। पुस्तक के लेखक साक्षी श्री ने कहा कि गीता सिर्फ पढ़ने की नहीं, बल्कि जीने का अभ्यास है। माना कि गीता के तथ्य 5 हजार साल पुराने हैं। लेकिन व्यक्ति के जीवन का कुरुक्षेत्र अभी समाप्त नहीं हुआ है। आदमी की रोजमर्रा की समस्याएं ही उसके जीवन का कुरुक्षेत्र बन गई हैं। इससे समाज को बचाने के लिए ही हमने गीता द मूवमेंट अभियान शुरू किया है। हमारी योजना हंसता हुआ मनुष्य देने की है और हम इसे देश के कोने-कोने में फैलाने के लिए कृतसंकल्पित हैं। गीता वह औषधि है जो मनुष्यता का कल्याण करती है। यह पुस्तक उसकी शुरूआत भर है।
समारोह को राज्यसभा सांसद सुधांशु त्रिवेदी, हरियाणा के उद्योग मंत्री विपुल गोयल और जानेमाने इतिहासकार विक्रम संपत ने भी संबोधित किया। पुस्तक का प्रकाशन पेंगुइन रैंडम हाउस इंडिया ने किया है। यह पुस्तक एकसाथ पांच भाषाओं अंग्रेजी, हिंदी, मराठी, कन्नड़ और तलुगु में प्रकाशित की गई है। हिंदी संस्करण मंजुल प्रकाशन ने प्रकाशित किया है।

**अहम फैसले** बोर्ड बैठक में कॉरपस फंड, लॉजिस्टिक्स पार्क और इंटरनेशनल ट्रेड सिटी को लेकर अहम फैसले

## यीडा क्षेत्र में 8 हजार हेक्टेयर में बनेगा इंडस्ट्रियल नोड

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**ग्रेटर नोएडा (साजिद भाटी)।** यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) की 93वीं बोर्ड बैठक सोमवार को हुई। बैठक में औद्योगिक विकास, किसानों, नागरिक सुविधाओं और कचरा प्रबंधन से जुड़े कई अहम फैसले लिए गए। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के दक्षिणी क्षेत्र में करीब 8 हजार हेक्टेयर में इंडस्ट्रियल नोड विकसित करने की दिशा में काम आगे बढ़ाने का फैसला हुआ। इसके अलावा यमुना क्षेत्र में इंटरनेशनल ट्रेड सिटी और मल्टी-मॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क विकसित करने की प्रक्रिया को भी आगे बढ़ाया गया।
प्राधिकरण के मुताबिक, 14 सितंबर 2026 तक वित्तीय वर्ष 2026-27 में कुल 4,222.37 करोड़ रुपये की प्राप्तियां हुईं। इनमें औद्योगिक और मिश्रित भू-उपयोग योजना से 2,420.70 करोड़ रुपये की राजस्व प्राप्ति शामिल है। इसी अवधि में प्राधिकरण का कुल व्यय 5,501.71 करोड़ रुपये रहा। भूमि अधिग्रहण और बैंकों से लिए गए ऋण की अदायगी पर 4,344.34 करोड़ रुपये खर्च किए गए।

**सड़कों और पार्कों के रखरखाव के लिए बनेगा कॉरपस फंड**

यीडा क्षेत्र में विकसित नागरिक सुविधाओं के लंबे समय तक रखरखाव के लिए कॉरपस फंड बनाने का फैसला किया गया है। वन टाइम लीज रेंट और अन्य पात्र गैर-आवर्ती आय को इस फंड में रखा जाएगा। इससे मिलने वाले ब्याज का इस्तेमाल सड़क, जलापूर्ति, सीवर-ड्रेनेज, स्ट्रीट लाइट, पार्क और ग्रीन बेल्ट जैसी सुविधाओं के रखरखाव पर किया जाएगा।



**8 हजार हेक्टेयर में इंडस्ट्रियल नोड**

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के दक्षिणी क्षेत्र में करीब 8,000 हेक्टेयर में इंडस्ट्रियल नोड विकसित करने की योजना पर काम चल रहा है। महायोजना तैयार करने के लिए कंसल्टेंट के चयन की प्रक्रिया की जा रही है। प्राधिकरण के अनुसार इससे औद्योगिक निवेश, रोजगार और लॉजिस्टिक्स ढांचे को बढ़ावा मिलेगा।

**लॉजिस्टिक्स पार्क के लिए ई-नीलामी को मंजूरी**

महायोजना-2041 के तहत मल्टी-मॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क विकसित करने और पात्र निवेशकों को भूखंड ई-नीलामी के माध्यम से उपलब्ध कराने की प्रक्रिया को मंजूरी दी गई है। प्राधिकरण का कहना है कि इससे क्षेत्र में निवेश, रोजगार और आधुनिक आपूर्ति श्रृंखला ढांचे को बढ़ावा मिलेगा।

**यिवू की तर्ज पर बनेगी इंटरनेशनल ट्रेड सिटी**

यीडा क्षेत्र में यिवू इंटरनेशनल ट्रेड सिटी की तर्ज पर इंटरनेशनल ट्रेड सिटी विकसित करने की दिशा में भी काम किया जा रहा है। यहां क्षेत्र के औद्योगिक उत्पादों के प्रदर्शन, बिक्री और निर्यात के लिए बाजार उपलब्ध कराने की योजना है।

**295 औद्योगिक भूखंडों में 181 की लीज डीड**

औद्योगिक निवेश को धरातल पर उतारने के लिए 4,000 वर्गमीटर से अधिक आकार के 295 औद्योगिक भूखंडों में 181 की लीज डीड हो चुकी है। 152 आवंटियों को कब्जा मिल चुका है, जबकि 69 भूखंडों पर निर्माण शुरू हो गया है। इनमें 13 इकाइयों में उत्पादन भी शुरू हो चुका है।
सेक्टर-28 के मेडिकल डिवाइस पार्क में 203 भूखंडों के मुकाबले 123 का आवंटन हुआ है। इनमें 75 को कब्जा मिल चुका है और 28 भूखंडों पर निर्माण शुरू हो गया है। सेक्टर-29 के अपैरल पार्क में 159, एमएसएमई पार्क में 503 और हैंडीक्राफ्ट पार्क में 188 भूखंड आवंटित किए जा चुके हैं।





# भारी बारिश में बर्बाद हो गईं किसानों की फसलें, सर्वे में जुटा प्रशासन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शहर विधायक आकाश सक्सेना ने राजस्व अधिकारियों के साथ गांवों में भ्रमण कर पानी में डूबी फसलों का लिया जायजा**

**रामपुर।** अत्यधिक बारिश के कारण बर्बाद हुई किसानों की फसलों के बाद अब जिला प्रशासन नुकसान के आकलन में जुट गया है। शहर विधायक आकाश सक्सेना ने भी राजस्व अधिकारियों के साथ गांवों का भ्रमण किया और किसानों की पानी में डूबी फसलें देख भावुक हो गए। बोले किसानों की छह माह की मेहनत पर पानी फिर गया। भरोसा जताया कि संकट की इस घड़ी में सरकार किसानों के साथ खड़ी है। उन्होंने राजस्व अधिकारियों को सभी प्रभावित किसानों को उचित मुआवजा दिलाने के भी निर्देश दिए।



ग्रामीणों से वातार्लाप करते विधायक आकाश सक्सेना

26 एवं 27 सिंतबर को रामपुर में जोरदार बारिश हुई। लगातार हुई मूसलाधार बारिश से पूरा रामपुर पानी-पानी हो गया। इस बारिश का सबसे अधिक प्रभाव रामपुर के किसानों पर पड़ा है। खेत पानी से लबालब हैं। धान, उड़द, पशुओं के चारे की फसलें जलमग्न हैं। जिससे किसानों का व्यापक स्तर पर नुकसान हुआ है।

सोमवार को शहर विधायक आकाश सक्सेना ने नायब तहसीलदार विश्वास दीक्षित एवं क्षेत्रीय लेखपाल अनुभव वशिष्ट व अन्य लेखपालों के साथ ग्राम लदौरा व आसपास के गांवों का भ्रमण किया। उन्होंने खेतों पर पहुंचकर किसानों से उनका दर्द जाना। किसानों ने बताया कि बारिश के पानी से उनकी फसलें बर्बाद होने की वजह से उनकी आर्थिक स्थिति बुरी तरह से प्रभावित हो जाएगी। कैसे बेटियों की शाादियां होंगी और कैसे जीविका चलेगी। विधायक ने किसानों का दर्द सुनकर भरोसा दिया कि संकट की इस घड़ी में सरकार पूरी तरह से किसानों के साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि किसानों ने करीब छह माह तक मेहनत कर फसल तैयार की थी, लेकिन कुछ ही घंटों की तेज बारिश ने उनकी मेहनत को बर्बाद कर दिया। उन्होंने कहा कि बारिश से जिन किसानों की फसलें प्रभावित हुई हैं, उनके नुकसान का निष्पक्ष तरीके से सर्वे कराया जाएगा। उन्होंने राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए कि कोई भी प्रभावित किसान सर्वे से छूटने न पाए।

खेत-खेत जाकर नुकसान का आकलन करने और वास्तविक स्थिति को रिपोर्ट में दर्ज करने पर विशेष जोर दिया। उपजिलाधिकारी सदर रत्निका श्रीवास्तव ने बताया कि तहसील सदर क्षेत्र में अब तक 62 गांवों की रिपोर्ट आ चुकी है। शेष गांवों की भी रिपोर्ट शाम तक आ जाएगी, जिसके बाद प्रभावित किसानों को सरकार की मंशा के अनुरूप मुआवजा दिलाया जाएगा।

# विवाहिता का फंदे से लटका मिला शव, हत्या का लगाया आरोप

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रामपुर।** थाना सिविल लाइंस क्षेत्र के अजीतपुर में विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मौत की

**पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम को भिजवाया जिला अस्पताल**

सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस को शव ससुराल में पंखे से लटका मिला। शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। वहीं मायके पक्ष के लोगों ने पति समेत कई ससुरालियों पर दहेज हत्या का आरोप लगाया है। परिजनों के अनुसार विवाहिता सुनीता (21) की शादी 24 नवंबर 2025 को अजीतपुर निवासी जितेंद्र से हुई थी। मायके पक्ष के मुताबिक, शादी के बाद से ही ससुराल वाले दहेज को लेकर उसे परेशान करते थे। सुनीता के तहेरे भाई सैनी ने पति जितेंद्र, जेठ सचिन, जेठानी रजनी और सास सुंदरिया पर मारपीट करने और उसकी हत्या के बाद शव पंखे से लटकाने का आरोप लगाया है। सुनीता के भाई अरविंद ने बताया कि रविवार शाम करीब 7 बजे उसके मोबाइल पर फोन आया। फोन करने वाले ने उसे बहन का शव उतारकर ले जाने के लिए कहा। सूचना मिलने पर उसने परिवार के अन्य लोगों को बताया। इसके बाद परिजन अजीतपुर पहुंचे। अरविंद के मुताबिक, वहां सुनीता का शव पंखे से लटका मिला था। इस मामले में थाना प्रभारी निरीक्षक ओंकार सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच में सामने आने वाले अन्य साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।





जिला अस्पताल स्थित पोस्टमार्टम हाउस के बाहर खड़े परिजन। मृतका का फाइल फोटो।

# आंगन मिलन सेवा में 64 हजार से अधिक बच्चों और 44 हजार महिलाओं ने लिया भाग

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**1700 से अधिक आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों, सहायिकाओं एवं आशाओं का सम्मान, 20 बच्चों को मिला पुरस्कार**

**रामपुर।** सेवा संकल्प अभियान के तहत सोमवार को जनपद के सभी 2700 आंगनबाड़ी केन्द्रों पर तीन दिवसीय आंगन मिलन सेवा उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 64,578 बच्चों और 44,380 महिलाओं ने प्रतिभाग किया।उत्कृष्ट कार्य के लिए 1700 से अधिक आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों, सहायिकाओं एवं आशा कार्यकताओं को सम्मानित किया। जनपद स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन विकास भवन सभागार में किया।

जिसका शुभारम्भ मुख्य अतिथि शहर विधायक आकाश सक्सेना ने किया। राज्य महिला आयोग की सदस्य सुनीता सैनी सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास से जुड़ी योजनाओं तथा पिछले 25 वर्षों में महिला एवं बाल कल्याण के क्षेत्र में हुए बदलावों की जानकारी दी।कार्यक्रम के दौरान हेल्दी बेबी प्रतियोगिता आयोजित की।आरबीएसके टीम द्वारा बच्चों का वजन एवं लंबाई मापकर स्वस्थ बच्चों को चिन्हित किया।मुख्य अतिथि ने प्रतियोगिता के 20 विजेता बच्चों को पौष्टिक आहार, फल, मिठाई एवं खिलौने प्रदान कर पुरस्कृत किया।दो महिलाओं की गोद भराई और दो बच्चों का अन्नप्राशन भी कराया।आंगनबाड़ी केन्द्रों पर बच्चों को पौष्टिक फल, मिठाई तथा अतिरिक्त पोषाहार एवं सामग्री वितरित की गई। विभागीय स्टॉल पर पौष्टिक आहार से तैयार विभिन्न व्यंजनों का प्रदर्शन भी किया।शहर विधायक ने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें प्रोत्साहित किया।जनपद से कुपोषण को समाप्त करने के लिए सामूहिक संकल्प लेने का आह्वान किया। बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों ने महिलाओं और बच्चों के पोषण, स्वास्थ्य एवं विभागीय योजनाओं के संबंध में जानकारी दी।



गोद भराई के दौरान मौजूद गर्भवती

वृद्धजनों को फल और उपहार वितरित

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत समाज कल्याण विभाग द्वारा ताशका मजरा स्थित वृद्धाश्रम में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मा. शहर विधायक ने 101 वृद्धजनों को फल एवं उपहार वितरित किए।शहर विधायक ने वृद्धजनों का कुशलक्षेम जाना।लोगों से वृद्धजनों की सेवा और सम्मान के लिए आगे आने की अपील की।जिलाधिकारी ने सेवा संकल्प अभियान के तहत आयोजित सभी कार्यक्रमों में व्यापक जन भागीदारी सुनिश्चित करने तथा शासन की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचाने के निर्देश दिए।

## संक्षिप्त समाचार

### करंट की चपेट में आने से महिला की मौत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रामपुर।** थाना सिविल लाइन क्षेत्र के अजीत पुर में करंट की चपेट में आने से महिला की दर्दनाक मौत हो गई।जहां परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।अजीतपुर की नई बस्ती में रविवार की सुबह बारिश के बाद घर के आंगन में पानी जमा को निकलते समय अखबार वितरक ताहिर अली की पत्नी सबीना करंट की चपेट में आ गई। इससे महिला की मौत हो गई।

### बिना चिकित्सक के संचालित अल्ट्रासाउंड सेंटर सील

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रामपुर।** पीसीपीएनडीटी अधिनियम के अनुपालन को लेकर स्वास्थ्य विभाग द्वारा की जा रही कार्रवाई के तहत मंगलवार को रामपुर शहर शाहबाद गेट स्थित न्यू दीप हेल्थ केयर एंड अल्ट्रासाउंड सेंटर का औचक निरीक्षण किया( पीसीपीएनडीटी के नोडल अधिकारी डॉ. सत्यप्रकाश के नेतृत्व में की गई जांच के दौरान पंजीकृत सेंटर चिकित्सक डॉ. प्रहलाद राम कालवां की अनुपस्थिति में खुला पाया गया। इस पर कार्रवाई करते हुए अल्ट्रासाउंड मशीन को सील कर सेंटर बंद करा दिया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. दीपा सिंह ने बताया कि इस सेंटर के संबंध में पूर्व में भी शिकायतें प्राप्त हुई थीं। उन्होंने कहा कि नियमों का उल्लंघन करने वाले अल्ट्रासाउंड केंद्रों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई जारी रहेगी।

### ई-रिक्शा की टक्कर से पकौड़ी विक्रेता की मौत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शाहबाद।** लक्खी बाग मोड़ के पास सोमवार को ई-रिक्शा की टक्कर से पकौड़ी विक्रेता राजाराम उम्र लगभग 55 ग्राम भुडासी गंभीर रूप से घायल हो गए उपचार के लिए उन्हें सीएचसी शाहबाद लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद परिजन उन्हें मुरादाबाद ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में उनकी मौत हो गई। शव का पोस्टमार्टम कराया गया। राजाराम लक्खी बाग मोड़ पर पकौड़ी का ठेला लगाते थे।

### प्रशिक्षण से प्राप्त ज्ञान को विद्यालयों में प्रभावी रूप से लागू करे:बीईओ

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रामपुर।** बीआरसी शंकरपुर पर संचालित बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान (एफएलएन) प्रशिक्षण के अंतिम बैच का सोमवार को समापन हुआ। प्रशिक्षण का आयोजन खंड शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार और मोहित कुमार के मार्गदर्शन में किया। प्रशिक्षण में वरुण आर्य, अरुण कुमार, पारितोष कुमार , महेश कुमार एवं अनिल कुमार शर्मा द्वारा शिक्षकों को भाषा एवं गणित शिक्षण, जीआरआर, सहित विभिन्न गतिविधि-आधारित शिक्षण विधियों का प्रशिक्षण प्रदान किया गया।प्रशिक्षण के दौरान शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की तथा कक्षा-कक्ष की अवधारणाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए विभिन्न गतिविधियों का अभ्यास किया। समापन अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी मोहित कुमार ने शिक्षकों से प्रशिक्षण में प्राप्त ज्ञान को विद्यालयों में प्रभावी रूप से लागू कर बच्चों को निपुण बनाने की दिशा में कार्य करने का आह्वान किया गया। अंतिम बैच के सफल समापन के साथ चमरौआ विकासखंड में प्रशिक्षण में 50-50 शिक्षकों के कुल 570 शिक्षकों ने प्रतिभाग करते हुए भाषा एवं गणित विषयों को अधिक प्रभावी और रुचिकर तरीके से पढ़ाने से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों एवं शिक्षण विधियों का अभ्यास किया तथा छः बैच का प्रशिक्षण कार्यक्रम पूर्ण हुआ।



प्रशिक्षण के समापन पर उपस्थित शिक्षक एवं सन्दर्भदाता।

### वृद्ध आश्रम में भागवत कथा में द्रौपदी और उत्तरा के प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रामपुर।** वृद्ध आश्रम में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के दौरान आचार्य पंडित मुमुक्षु कृष्ण दद्दा महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं एवं महाभारत के प्रेरणादायक प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन किया। कथा के दौरान द्रौपदी के उदार एवं धर्मपरायण व्यवहार तथा उत्तरा के गर्भ में पल रहे शिशु की भगवान श्रीकृष्ण द्वारा रक्षा किए जाने के प्रसंग ने उपस्थित श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। कथा वाचक ने बताया कि जब अश्वत्थामा द्वारा छोड़े गए ब्रह्मास्त्र से उत्तरा के गर्भ में पल रहे अभिमन्यु के पुत्र के जीवन पर संकट आया, तब भगवान श्रीकृष्ण ने अपने दिव्य स्वरूप से गर्भस्थ शिशु की रक्षा की। भगवान की भक्तों के प्रति करुणा एवं रक्षा-भावना का यह प्रसंग सुनकर श्रद्धालु भावुक हो उठे। इस अवसर पर कथा की यजमान श्रीमती उषा मेहंदीरत्ता ने विधि-विधान से विद्वान आचार्यों एवं ब्राह्मणों का पूजन किया। गंगा शरण तथा गोसेवा गोपाल सेवा समिति के अध्यक्ष संदेश अग्रवाल सहित समिति के अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य भी उपस्थित रहे।वृद्ध आश्रम के सभी कर्मचारी तथा आश्रम में निवास कर रहे वृद्ध स्त्री-पुरुष बड़ी श्रद्धा और उत्साह के साथ कथा में शामिल हुए। कथा के दौरान भक्तिमय वातावरण में सभी श्रद्धालु भाव-विभोर दिखाई दिए। भगवान श्रीकृष्ण के जयकारों से आश्रम परिसर गूंज उठा।कथा के माध्यम से वृद्ध आश्रम के निवासियों को धर्म, भक्ति, करुणा और भगवान श्रीकृष्ण के प्रति अटूट विश्वास का संदेश प्राप्त हुआ। उपस्थित श्रद्धालुओं ने कथा का श्रवण कर स्वयं को धन्य महसूस किया।



कथा में कथा वाचक का स्वागत करते भक्त

# सेवा संकल्प अभियान के तहत बेसिक शिक्षा विभाग की योजनाओं की दी गई जानकारी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रामपुर।** सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत बेसिक शिक्षा विभाग विकासखंड चमरौआ की ओर से लगाए गए स्टॉल पर विभाग द्वारा बेसिक शिक्षा के अंतर्गत दी जा रही सुविधाओं,

**विकासखंड चमरौआ के सभागार में आयोजित सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत विभिन्न विभागों की ओर से लगाए गए स्टॉल**

उपलब्धियां एवं विद्यालयों में हो रहे नवाचार के विषय में जानकारी उपस्थित अभिभावक एवं अन्य लोगों को दी गई। शिविर के चौथे दिन से लेकर समापन दिवस तक डॉ सुमन अरोड़ा एवं रवि शर्मा उपस्थित रहे।

डॉ सुमन अरोड़ा ने उपस्थित लोगों एवं अभिभावकों को सरकार द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं जैसे डीबीटी, मध्यान्ह भोजन योजना, पढ़ाई छोड़ चुके बच्चों को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए शारदा योजना, कक्षा 1 से 3 तक हर बच्चा निपुण हो इसके लिए निपुण भारत मिशन योजना, निशुल्क पाठ्य पुस्तक, स्मार्ट क्लास आईसीटी लैब, बाल वाटिका, अटल आवासीय योजना, आय आधारित योग्यता परीक्षा के अंतर्गत बच्चों को मिलने वाली छात्रवृत्ति, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय तथा बच्चों का किस आयु में नामांकन होना है एवं खेल सामग्री आदि के विषय में जानकारी दी।सुमन अरोरा ने योजनाओं को अवगत कराते हुए यह भी कहा कि आज का सरकारी विद्यालय का बच्चा प्राइवेट स्कूल के किसी भी बच्चे से कमतर नहीं है एवं सभी लोगों से आवाहन किया कि इन योजनाओं का लाभ उठाते हुए सरकारी विद्यालय में बच्चों को शत प्रतिशत प्रवेश कराएं।





टी एल एम एवं शैक्षिक मॉडल के साथ उपस्थित शिक्षक। बेसिक शिक्षा विभाग की विभिन्न योजनाओं की जानकारी देती शिक्षिका सुमन अरोड़ा

# दसलक्षण पर्व के समापन पर जैन समाज ने निकाली रथयात्रा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मसवासी।** दस लक्षण पर्व के समापन पर जैन समाज की ओर से नगर में भव्य रथयात्रा निकाली गई। रथयात्रा में श्रद्धालु धार्मिक गीतों पर झूमते नजर आए। जगह-जगह रथयात्रा का स्वागत किया गया। इससे नगर का माहौल भक्तिमय बना रहा। दस लक्षण पर्व के दौरान जैन मंदिर में विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना की गई। पर्व के समापन पर मुख्य बाजार स्थित जैन मंदिर से रथयात्रा शुरू हुई। रथ पर भगवान महावीर की प्रतिमा को विराजमान किया गया। रथ पर चार इंद्र सवार रहे, जबकि अजय कुमार जैन भी रथ पर मौजूद रहे। रथ यात्रा में नगाड़े बजते रहे और श्रद्धालुओं ने "पारस प्यारा, मेटो-मेटो जी संकट हमारा" सहित अन्य धार्मिक गीत गाए। महिलाओं ने धार्मिक गीतों पर नृत्य कर भक्ति भाव प्रकट किया। रथयात्रा मुख्य बाजार से रामपुर-काशीपुर मार्ग होते हुए मुरादाबाद चौराहे के नजदीक स्थित जैन समाज के स्थान पर पहुंची।



रथयात्रा में शामिल भक्त

# नवागत खण्ड शिक्षा अधिकारी का किया जोरदार स्वागत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रामपुर।** मुरादाबाद से स्थानांतरित होकर आए खण्ड शिक्षा अधिकारी मोहित कुमार का जनपद के विकास खंड चमरौआ के शिक्षकों द्वारा जोरदार स्वागत किया। नवागत खंड शिक्षा अधिकारी ने अपने संबोधन में समस्त शिक्षकों से आह्वान किया कि उनकी प्राथमिकताओं में शासन द्वारा बेसिक शिक्षा विभाग में संचालित योजनाओं को शत प्रतिशत धरातल पर लाना, विभागीय सूचनाओं को समयबद्धता के साथ पूर्ण करना, विद्यालय की स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया जाना, डी बी टी लाभ से शत प्रतिशत छात्र छात्राओं को लाभान्वित करवाया जाना, यू डाइस, प्रेरणा पोर्टल आदि पर समय से कार्य पूर्ण करना सम्मिलित हैं। प्रत्येक शिक्षक अपने विद्यालय को आदर्श विद्यालय के रूप में स्थापित करने हेतु अपनी शत प्रतिशत क्षमता से प्रमाण स्थापित करें। इस अवसर पर प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष चरन सिंह, अनुसेन्द्र चौहान, शिखा सक्सेना, प्रेमचंद, एआरपी वरुण कुमार, एआरपी पारितोष चौहान, एआरपी अरुण कुमार, गौरव दीप नरेंद्र सैनी,आदि उपस्थित रहे।



नवागत खंड शिक्षा अधिकारी मोहित कुमार का स्वागत करते शिक्षक।

# ब्लॉक सैदनगर में किया गया बैठक का आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रामपुर।** सोमवार को ब्लॉक संसाधन केंद्र, सैदनगर में ब्लॉक स्तरीय मासिक बैठक का आयोजन खण्ड शिक्षा अधिकारी पी एल निरंकारी की अध्यक्षता में किया गया।

बैठक में निपुण भारत मिशन कार्यक्रम की

**महानिदेशक स्कूली शिक्षा के आदेशानुसार प्रत्येक माह करना होता है आयोजन**

समीक्षा व लक्ष्य प्राप्ति, विद्यालय स्वच्छता अभियान को सुदृढ़ करना, 30 सितंबर तक अधिक से अधिक शत प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करना, एवं अन्य विभागीय कार्यों को समयबद्ध पूर्ण करने पर विशेष ध्यान देने के लिए शिक्षकों को दिशा निर्देशित किया गया।बैठक में उपस्थित शिक्षक एआरपी चंचल सिंह, प्रभात कुमार, कपिल देव, राशि सक्सेना, हरीश कुमार, जिला व्यायाम शिक्षिका अनीशा लतीफ]वीर सिंह, राम बहादुर गौतम, रहमत अली, संजय कुमार, शबनम आरा, जय पाल सिंह, बबीता रानी, अनीता रानी, विक्रम सिंह, मधुरिमा सिंह, पूनम कुमारी, नदीम अली, दीपक पुंडीर, भारत सिंह, धन सिंह, लाखन सिंह, नजमा खातून, जबर सिंह, नाजिम अली, राजा राम, रीना कुमारी, ज्योति कश्यप, समना जुबैर, रानी, किरन भारद्वाज, इमरान अली, कुसुम लता, नजमुनिशा, संगीता गौतम, अकरम अली, शकील अहमद, सुनीता यादव, मुमताज जहां आदि उपस्थित रहे। बैठक में सभी को निर्देशित किया गया कि शासन की मंशा के अनुरूप कार्य पूर्ण कर रिपोर्ट समय से प्रस्तुत करे।



बैठक को संबोधित करते खंड शिक्षा अधिकारी पी एल निरंकारी एवं उपस्थित शिक्षक।

**बैठक** — तोपखाना स्थित वाल्मीकि बस्ती में हुई आधस की बैठक

# दीप लव को मिली संदेश यात्रा के लिए अध्यक्ष की जिम्मेदारी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रामपुर।** आदि धर्म समाज आधस की बैठक मोहल्ला तोपखाना वाल्मीकि बस्ती से निकलने वाली पावन वाल्मीकि प्रकट उत्सव पर भव्य वाल्मीकि संदेश यात्रा की सफलता के लिए विचार विमर्श किया। बैठक को संबोधित करते हुए आधस राष्ट्रीय धर्म प्रचारक वीर श्रेष्ठ अमर आदिवासी ने कहा वाल्मीकि संदेश यात्रा को भव्य के साथ साथ हमें अनुशासित ओर मयार्दा पूर्ण बनाए जाने पर ध्यान रखना चाहिए।

संदेश यात्रा निकलते समय किसी राह चलते या किसी व्यक्ति को परेशानी नहीं होनी चाहिए। संदेश यात्रा का उद्देश्य सर्व समाज को वाल्मीकि के संदेश जननी ओर जन्म भूमि स्वर्ग से भी बढ़कर है। बेटी इस श्रृष्टि की अनमोल रचना है इसका हम सबको बेटी का सम्मान करना चाहिए लेकिन हर रोज मीडिया के माध्यम से जानकारी मिलती है कि बच्चियों के कुछ जानवर सोच के लोग दरिंदगी करते हैं जो शर्मनाक है। इस अवसर पर वाल्मीकि संदेश यात्रा को सफल बनाने के लिए कमेटी का गठन किया गया। जिसमें विरोतम दीप लव राष्ट्रीय संचालक भावाधस को अध्यक्ष, वीर विमल द्रविड़ को प्रभारी, वीर अमर नाथ वाल्मीकि को संरक्षण नियुक्त किया गया। साथ ही अरुण कटारिया, जुगेश, विकास नरेश अभिषेक, विकास बाबू, रजत आदि अरिमर्दन, शानू को वेंरटियर की जिम्मेदारी सौंपी गई है। बैठक में आनंद प्रकाश वाल्मीकि, धर्म कुमार नवीन राही, राजेश रत्न राजेंद्र कुमार, विनोद एकलव्य, नीरज चौहान, विक्की, आदि लोग शामिल रहे।



तोपखाना स्थित वाल्मीकि बस्ती में आयोजित बैठक में शामिल पदाधिकारी।

# रैबीज रोग लक्षण प्रकट होने पर लगभग शत-प्रतिशत घातक: सीएमओ

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रामपुर।** डा. दीपा सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी की अध्यक्षता में राष्ट्रीय रैबीज नियंत्रण कार्यक्रम के अतंर्गत समन्वय बैठक का आयोजन किया गया। सीएमओ ने कहा कि सभी निजी एवं सरकारी विद्यालयों में वाद-

**राष्ट्रीय रैबीज दिवस पर हुआ सीएमओ कार्यालय में बैठक का आयोजन**

विवाद प्रतियोगिता, कहानी-कथन और चित्रकला प्रतियोगिता के माध्यम से छात्रों को रैबीज के प्रति जागरूक किया जाए। चूंकि बच्चे अक्सर एनिमल बाइट के मुख्य शिकार होते है इसलिए उन्हें स्कूलों के माध्यम से रैबीज से बचाव के तरीकों की बुनियादी शिक्षा दी जाए। जिला सर्विलांस अधिकारी डॉ.सत्यप्रकाश ने कहा कि कि रैबीज रोग लक्षण प्रकट होने पर लगभग शत-प्रतिशत घातक है, किन्तु समय पर घाव की धुलाई एवं टीकाकरण से इसे पूर्णतया रोका जा सकता है। कहा कि रैबीज की रोकथाम किसी एक विभाग की नहीं बल्कि सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होने सभी विभागों से आग्रह किया कि 28 सितम्बर से आगामी एक सप्ताह तक निर्धारित गतिविधियां- सामूहिक श्वान टीकाकरण, फ्री रैबीज क्लीनिक, जागरूकता कार्यक्रम, स्कूल एवं मीडिया आउटरीच समन्वय के साथ सम्पन्न करायी जाए। डा. ताहिर हाशमी एपिडेमियोलॉजिस्ट, डा. नितेश कुमार पब्लिक हेल्थ स्पेशलिस्ट द्वारा बताया गया कि समस्त श्रेणी की चिकित्सा इकाईयों में रैबीज रोग की रोकथाम, बचाव एवं नियंत्रण के लिए फ्री रैबीज क्लीनिक कैंपयन चलाया जाए। किसी भी जानवर के काटने या खरोचं के घाव को अच्छी तरह साबुन और बहते हुए पानी से कम से कम 15 मिनट तक धोया जाना चाहिए।



सीएमओ ऑफिस में आयोजित कार्यशाला में बोलते सीएमओ, एसीएमओ।

Email Id : Bulandsandesh@gmail.com
दैनिक बुलन्द संदेश
https://bulandsandesh.Com



# पदाधिकारियों को बांटे पद

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रामपुर**। राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) के नगर अध्यक्ष निहाल नासिर ने सोमवार को काजी गली में हुए कार्यक्रम में एनएसयूआई के कार्यकताओं में पद वितरण किए। नगर अध्यक्ष निहाल नासिर ने नगर उपाध्यक्ष तौकीर खां,नगर उपाध्यक्ष सय्यद फैज मियां को बनाया।उमर खां को नगर सचिव बनाया।सभी का फूल पहनाकर स्वागत किया।इस अवसर पर मुख्य अतिथि युवा कांग्रेस महासचिव अजान अली खां ने सभी पद पाने वालों को बधाई देते हुए एनएसयूआई को मजबूत से फैलाने और कांग्रेस के मिशन को बढ़ावा देने की बात कही।



मनोनयन पत्र देते मुख्य अतिथि

# उपचुनावः एक का पर्चा वापस, चुनाव चिन्ह आवंटन आज

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रामपुर**। नगर पालिका परिषद के वार्ड नंबर 13 के उपचुनाव में अब सिर्फ तीन प्रत्याशी मैदान में हैं क्योंकि सोमवार को नामांकन पत्रों की जांच के दौरान एक प्रत्याशी ने पर्चा वापस ले लिया।

### सोमवार को हुई नामांकन पत्रों की जांच, तीन प्रत्याशी मैदान में

लिहाजा अब तीन उम्मीदवारों के पक्ष में 13 अक्टूबर को मतदान होगा। आज यानि मंगलवार को प्रत्याशियों को चुनाव चिन्हों का आवंटन होगा। वार्ड नंबर 13 के सभासद स्व.महफूज रहमान खां के निधन के बाद से सीट रिक्त हो गई हैं। सभासद पद के लिए नवेद उस्मान, जुनैद खां, मुकर्रम खां, महफूज उर रहमान की बेटी अंदलीब रहमान ने नामांकन किया। प्रशासनिक अधिकारियों और चुनावी प्रक्रिया सोमवार को नामांकन पत्रों की जांच हुई। जिसमें नवेद उस्मान ने पर्चा वापस ले लिया। अब चुनावी मैदान सिर्फ तीन प्रत्याशी डटे हुए है। जिसमें जुनैद खां, मुकर्रम खां, महफूज उर रहमान की बेटी अंदलीब रहमान किस्मत अजमा रही हैं। मंगलवार को तहसील सदर में तीनों प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह का आवंटन होगा। जनपद में बनाए गए 8 पोलिंग बूथों पर 13 अक्टूबर को चुनाव होगा। उसके बाद 15 अक्टूबर को मतदान होगा।



नगर पालिका परिषद।

**भाजपा के 10, आप के 5, शेष है निर्दलीय**

नगर पालिका परिषद में 43 वार्ड है। जिसमें भाजपा के 10, आम आदमी पार्टी के 5 और शेष निर्दलीय सभासद है। इन आंकड़ों के हिसाब से भाजपा, आप के अधिक सभासद है। लिहाजा 13 अक्टूबर को होने वाले उपचुनाव में आम आदमी पार्टी ने स्व. महफूज उर रहमान की बेटी अंदलीब रहमान को उतार दिया है। अब देखना यह होगा कि ऊंट किस करवट बैठता है यह तो आने वाली 15 अक्टूबर को मतगणना के बाद तय होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### स्वच्छता कर्मियों को विधायक ने किया सम्मानित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शाहबाद**। नगर पंचायत शाहबाद में सेवा संकल्प अभियान, स्वच्छता ही सेवा के तहत सोमवार को कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में 38-मिलक विधानसभा क्षेत्र की विधायक राजबाला सिंह ने नगर की स्वच्छता व्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले स्वच्छता कर्मियों को सम्मानित किया। विधायक ने स्वच्छता कर्मियों को फूलों की माला पहना कर एवं पटका पहना कर सम्मानित किया और उनके कार्य की सराहना की। विधायक राजबाला सिंह ने कहा कि स्वच्छ और स्वस्थ नगर के निर्माण में स्वच्छता कर्मियों की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। वह नियमित रूप से मेहनत कर नगर को साफ-सुथरा रखने में योगदान दे रहे हैं। उन्होंने लोगों से भी स्वच्छता बनाए रखने और कूड़ा निर्धारित स्थान पर डालने की अपील की। इस दौरान विधायक पति दिलीप लोधी, सुरेश गुप्ता, वरुण बरनवाल सहित नगर पंचायत के कर्मचारी एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

### अपील पर टली सुनवाई

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रामपुर**। सेशन कोर्ट में सोमवार को अमर सिंह परिवार पर अभद्र टिप्पणी करने के मामले में आजम खां को कोर्ट ने बरी कर दिया था। इस मामले में सरकार की ओर से दायर अपील पर सोमवार को सुनवाई नहीं हो सकी। अब इस मामले में 9 अक्टूबर को सुनवाई होगी। वहीं जबकि सेंशन कोर्ट में एनआरसी के मामले में सुनवाई नहीं हो सकी। वहीं सिविल लाइंस के पनवडिया के पास बनाए गए पार्क के मामले पूर्व चेयरमैन अजहर खां की सुनवाई नहीं हुई।

### फारुख हत्याकांड में हुई जिरह,11 फरवरी को जिपं कार्यालय में हुई थी कहासुनी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रामपुर**। शहर के चर्चित फारूख हत्याकांड में सोमवार को जिला जज न्यायालय में जिरह हुई। जोकि दो घंटे से ज्यादा जारी रही। मालूम हो कि 11 फरवरी को जिला पंचायत में फारुख खां एडवोकेट की बाबू असगर अली से कहासुनी हुई थी। कहासुनी इतनी बढ़ गई थी कि मामला हाथापाई तक पहुंच गया था। जिस पर पर जिला पंचायत के बाबू असगर अली ने अपने लाइसेंसी रिवाल्वर से फारुख खां एडवोकेट को गोली मार कर घायल कर दिया। जिनकी अस्पताल में मोत हो गयी थी। पुलिस में मृतक की पत्नी ने मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने 50 गवाहों की सूची न्यायालय में दाखिल की है। न्यायालय में आरोपी असगर अली पर आरोप तय हो गए हैं। आरोपी असगर अली के लाइसेंसी हथियार को निरस्त कर दिया है। सोमवार को जिला जज न्यायालय में जिरह हुई।

### रसूल अल्लाह ने फरमाया कि सलाम को आम करो और खाना खिलाओ

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रामपुर**। अंजुमन फलाह-ए-इंसानियत की ओर से मस्जिद मुस्लिम मुसाफिरखाना में खाना तैयार कराकर साफ-सुथरी पैकिंग के साथ शहर के मुख्तलिफ मकामात पर गरीबों, मोहताजों, जरूरतमंदों, मुसाफिरों और बेवाओं में तकसीम किया गया। अंजुमन के ज़िम्मेदारान व कारकुनान ने मस्जिद मुस्लिम मुसाफिरखाना से खाने के पैकेट लेकर रेलवे स्टेशन के सामने, रेलवे स्टेशन से बस अड्डे, सिविल लाइंस से होते हुए शाहाबाद गेट तक, नीज पहाड़ी गेट और खजान खान के कुआं में मौजूद जरूरतमंद पहुंचकर खाना तकसीम किया। खाना हासिल करने वाले जरूरतमंदों के चेहरों पर खुशी व मसर्रत के आसार नुमायां थे। लोगों ने अंजुमन के इस खिदमत-ए-खल्क के काम को सराहते हुए अंजुमन के ज़िम्मेदारान और तआवुन करने वाले अहल-ए-खैर हजरात के लिए दिल से दुआएं कीं। इस्लामी तालीमात में भूखे को खाना खिलाने और जरूरतमंदों की मदद करने की बड़ी फजीलत बयान हुई है। रसूलुल्लाह ने फरमाया कि यानी सलाम को आम करो और खाना खिलाओ। एक दूसरी हदीस में खाना खिलाने को ईमान की उम्दा सिफात में शुमार किया गया है। चुनाँचे किसी जरूरतमंद के लिए खाने का इंतजाम करना महज एक समाजी खिदमत नहीं बल्कि अल्लाह तआला की रजा और अज्र व सवाब हासिल करने का जरिया भी है। अंजुमन फलाह-ए-इंसानियत के ज़िम्मेदारान ने बताया कि यह सिलसिला आज का शुरू किया हुआ नहीं, बल्कि हसब-ए-साबिक कई बरसों से मुसलसल जारी है और हर हफ़्ता दो मर्तबा जरूरतमंदों में खाना तकसीम किया जाता है। अंजुमन की कोशिश है कि शहर के मुख़्तलिफ इलाको में मौजूद ऐसे अफराद तक खाना पहुँचाया जाए जो वाकई इसके मोहताज हैं।

### भारी बारिश के बाद भूड़ा स्वर्ग आश्रम के ऐतिहासिक किसान मेले में लौटी रौनक

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**सैफनी**। नगर के प्रसिद्ध भूड़ामणि स्वर्ग आश्रम पर प्रशासन की देखरेख में आयोजित 10 दिवसीय ऐतिहासिक किसान मेले का शुभारंभ शनिवार को धूमधाम से हुआ। हालांकि, शुक्रवार की देर शाम से शुरू हुई लगातार और मूसलाधार बारिश ने शुरूआती दो दिनों में मेले के उत्साह पर पानी फेर दिया था। इस बेमौसम बरसात की वजह से खेल-तमाशे, सर्कस, झूला संचालकों, साइकिल स्टैंड के ठेकेदारों और प्रसाद विक्रेताओं को भारी निराशा का सामना करना पड़ा। दुकानदारों के मुताबिक, बारिश के चलते बाबा की समाधि पर बेहद कम संख्या में श्रद्धालु पहुंच पा रहे थे, जिससे हर तरफ मायूसी का माहौल था। लेकिन सोमवार की सुबह मौसम साफ होने और बारिश रुकने से प्रशासन, स्थानीय लोगों और व्यापारियों ने राहत की सांस ली। धूप खिलते ही गुरु सिद्ध बाल महाराज की समाधि पर अचानक श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। दो दिनों से सूने पड़े दुकानदारों के चेहरों पर सोमवार को हल्की भीड़भाड़ और रौनक बढ़ने से खुशहाली लौट आई और व्यापार ने रफ्तार पकड़ी। इसी बीच मेले के मुख्य आकर्षण 'एकता विराट दंगल' का भी सफल आयोजन हुआ, जिसमें कई रोमांचक कुश्तियां देखने को मिलीं।

## पूर्व सांसद को लेखक तुफैल रोहेला ने किताब की भेट

# सच के साथ खड़े रहो, डट कर मुकाबला करोः डॉ.तजीन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रामपुर**। पूर्व सांसद डॉ. तंजीन फात्मा से समाज सेवी और लेखक तुफैल रोहेला ने अपनी लिखी एक पुस्तक जिसका शीर्षक (सेंटर) है जो देश की वर्तमान परिस्थितियों पर आधारित है। आज हमारे देश में जो कुछ घट रहा है उसका ज़िम्मेदार कौन है और इस व्यवस्था को कौन संचालित कर रहा है इसका केंद्र यानी सेंटर कहां है।

दिलचस्प घटनाओं पर आधारित पुस्तक तंजीन फात्मा को भेंट की। तंजीन ने तुफैल रोहेला को जीवन में सफल होने का आशीर्वाद देते हुए कहा सदा सच के साथ खड़े रहो और हालात से डट कर मुकाबला करो।

समाज को सच का आइना दिखाते रहना हालात कितने ही मुश्किल क्यों न हों घबराना नहीं। बल्कि उनका डटकर मुकाबला करना एक सच्चा लेखक वही है जो दिशा हीन हो गए। समाज को नई दिशा दे। अपने लेख से देश की दशा बदलते भटके हुए लोगो को उनकी सही राह दिखाए।

समाज को नफरत से घृणा से जाति धर्म भाषा प्रांत के बंटवारे को रोकने वा साफ स्वच्छ वातावरण करने के लिए प्रतिबद्ध रहे। इस अवसर पर अदीब आजम खां, आसिम खां, तुफैल रोहेला मौजूद रहे।



डॉ.तजीन फात्मा को किताब भेंट करते लेखक, आसिम खां।

# महिलाओं और पुरुषों ने बढ़ चढ़कर किया रक्तदान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रामपुर**। मदद एक आस फाउंडेशन के द्वारा 10 वर्ष निरंतर कार्य क्षेत्र में बढ़ने के शुभ अवसर पर सिविल लाइंस स्थित डॉ. रजत प्रकाश डेंटल क्लिनिक पर एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया।

जिसमें महिलाओं और पुरुषों ने बढ़ चढ़कर रक्तदान किया।इस अवसर पर उत्तर प्रदेश पिछड़ा वर्ग आयोग के उपाध्यक्ष दर्जा राज्यमंत्री सूर्य प्रकाश पाल ने फीता काटकर शुभारंभ किया।इस मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रभात अग्रवाल,डॉ. रजत प्रकाश भी उपस्थित रहे। फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने सभी रक्तदाताओं का हृदय से आभार व्यक्त किया।इस मौके पर जिलाध्यक्ष संचित कपूर, सीमा अग्रवाल, ममता सोनी, अखिल अग्रवाल, नीता सक्सेना, आशीष सक्सेना, अमित सोनी, गोपाल शर्मा, प्रीति सिंह, कमल चावला, बीना अग्रवाल, मनीष अग्रवाल, बसंत कौर,लता अग्रवाल, शिवागी मारवाह निहारिका सोनी आदि मौजूद रहे।



रक्तदान शिविर में मौजूद पदाधिकारी एवं रक्तदान करता युवक

# संवैधानिक संस्थाओं का सम्मान करें राजनीतिक दलःख्याली राम लोधी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रामपुर**। जिला पंचायत में सोमवार को जिला पंचायत अध्यक्ष ख्याली राम लोधी ने पत्रकार वार्ता को संबोधित किया। पत्रकार वार्ता में उन्होंने निर्वाचन प्रक्रिया, चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली तथा विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर विपक्ष द्वारा उठाए जा रहे सवालों पर अपनी बात रखी।

### भ्रम फैलाने के बजाय कमियों पर करें आत्ममंथन

कहा कि कांग्रेस को अपनी राजनीतिक एवं संगठनात्मक कमियों पर आत्ममंथन करना चाहिए। प्रशासनिक एवं संवैधानिक विषयों को राजनीतिक रंग देकर जनता के बीच भ्रम पैदा करने के बजाय तथ्यों के आधार पर बात रखनी चाहिए।चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली और निर्वाचन प्रक्रिया को लेकर लगाए जा रहे आरोपों के संबंध में आयोग द्वारा जारी आधिकारिक स्पष्टीकरण को ध्यान में रखा जाना चाहिए।मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार तथा दोनों चुनाव आयुक्तों की 26 सितंबर को बैठक हुई और इसके बाद चुनाव आयोग की ओर से संयुक्त प्रेस वक्तव्य जारी किया है।24 जून 2025 के मूल आदेश तथा विभिन्न चरणों की समय-सारणी से संबंधित निर्णय आयोग की सहमति से लिए गए हैं। साथ ही, पत्रकार वार्ता में 27 मई 2026 के सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय का भी उल्लेख किया गया।फॉर्म-6 को लेकर उन्होंने कहा कि उपलब्ध आधिकारिक स्पष्टीकरण के अनुसार इसमें कोई बदलाव नहीं किया गया है।प्रत्येक पात्र नागरिक को मताधिकार उपलब्ध कराने के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा विभिन्न स्तरों पर प्रयास किए जा रहे हैं। विशेष अभियान तथा घर-घर जाकर फॉर्म एकत्र करने जैसी व्यवस्थाओं का भी उल्लेख किया गया।लोकतांत्रिक व्यवस्था में चुनाव आयोग सहित सभी संवैधानिक संस्थाओं की गरिमा और निष्पक्षता का सम्मान किया जाना चाहिए तथा राजनीतिक दलों को जनता के बीच तथ्यपरक एवं जिम्मेदार संवाद करना चाहिए।अंत में जिला पंचायत अध्यक्ष ख्याली राम लोधी ने कहा कि लोकतंत्र में जनता का विश्वास बनाए रखने के लिए निर्वाचन प्रक्रिया की पारदर्शिता तथा संवैधानिक संस्थाओं के प्रति सम्मान आवश्यक है।



प्रेस वार्ता करते जिला पंचायत अध्यक्ष

# खुली मिठाइयों पर भी लिखनी होगी यूज बाय डेट, 15 अक्टूबर से अनिवार्य

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रामपुर**। मिठाई विक्रेताओं को अब दुकानों पर बिक्री के लिए प्रदर्शित खुली मिठाइयों पर भी निर्माण तिथि और उपयोग की अंतिम तिथि (यूज बाय डेट) स्पष्ट रूप से प्रदर्शित करनी होगी। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन ने 15 अक्टूबर से यह व्यवस्था अनिवार्य कर दी है।मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी संजीव सिंह ने जिले के सभी मिठाई विक्रेताओं को निर्देश दिए हैं कि बिक्री के लिए प्रदर्शित एवं भंडारित खुली मिठाइयों पर यूज बाय डेट स्पष्ट रूप से अंकित की जाए। उन्होंने बताया कि मिठाइयों की उपयोग अवधि उनकी प्रकृति के अनुसार एक से 30 दिन तक हो सकती है। समय बीतने के साथ मिठाई की गुणवत्ता और ताजगी प्रभावित होती है। विभाग के अनुसार उपभोक्ता हित और खाद्य सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह व्यवस्था लागू की जा रही है। इससे ग्राहक मिठाई खरीदते समय उसके निर्माण और उपयोग की अंतिम तिथि की जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। खाद्य सुरक्षा विभाग ने जिले के सभी मिठाई विक्रेताओं से 15 अक्टूबर से निदेर्शों का पालन सुनिश्चित करने को कहा है। विभाग द्वारा मिठाई प्रतिष्ठानों में निरीक्षण के दौरान व्यवस्था की जांच भी की जाएगी।

# दिल पुरा में घर गिरा, घर स्वामी घायल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**सैदनगर**। दिलपुरा गांव में सोमवार सुबह मजदूर का घर अचानक गिर गया। घर स्वामी दीवार में मामूली रूप से घायल हो गया। परिजनों ने घायल को निजी चिकित्सक यहां भर्ती कराया।

मामला अजीमनगर थाना क्षेत्र के दिलपुरा गांव का है। पिछले तीन दिन से क्षेत्र में लगातार बारिश हो रही थी। सोमवार सुबह गांव निवासी कमल किशोर के घर की छत और दीवार अचानक गिर गई। मकान स्वामी कमल किशोर घर की दीवार के नीचे दब गया।शोर मचाने पर आसपास के तमाम लोग मौके पर आ गए।दीवार के नीचे दबे घर स्वामी को बाहर निकाला।मामूली रूप से घायल हुए घर स्वामी को पास के ही किसी निजी चिकित्सा के यहां भर्ती कराया।पीड़ित परिवार में प्रशासन से घर का सर्वे कराकर मुआवजा की मांग की है।



गिरा मकान दिखाते पीड़ित

# पॉक्सो की पाठशाला में छात्राओं को बताए सुरक्षा और कानूनी अधिकार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रामपुर**। राजकीय खुर्शीद कन्या इंटर कॉलेज में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर आयोजित किया।इसमें छात्राओं को पॉक्सो अधिनियम-2012, बाल अधिकारों और कानूनी सहायता की जानकारी दी। कार्यक्रम में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश-त्वरित न्यायालय, महिला विरुद्ध अपराध कुलदीप सिंह ने कहा कि बच्चे के साथ किसी भी तरह का दुर्व्यवहार या अपराध होने पर डरकर चुप नहीं रहना चाहिए। इसकी सूचना तत्काल संबंधित अधिकारियों को देनी चाहिए। समय पर सूचना मिलने से पीड़ित को कानूनी संरक्षण और सहायता मिल सकती है। उन्होंने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से पीड़ित बच्चों को निःशुल्क विधिक सहायता और अधिवक्ता उपलब्ध कराया जाता है।शिविर में छात्राओं को चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, महिला हेल्पलाइन 181 और नालसा हेल्पलाइन 15100 की जानकारी दी गई। बाल संरक्षण इकाई ने महिलाओं और बच्चों के लिए संचालित विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे में भी बताया। किशोर न्याय अधिनियम के तहत बच्चों को मिलने वाले अधिकारों की जानकारी दी। कार्यक्रम में पॉक्सो अधिनियम-2012 विषय पर कला प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। छात्राओं ने चित्रों के माध्यम से बाल सुरक्षा और जागरूकता का संदेश दिया।

प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल प्रवीन कुमार सिंह, डिप्टी लीगल एड डिफेंस काउंसिल हेमंत कुमार जोशी, विक्रम, बाल संरक्षण अधिकारी सचान, प्रधानाचार्य डॉ. खुर्शीद सहित जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारी और विद्यालय का स्टाफ मौजूद रहा।



कार्यक्रम के दौरान मौजूद छात्राएं एवं मुख्य अतिथि

## बैठक — तुरैहा मछुआ समाज की हुई बैठक

# बेरोजगारी का प्रमुख कारण समाज में बच्चों को शिक्षा नहीं दिलाना:कमल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रामपुर**। बाबा रामस्वरूप तुरैहा की समाधि स्थित संतोषी माता मंदिर पर तुरैहा मछुआ समाज की बैठक हुई। जिसमें जिलाध्यक्ष कमल कुमार तुरैहा ने कहा की उत्तर प्रदेश में मछुआ समुदाय के सैकड़ों युवकों की हत्याकांड को लेकर रोष व्यक्त किया।

संत कबीर नगर में एक निषाद युवक की लाठियां से मारकर हत्या कर दी।विनोद साहनी हत्याकांड,मथुरा में पांच युग को द्वारा जमुना घाट पर पीट-पीटकर चार लोगों को लहूलुहान कर दिया।दो लोगों की मृत्यु हो गई थी।जिससे हर ग्राम में आबादी के अनुसार समाज मजबूती के साथ खड़ा हो सके।हमारे समाज में पिछड़ेपन एवं बेरोजगारी का प्रमुख कारण समाज में बच्चों को शिक्षा नहीं दिलाना, जिसके कारण समाज में किसी भी क्षेत्र में सफलता नहीं मिल पा रही है। ना ही अधिकार मिल पा रहे हैं। इसलिए जो अपने समाज अपने बच्चों को शिक्षा से दूर कर रहे हैं।मछुआ समाज का एक प्रतिनिधि मंडल लखनऊ जाकर मुख्यमंत्री से मुलाकात करेगा।अपनी प्रमुख मांगे रखेगा।जिलाध्यक्ष कमल कुमार तुरैहा ने एक संत राजू दास द्वारा की गई मछुआ समाज पर टिप्पणी का कड़ा विरोध किया उन्होंने कहा कि एक आवश्यक बैठक कर विरोध प्रदर्शन की रूपरेखा तैयार की जाएगी। इस मौके पर राम सिंह तुरैहा, अरविंद राज, राधेश्याम,संतोष कुमार, रवि तुरैहा, बाल किशोर तुरैहा, गोविंद राम, रामकिशोर , जबर सिंह, मुरारी लाल, विक्रम सिंह, प्रदीप कुमार, राजाराम, माधवराम, राजीव कुमार, धर्म सिंह, संजय तुरैहा, किशन लाल, ब्रजकिशोर, आदि लोग मौजूद रहे। अध्यक्षता कमल कुमार तुरैहा ने की।




बैठक को संबोधित करते वक्ता

# शहीद भगत सिंह की जयंती पर रक्तदान टीम धमोरा ने दी श्रद्धांजलि

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**धमोरा**। शहीद-ए-आजम सरदार भगत सिंह की जयंती के अवसर पर रविवार को रक्तदान टीम धमोरा की ओर से श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन टीम के संयोजक विकल श्रीवास्तव के नेतृत्व में किया गया।

कार्यक्रम में शहीद भगत सिंह के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।इस दौरान वक्ताओं ने भगत सिंह के जीवन, उनके विचारों, देश के लिए दिए गए बलिदान और युवाओं के प्रति उनके संदेश पर प्रकाश डाला।संयोजक विकल श्रीवास्तव ने कहा कि शहीद भगत सिंह केवल स्वतंत्रता संग्राम के महान क्रांतिकारी ही नहीं, बल्कि युवाओं के लिए साहस, देशभक्ति और सामाजिक जिम्मेदारी की प्रेरणा हैं। उनके विचार आज भी युवाओं को समाज और राष्ट्रहित में कार्य करने की प्रेरणा देते हैं।राष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी सुनील यादव ने कहा कि आज के युवाओं को भगत सिंह के विचारों से प्रेरणा लेकर समाज हित और राष्ट्रहित में सकारात्मक भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने कहा कि रक्तदान टीम धमोरा लगातार रक्तदान और जनसेवा के माध्यम से जरूरतमंद लोगों की सहायता करने का प्रयास कर रही है।वक्ताओं ने कहा कि शहीदों की जयंती मनाने का उद्देश्य केवल उन्हें याद करना नहीं, बल्कि उनके आदर्शों को अपने जीवन में उतारकर समाजसेवा के कार्यों को आगे बढ़ाना भी है।कार्यक्रम में गुरदीप, गौरव, भूमि, विकास, विष्णु, दीपक, जीतू, राहुल, देव, राज और हर्ष समेत क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, सामाजिक कार्यकर्ता, युवा और रक्तदान टीम धमोरा के सदस्य मौजूद रहे।



कार्यक्रम के दौरान मौजूद पदाधिकारी

Email Id : Bulandsandesh@gmail.com

दैनिक बुलन्द संदेश


## सम्पादकीय

# विश्वसनीयता स्वतः संदिग्ध



अब्दुल सलाम सैफी
संपादक

मुद्दा है कि बजट क्यों नहीं है? दरअसल, शिक्षा एवं स्वास्थ्य क्षेत्र में प्राइवेट सेक्टर के लिए तमाम उदारता दिखाने वाली सरकारें जब ऐसी बात कहती हैं, तो उनकी विश्वसनीयता स्वतः संदिग्ध हो जाती है। मासिक स्टाइपेंड बढ़ाने की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे मेडिकल (एमबीबीएस) इंटर्न्स पर भोपाल में वॉटर कैनन चलाया गया। पांच साल की महंगी पढ़ाई करने और अनियमित घंटों तक काम करने के बाद इन डॉक्टरों को हर महीने फिलहाल 14,337 की वृत्ति मिलती है। इस रकम पर युवा डॉक्टर किस तरह गुजारा चलाते होंगे, इसकी कल्पना की जा सकती है। स्टाइपेंड को 30 हजार रुपये करने की मांग को लेकर भोपाल के गांधी मेडिकल कॉलेज अस्पताल के इंटर्न मुख्यमंत्री आवास की ओर बढ़ रहे थे, तब पानी की बौछार कर उन्हें तितर-बितर कर दिया गया। इस घटना के विरोध में राज्य के कई सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पतालों में ओपीडी सहित अन्य सेवाएं प्रभावित हुईं। उधर हरियाणा में करीब 12,000 अतिथि अध्यापक ढाई महीने से भी अधिक समय से कुरुक्षेत्र स्थित सचिवालय के बाहर मोर्चा लगाए हुए हैं। ये शिक्षक क्रमिक भूख हड़ताल पर हैं। मुख्यमंत्री आवास के घेराव के साथ-साथ विधायकों को ज्ञापन सौंप चुके हैं। यानी जिन शिक्षकों को क्लास में मौजूद रह कर बच्चों का शिक्षण करना चाहिए, वे प्रतिरोध के अलग-अलग माध्यमों से अपने भविष्य की लड़ाई लड़ रहे हैं। इनमें से अनेक शिक्षक 20 साल से ज्यादा समय से अतिथि रूप में ही अपनी सेवाएं दे रहे हैं, जिन्हें नियमित शिक्षकों की तुलना में लगभग एक तिहाई पारिश्रमिक मिलता है। हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट ने नियमित किए जाने की उनकी मांग को जायज माना। लेकिन सरकार इसे टालती चली गई है। ये दोनों आंदोलन देश में स्वास्थ्य एवं शिक्षा क्षेत्र के मौजूदा हाल की मिसाल हैं। वे वो अहम क्षेत्र हैं, जिन्हें किसी समाज के विकास की बुनियाद समझा जाता है। मगर आज हाल यह है कि सरकारों के पास बजट ना होने का तर्क है। इसलिए ऐसे तमाम महत्त्वपूर्ण क्षेत्रों को कामचलाऊ ढंग से चलाने की रस्म-अदायगी सामान्य बात हो गई है। मुद्दा है कि बजट क्यों नहीं है? क्या इसके लिए खुद सरकारी नीतियां जिम्मेदार नहीं हैं? दरअसल, शिक्षा एवं स्वास्थ्य क्षेत्र में प्राइवेट सेक्टर के लिए तमाम उदारता दिखाने वाली सरकारें जब ऐसी बातें कहती हैं, तो उनकी विश्वसनीयता स्वतः संदिग्ध हो जाती है।




# महिला किसान: कृषि की अनसुनी आधारशिलाएँ



डॉ. विजय गर्ग

जब हम खेती-किसानी के बारे में सोचते हैं, तो अक्सर हमारे मन में खेतों में काम करता किसान, कृषि मशीनरी चलाता व्यक्ति, फसलों की देखभाल करता किसान या कटी हुई फसल को ढोता हुआ व्यक्ति दिखाई देता है। लेकिन इस परिचित तस्वीर के पीछे एक और महत्वपूर्ण, पर अक्सर उपेक्षित भूमिका मौजूद है–महिला किसान की।

महिलाएँ हमेशा से कृषि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती रही हैं। वे बीज बोती हैं, पौधों की रोपाई करती हैं, निराई-गुड़ाई करती हैं, फसल काटती हैं, पशुओं की देखभाल करती हैं, खाद्य उत्पाद तैयार करती हैं, बीजों को सुरक्षित रखती हैं और खेत तथा परिवार के प्रबंधन में योगदान देती हैं। इतने बड़े योगदान के बावजूद उनके काम को अक्सर कृषि कार्य के रूप में पहचानने के बजाय केवल किसान की मददद्ध कहा जाता है।

**यह अदृश्य अंतर महत्वपूर्ण है।**

**कृषि के केंद्र में महिलाएँ**

कई ग्रामीण समुदायों में महिलाएँ कृषि उत्पादन के लगभग हर चरण में भाग लेती हैं। उनकी जिम्मेदारियाँ सूर्योदय से पहले शुरू हो सकती हैं और खेत का काम समाप्त होने के बाद भी जारी रहती हैं। वे कृषि कार्य के साथ खाना बनाने, पानी और ईंधन जुटाने, बच्चों और बुजुर्गों की देखभाल तथा घरेलू जिम्मेदारियों को भी निभाती हैं।

इनमें से बहुत-से कार्य शारीरिक रूप से कठिन और आर्थिक रूप से मूल्यवान होते हैं, भले ही घरेलू आय के रिकॉर्ड में उनका अलग से उल्लेख न हो।

महिलाएँ कृषि में केवल सहायक नहीं हैं। वे कृषि श्रमिक, निर्णय लेने वाली, पशुपालक, बीज संरक्षक, खाद्य उत्पादक और तेजी से उभरती उद्यमी भी हैं।

**अदृश्य योगदान**

महिला किसानों के सामने सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक उनके काम की पर्याप्त पहचान का अभाव है।

जब भूमि किसी पुरुष के नाम पर दर्ज होती है, तो उस भूमि पर काम करने वाली महिला को आधिकारिक रूप से किसान के रूप में पहचान नहीं मिल पाती। इसी प्रकार, परिवार में बिना वेतन किया गया महिला श्रम भी आँकड़ों में अदृश्य रह सकता है, जबकि वह कृषि उत्पादन में प्रत्यक्ष योगदान देता है।

पहचान महत्वपूर्ण है, क्योंकि कानूनी और संस्थागत पहचान का संबंध कृषि योजनाओं, ऋण, बीमा, प्रशिक्षण, तकनीक, बाजार और अन्य सहायता तक पहुँच से हो सकता है।

यदि महिलाओं का योगदान अदृश्य रहेगा, तो कृषि को समर्थन देने के लिए बनाई गई नीतियाँ भी कृषि कार्यबल के एक महत्वपूर्ण हिस्से तक पूरी तरह नहीं पहुँच पाएँगी।

**महिलाएँ और पशुपालन**

महिलाएँ परंपरागत रूप से पशुपालन से जुड़ी गतिविधियों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती रही हैं। पशुओं को चारा देना, उनके स्थानों की सफाई करना, चारा एकत्र करना, दूध निकालना और छोटे पशुओं की देखभाल करना अक्सर उनकी दैनिक जिम्मेदारियों का हिस्सा होता है।

पशुधन परिवारों को दूध, अंडे, मांस और अतिरिक्त आय प्रदान कर सकता है। अनेक ग्रामीण परिवारों के लिए यह कठिन कृषि मौसम के दौरान आर्थिक सुरक्षा का एक महत्वपूर्ण साधन भी है।

फिर भी पशुपालन में महिलाओं के ज्ञान और श्रम को हमेशा वह पहचान नहीं मिलती, जिसके वे योग्य हैं।

**बीज, भोजन और पारंपरिक ज्ञान**

महिलाओं ने कृषि ज्ञान के संरक्षण में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

कई समुदायों में महिलाएँ पारंपरिक रूप से बीजों का चयन और संरक्षण करती रही हैं, स्थानीय फसल किस्मों को सुरक्षित रखती हैं, खाद्य पदार्थ तैयार करती हैं और पौधों तथा कृषि पद्धतियों से संबंधित ज्ञान को एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक पहुँचाती हैं। यह पारंपरिक ज्ञान जैव-विविधता और जलवायु अनुकूलन के लिए महत्वपूर्ण हो सकता है। स्थानीय फसल किस्मों में ऐसी विशेषताएँ हो सकती हैं, जो उन्हें विशेष पर्यावरणीय परिस्थितियों में जीवित रहने में सहायता करती हैं।

महिलाओं को इस ज्ञान की संरक्षक के रूप में पहचानना कृषि को केवल उत्पादन नहीं, बल्कि ज्ञान और संस्कृति की एक जीवंत व्यवस्था के रूप में स्वीकार करना है।

**तकनीक और महिलाओं की बदलती भूमिका**

कृषि तेजी से बदल रही है। मशीनीकरण, डिजिटल उपकरण, बेहतर सिंचाई, आधुनिक फसल किस्में, मौसम संबंधी जानकारी और बाजार प्लेटफॉर्म खेती के स्वरूप को बदल रहे हैं। महिला किसानों को भी इन विकासों से लाभ उठाने के समान अवसर मिलने चाहिए।

तकनीक तक पहुँच केवल मशीन या स्मार्टफोन उपलब्ध कराने तक सीमित नहीं है। प्रशिक्षण, किफायती संसाधन, डिजिटल साक्षरता, वित्तीय सुविधा और स्वतंत्र निर्णय लेने की क्षमता भी उतनी ही महत्वपूर्ण हैं। जब महिलाओं को उचित प्रशिक्षण और संसाधन मिलते हैं, तो वे नई तकनीकों को अपना सकती हैं, उत्पादकता बढ़ा सकती हैं और कृषि बाजारों में अधिक प्रभावी ढंग से भाग ले सकती हैं।

**श्रमिक से उद्यमी तक**

ग्रामीण महिलाओं की भूमिका पारंपरिक कृषि कार्यों से आगे भी बढ़ रही है।

महिलाएँ खाद्य प्रसंस्करण, डेयरी व्यवसाय, हस्तशिल्प, बीज उत्पादन, रसोई बागवानी, स्वयं सहायता समूहों और छोटे कृषि व्यवसायों में बढ़-चढ़कर भाग ले रही हैं। ये गतिविधियाँ आय के अतिरिक्त स्रोत पैदा कर सकती हैं और स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूत कर सकती हैं।

कृषि श्रमिक से उद्यमी बनने का यह परिवर्तन महिलाओं को अधिक आर्थिक स्वतंत्रता और परिवार तथा समुदाय के निर्णयों में अधिक प्रभावी भूमिका प्रदान कर सकता है।

**शिक्षा और वित्तीय पहुँच**

शिक्षा महिला किसानों की स्थिति मजबूत करने के सबसे प्रभावी साधनों में से एक है। फसल प्रबंधन, वित्तीय योजना, डिजिटल प्लेटफॉर्म, सरकारी योजनाओं, बाजारों और टिकाऊ कृषि पद्धतियों का ज्ञान निर्णय लेने की क्षमता को बेहतर बना सकता है।

वित्तीय समावेशन भी उतना ही महत्वपूर्ण है। सस्ता और सुलभ ऋण, बीमा, बचत की सुविधाएँ और सुरक्षित भुगतान प्रणालियाँ महिलाओं को कृषि जोखिमों का प्रबंधन करने तथा उत्पादक गतिविधियों में निवेश करने में सहायता कर सकती हैं। लेकिन सुविधा के साथ जागरूकता भी आवश्यक है। कोई योजना उस व्यक्ति को सशक्त नहीं कर सकती जिसे उसके अस्तित्व की जानकारी ही न हो या जो आसानी से उसका लाभ न उठा सके।

**पहचान केवल सम्मान से अधिक है**

महिला किसानों को पहचान देना केवल किसी विशेष दिन उनकी प्रशंसा करने तक सीमित नहीं होना चाहिए। इसका अर्थ है उनके वास्तविक योगदान को नीतियों, अभिलेखों, संस्थाओं और आर्थिक अवसरों के माध्यम से स्वीकार करना।

इसमें यह सुनिश्चित करना भी शामिल हो सकता है कि जहाँ उचित हो, कृषि अभिलेखों में महिलाओं के नाम दर्ज हों, उन्हें भूमि और उत्पादक संसाधनों तक बेहतर पहुँच मिले, महिला-केंद्रित कृषि प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जाए, महिला उत्पादक समूहों को समर्थन दिया जाए और कृषि तकनीक उनके लिए भी सुलभ हो। इसके साथ भाषा और सोच में बदलाव भी आवश्यक है।

## देशप्रेम की लौ जले

देशभक्ति जब सो गई, बढ़ने लगे विकार।
जागो भारतवासियो, फिर जागें संस्कार।।

जो भारत के शत्रु हैं, उनसे कैसा प्यार।
देशप्रेम की लौ जले, घर-घर और हर द्वार।।

राष्ट्रविरोधी बात को, मत देना सम्मान।
सत्य, न्याय और देशहित, बनें सभी की जान।।

देश बचाना धर्म है, देश बढ़ाना कर्म।
भारत माँ की शान में, अर्पित हो हर धर्म।।

झूठे नारे छोड़कर, सच का रखिए साथ।
देशहित की राह में, बढ़ें मिलाकर हाथ।।

जाति-धर्म में मत बँटो, भारत की पहचान।
एक तिरंगे के तले, अपना हिंदुस्तान।।

देशप्रेम केवल नहीं, भाषण और बयान।
कर्मों से दिखता सदा, भारत का सम्मान।।

वीरों के बलिदान को, रखो सदा तुम याद।
उनकी पावन प्रेरणा, करती भारत आबाद।।

देशद्रोह की सोच को, मत देना विस्तार।
भारत की एकता ही, सबसे बड़ा हथियार।।

जब जागे जन-चेतना, मिटे सभी अँधियार।
देशप्रेम से ही सदा, जुड़ा रहे परिवार।।



डॉ. सत्यवान सौरभ

अखबार में अपना लेख कहानी, कविता या किसी विभाग के खिलाफ शिकायत या सुझाव देने के इच्छुक हो तो बेझिझक होकर हमारे पास भेजे हैं जिसे प्रकाशन योग्य होने पर अवश्य प्रकाशित करेंगे। हमें इस ईमेल पर भेज सकते हैं। भेजते समय विषय अवश्य लिखें।
bulandsandesh@ gmail.Com

**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह दी जाती है कि बुलन्द संदेश दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच पड़ताल कर लें, समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

# हर समय परफेक्ट दिखने का दबाव? मिजार्पुर एक्ट्रेस हर्षिता गौर ने बताया कैसे करती हैं डील

मिजार्पुर फेम एक्ट्रेस हर्षिता गौर ने बताया कि वह हर समय परफेक्ट दिखने के लगातार दबाव से कैसे निपटती हैं। हर्षिता ने कहा कि यह पूरी तरह से व्यक्ति पर निर्भर करता है कि वह दबाव लेना चाहता है या अपनी असलियत में सहज रहना चाहता है। उन्होंने आगे कहा कि आज के समय में, दर्शक अलग-अलग तरह के शरीर और स्किन टाइप को स्वीकार करने लगे हैं, बशर्ते वे उस किरदार के अनुकूल हों जिसे वे निभा रहे हैं। हर्षिता ने कहा कि एक एक्टर के तौर पर अगर रोल की मांग हो तो उन्हें अपने लुक के साथ एक्सपेरिमेंट करने में कोई दिक्कत नहीं है। उन्होंने कहा कि यह इंडस्ट्री में होने का एक मजेदार हिस्सा है।



हर्षिता ने बताया, मैं एक्सपेरिमेंट करने के लिए तैयार रहती हूं, खासकर अगर किरदार की मांग हो। यह मजेदार है। हम इसी फील्ड में इसलिए हैं क्योंकि हमें एक्सपेरिमेंट करने का मौका मिलता है। वरना, हम यहां नहीं होते।

हमेशा कैमरे के लिए तैयार रहने के दबाव से निपटने के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा, दबाव तो होता है, लेकिन आप या तो उस दबाव को ले सकते हैं या नहीं। मुझे लगता है कि यह पूरी तरह आप पर निर्भर करता है।

हर्षिता ने कहा, एक दौर वह भी था जब न तो सोशल मीडिया का ऐसा दौर था और न ही लोग अपनी शारीरिक बनावट को लेकर इतने सचेत थे, लेकिन उस समय भी लोगों पर सामाजिक अपेक्षाओं का दबाव कम नहीं था।

उन्होंने आगे कहा कि ऐसे कई शो हैं जिनमें जाने-माने एक्टर मेकअप भी नहीं करते, क्योंकि किरदार की यही मांग होती है। बॉलीवुड एक्ट्रेस करीना कपूर का उदाहरण देते हुए हर्षिता ने कहा, करीना कपूर ने एक फिल्म की थी जिसमें उन्होंने मेकअप नहीं किया था। मुझे लगता है कि जब किरदार की मांग होती है, तो लोग खुद को वैसा ही दिखाने में ज्यादा सहज हो गए हैं जैसे वे असल में हैं।

# जिम्मेदार पर्यटन से समृद्ध होगी प्रकृति संस्कृति और स्थानीय अर्थव्यवस्था

हर वर्ष 27 सितंबर को विश्व पर्यटन दिवस मनाया जाता है। यह दिन केवल घूमने-फिरने और नए स्थानों को देखने की परंपरा तक सीमित नहीं है, बल्कि पर्यटन के व्यापक सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक महत्व को समझने का अवसर देता है। एक स्थान से दूसरे स्थान की यात्रा करते हुए व्यक्ति केवल भौगोलिक दूरी तय नहीं करता, बल्कि वह अलग-अलग समाजों, संस्कृतियों, परंपराओं, भाषाओं और जीवनशैलियों से परिचित होता है। इसी कारण पर्यटन को विभिन्न समाजों के बीच संवाद और आपसी समझ बढ़ाने का प्रभावी माध्यम माना जाता है।

पर्यटन का सीधा संबंध किसी देश की अर्थव्यवस्था से भी जुड़ा है। किसी ऐतिहासिक नगर, धार्मिक स्थल, प्राकृतिक क्षेत्र या सांस्कृतिक केंद्र में आने वाले पर्यटकों से होटल, परिवहन, भोजन, हस्तशिल्प, स्थानीय बाजार और अनेक छोटे व्यवसायों को काम मिलता है। इससे स्थानीय लोगों की आय बढ़ती है और रोजगार के नए अवसर पैदा होते हैं। खासतौर पर ग्रामीण और छोटे शहरों के लिए पर्यटन आर्थिक गतिविधियों का महत्वपूर्ण आधार बन सकता है। किसी क्षेत्र की पहचान यदि पर्यटन मानचित्र पर मजबूत होती है तो वहां सड़क, परिवहन, आवास और अन्य सुविधाओं के विकास को भी गति मिलती है।

भारत जैसे विविधताओं से भरे देश में पर्यटन का महत्व और अधिक बढ़ जाता है। यहां हिमालय से लेकर समुद्र तट तक, रेगिस्तान से लेकर वन क्षेत्रों तक और प्राचीन मंदिरों से लेकर ऐतिहासिक दुर्गों तक अनेक प्रकार के पर्यटन स्थल हैं। देश की सांस्कृतिक विविधता भी अपने आप में एक बड़ा आकर्षण है। राजस्थान की लोक संस्कृति, गुजरात की परंपराएं, दक्षिण भारत के मंदिर, उत्तर भारत की ऐतिहासिक धरोहर और पूर्वोत्तर की प्राकृतिक सुंदरता देश की विविध पहचान को सामने लाती है। पर्यटन इन सभी विशेषताओं को देश और दुनिया के सामने पहुंचाने का माध्यम बनता है।

विश्व पर्यटन दिवस का एक महत्वपूर्ण पक्ष सांस्कृतिक विरासत का संरक्षण भी है। जब लोग किसी ऐतिहासिक स्मारक, प्राचीन नगर, धार्मिक स्थल या पारंपरिक कला को देखने पहुंचते हैं तो



कांतिलाल मांडोत

उस विरासत के महत्व को व्यापक पहचान मिलती है। इससे स्थानीय समाज में भी अपनी विरासत के प्रति गर्व और संरक्षण की भावना मजबूत हो सकती है। लेकिन पर्यटन का लाभ तभी स्थायी माना जाएगा जब ऐतिहासिक धरोहरों, प्राकृतिक संसाधनों और स्थानीय संस्कृति पर अनावश्यक दबाव न पड़े।

इसी कारण आज जिम्मेदार और सतत पर्यटन की आवश्यकता पहले से अधिक महसूस की जा रही है। पर्यटन स्थलों पर बढ़ती भीड़, कचरा, जल संसाधनों पर दबाव, प्राकृतिक क्षेत्रों को होने वाला नुकसान और ऐतिहासिक स्थलों की सुरक्षा जैसी चुनौतियां यह बताती हैं कि यात्रा के साथ जिम्मेदारी भी जरूरी है। पर्यटकों को स्थानीय नियमों का पालन करना, स्वच्छता बनाए रखना, प्राकृतिक संसाधनों का सम्मान करना और स्थानीय संस्कृति तथा परंपराओं के प्रति संवेदनशील रहना चाहिए। पर्यटन उद्योग को भी ऐसे विकास मॉडल अपनाने की जरूरत है जिसमें आर्थिक लाभ के साथ पर्यावरण और स्थानीय समुदायों के हित सुरक्षित रहें।

तकनीक ने पर्यटन की दुनिया को भी तेजी से बदला है। आज यात्रा की योजना बनाने, स्थानों की जानकारी प्राप्त करने, रास्ते खोजने और विभिन्न सेवाओं का उपयोग करने में डिजिटल साधनों की भूमिका बढ़ गई है। आने वाले समय में कृत्रिम बुद्धिमत्ता और आधुनिक तकनीक पर्यटन के अनुभव को और अधिक सुविधाजनक बना सकती है। इससे यात्रियों को उनकी जरूरत के अनुसार जानकारी उपलब्ध कराने के साथ पर्यटन स्थलों के प्रबंधन और संसाधनों के बेहतर उपयोग में भी मदद मिल सकती है। पर्यटन का एक मानवीय पक्ष भी है। जब व्यक्ति दूसरे प्रदेश या देश में जाता है तो उसे वहां के लोगों के जीवन को करीब से देखने और समझने का अवसर मिलता है। अलग-अलग संस्कृतियों के बीच संपर्क पूर्वाग्रहों को कम करने और परस्पर सम्मान बढ़ाने में सहायक हो सकता है। इसी कारण पर्यटन को केवल आर्थिक गतिविधि नहीं, बल्कि लोगों को जोड़ने वाली प्रक्रिया के रूप में भी देखा जाता है। विश्व पर्यटन दिवस हमें यह सोचने का अवसर देता है कि हम यात्रा को किस दृष्टि से देखते हैं। यदि पर्यटन केवल उपभोग और मनोरंजन तक सीमित रहे तो उसका प्रभाव सीमित हो सकता है, लेकिन यदि यात्रा के साथ स्थानीय समाज, संस्कृति और प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी जुड़ जाए तो इसका लाभ लंबे समय तक कायम रह सकता है। पर्यटक स्थानीय उत्पाद खरीदकर, स्थानीय व्यवसायों को बढ़ावा देकर और प्राकृतिक तथा सांस्कृतिक स्थलों की गरिमा बनाए रखकर इस बदलाव में अपनी भूमिका निभा सकते हैं।

आज पर्यटन की सफलता का पैमाना केवल पर्यटकों की संख्या नहीं होना चाहिए। यह भी देखना जरूरी है कि पर्यटन से स्थानीय लोगों के जीवन में कितना सकारात्मक बदलाव आया, प्राकृतिक संसाधन कितने सुरक्षित रहे और आने वाली पीढ़ियों के लिए विरासत कितनी बची। विकास और संरक्षण के बीच संतुलन ही पर्यटन को वास्तविक अर्थों में उपयोगी बना सकता है। विश्व पर्यटन दिवस इसी व्यापक सोच को आगे बढ़ाने का अवसर है। यात्रा मनुष्य के अनुभवों को समृद्ध करती है, लेकिन जिम्मेदारी के साथ की गई यात्रा समाज, अर्थव्यवस्था, संस्कृति और पर्यावरण के लिए भी लाभकारी बन सकती है। इसलिए पर्यटन को केवल सैर-सपाटे की गतिविधि न मानकर संवाद, रोजगार, विरासत संरक्षण और सतत विकास के माध्यम के रूप में देखने की जरूरत है। यही दृष्टिकोण भविष्य के पर्यटन को अधिक संवेदनशील, समावेशी और टिकाऊ बना सकता है।

## मंगलवार का राशिफल

**मेष** – विवाह तय हुआ है तो जीवन साथी से फोन पर बातचीत करेंगे, एफएम, चैनल या समारोह में प्रस्तुति दे सकते हैं। भाग्य प्रतिशत-62

**वृषभ** – घर मकान छोड़कर जाना पड़ सकता हैं, विज्ञान क्षेत्र में प्रगति करेंगे, किसी मामले में घमंड ना दिखाए, परिवार का कर्जा उतार सकेंगे, लोगों से मदद भी मिल जाएगी। भाग्य प्रतिशत-62

**मिथुन** – ठेकेदारी का कार्य मिल सकता है, फैशन टेक्नोलोजी, संगीत, डेंटिस्ट क्षेत्र में विद्या ले सकते हैं, नाना, दादा की सेहत खराब हो सकती हैं। भाग्य प्रतिशत-64

**कर्क** – उच्च वर्ग के लोगों से मुलाकात बढ़ेगी, सहयोग लेने में मुश्किल होगी खुद ही आगे बढ़ेंगे, मकान, कमर्शियल प्रोपर्टी में इन्वेस्टमेंट से बचे। भाग्य प्रतिशत-54

**सिंह** – सिर्फ अपनी बात ना मनवाना चाहे,सरकारी क्षेत्र में प्रगति करेंगे,कोलोनाईजर है तो काम में परेशानी खड़ी होगी, हृदय रोग का ध्यान रखें। भाग्य प्रतिशत-51

**कन्या** – रौब रुतबा बढ़ेगा, औषधि पर खर्चा बढ़ेगा, जीवन साथी से पिछली बातें करेंगे, कोई कार्य होने में अटकल आएगी। भाग्य प्रतिशत-57

**तुला** – शरीर,मन में पीड़ा क्रोध बढ़ेगा,ऑफिस में कुछ लोग शोषण करने का प्रयास कर सकते हैं, किसी कंपटीशन को लेकर ज्यादा उत्साहित रहेंगे। भाग्य प्रतिशत-51

**वृश्चिक** – विदेश यात्रा का अवसर मिलेगा, मनोरंजन अच्छे कपड़े के लिए खर्चा करेंगे, बौद्धिक कार्य द्वारा आय होगी, कंस्ट्रक्शन कार्य सोच समझकर कराये।भाग्य प्रतिशत-58

**धनु** – अपनी इच्छा खुशी के लिए कुछ भी करेंगे, कोई दिल दुखा सकता है, घर में माता की सेहत कोई व्यवसाय होता है तो परेशानी होगी।

**मकर** – भावुकता पर नियंत्रण रखें, सेहत का ध्यान रखें, थोड़ा संघर्ष बढ़ेगा, नई चीजे सीखना, कमाने के लिए नए तरीके अपना सकते हैं।

**कुंभ** – संतान सुख की राह आसान होगी, उच्च शिक्षा की मदद से जॉब लग सकती हैं, कार्यक्षेत्र में चिडने वाले लोग बढ़ेंगे, सुन्दर जगह घूमना, लोगों का साथ चाहेंगे। भाग्य प्रतिशत-56

**मीन** – जल्दबाजी के निर्णय से बचे, जल्दी गुस्सा सम्भव हैं, शिक्षा होगी लेकिन उसका लाभ नहीं मिलेगा, आय करने में मुश्किल पेश आएगी, चिकित्सा, विकील, सिविल सेवक के लिए अच्छा समय हैं। भाग्य प्रतिशत- 63



अशनिका शर्मा ज्योतिष।

हस्तरेखा। अंकशास्त्र। वास्तु विशेषज्ञ। मो:9568962423

Email Id : Bulandsandesh@gmail.com

दैनिक बुलन्द संदेश

# गुन्नौर तहसील में लगातार तेज हवा के साथ हो रही वर्षा से हुए फसल के नुकसान का मुआवजा मिले!

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**गुन्नौर/सम्भल** । गुन्नौर तहसील क्षेत्र में लगातार हुई वर्षा एवं तेज हवा चलने से किसानों की फसल वरबाद हो गई है गुन्नौर तहसील में ही नहीं पूरे प्रदेश में बनी लोगों के लिए आफत धान, बाजरा की फसल हुई तहस - नहस गन्ने की फसल को भी नुकसान हुआ है गन्ना की फसल भी गिर गई।अन्नदाता की मेहनत पर फिरा पानी। किसानों ने प्रदेश सरकार से मांग करी है कि अधिकारी फसल के हुए नुकसान का आकलन करें और किसानों की फसल का हुए नुकसान का किसानों को मुआवजा दें। ब्लॉक जुनावई, ब्लॉक गुन्नौर, ब्लॉक रजपुरा क्षेत्र तथा नगर पंचायत बबराला, नगर पंचायत गुन्नौर एवं नगर पंचायत गवॉ क्षेत्र के किसानों की फसल का हुआ नुकसान का भी सर्वे कराकर किसानों को मुआवजा मिले।

# धमकी के बाद श्री कल्कि धाम पहुंचे साधु-संत,आचार्य प्रमोद कृष्णम की सुरक्षा की मांग

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**असमोली/संभल।** श्री कल्कि पीठाधीश्वर श्रीमद् जगद्गुरु आचार्य प्रमोद कृष्णम को कथित तौर पर धमकी मिलने के बाद सोमवार को श्री कल्कि धाम में साधु-संतों का पहुंचना हुआ। श्रीमद् जगद्गुरु स्वामी चक्रपाणि नंद गिरि, हिंदू रक्षा सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष महामंडलेश्वर स्वामी प्रबोधानंद गिरि महाराज सहित कई संत श्री कल्कि धाम पहुंचे और श्री कल्कि पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम से भेंट कर मामले को लेकर चर्चा की। संतों ने आचार्य प्रमोद कृष्णम और श्री कल्कि धाम की सुरक्षा व्यवस्था मजबूत किए जाने की मांग की।भेंट के बाद पत्रकारों से वार्ता करते हुए जगद्गुरु स्वामी चक्रपाणि नंद गिरि ने कहा कि कुलवीर सिद्धू नामक व्यक्ति द्वारा दी गई कथित धमकी को उन्होंने गंभीर मामला बताया। उन्होंने कहा कि यह केवल धमकी नहीं, बल्कि उनके अनुसार सनातन और संत समाज के प्रति चुनौती है। उन्होंने कहा कि आचार्य प्रमोद कृष्णम सनातन के ध्वजवाहक हैं और श्री कल्कि धाम जैसे महत्वपूर्ण धार्मिक स्थल का निर्माण करा रहे हैं।उन्होंने कहा कि श्री कल्कि पीठाधीश्वर को मिली धमकी को संत समाज स्वीकार नहीं करेगा। उन्होंने केंद्र और प्रदेश सरकार से संतों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के साथ ही श्री कल्कि पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम तथा श्री कल्कि धाम की सुरक्षा के लिए समुचित प्रबंध किए जाने की मांग की।वहीं हिंदू रक्षा सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष महामंडलेश्वर स्वामी प्रबोधानंद गिरि ने कहा कि आचार्य प्रमोद कृष्णम की सुरक्षा को लेकर संत समाज चिंतित है। उन्होंने कहा कि श्री कल्कि धाम का निर्माण देश और सनातन विरोधी ताकतों को खटक रहा है, जिसके चलते उनके अनुसार आचार्य प्रमोद कृष्णम के खिलाफ विभिन्न माध्यमों से गतिविधियां की जा रही हैं। उन्होंने सरकार से श्री कल्कि धाम और श्री कल्कि पीठाधीश्वर की सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता करने का आग्रह किया। स्वामी प्रबोधानंद गिरि ने कहा कि वह व्यक्तिगत रूप से भी सरकार के उचित स्तर पर इस विषय को उठाएंगे।

**संत समाज ने कहा- श्री कल्कि पीठाधीश्वर को मिली धमकी गंभीर मामला, सरकार सुरक्षा सुनिश्चित करे**



**जीवन-मृत्यु ईश्वर के हाथ में**

श्री कल्कि पीठाधीश्वर श्रीमद् जगद्गुरु आचार्य प्रमोद कृष्णम ने संतों के श्री कल्कि धाम पहुंचकर समर्थन जताने पर उनका आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सभी संत उनके प्रति चिंतित हैं, इसके लिए वह सभी का आभार व्यक्त करते हैं। उन्होंने कहा कि जीवन और मृत्यु ईश्वर के हाथ में है। उनके जीवन का एकमात्र उद्देश्य श्री कल्कि धाम का निर्माण है और उनकी कामना है कि श्री कल्कि धाम का निर्माण पूरा होने तक वह जीवित रहें।

संतों के इस दौरे के दौरान श्री कल्कि धाम की सुरक्षा और आचार्य प्रमोद कृष्णम की सुरक्षा को लेकर भी चर्चा हुई। संतों ने सरकार से मामले को गंभीरता से लेते हुए आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था किए जाने की मांग की।

# अपनी मांगों को लेकर संविदा एएन एम ने, सीएमओ कार्यालय पर किया धरना-प्रदर्शन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बहजोई** । संविदा एएनएम ने अपनी मांगों को लेकर शासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। जनपद संभल की सभी संविदा एएनएम ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी के माध्यम से शासन को ज्ञापन भेजकर समान कार्य के लिए समान वेतन, नियमितीकरण और कैशलेस चिकित्सा सुविधा समेत कई मांगें उठाई हैं।

**मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम, सीएमओ को सौंपा ज्ञापन**

एएनएम का कहना है कि वे लंबे समय से स्वास्थ्य विभाग में अपनी सेवाएं दे रही हैं, लेकिन उनकी मांगों पर अभी तक ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। संविदा एएनएम ने चेतावनी दी है कि अगर शासन ने उनकी मांगों पर जल्द निर्णय नहीं लिया, तो प्रदेशभर की एएनएम के साथ लखनऊ में बड़ा धरना-प्रदर्शन किया जाएगा।



अब देखना होगा कि संविदा एएनएम की इन मांगों पर शासन की ओर से क्या कदम उठाया जाता है , धरना-प्रदर्शन में जमकर लगाए नारे पमानेंट और वेतनमान बढ़ाने को लेकर जमकर किया विरोध प्रदर्शन। धरना-प्रदर्शन में शामिल रही ,किरन ,रुबी गौतम, सीमा, सुनीता, विपिन कुमारी, रीमा, पूनम लता,जूली सागर, प्रति, पूजा यादव आदि मौजूद रहीं।

# जंगल में मिला पेड़ से लटका अज्ञात युवक का शव, पुलिस जांच में जुटी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बहजोई/वनिया।** ठेर थाना क्षेत्र के गांव कादलपुर कुकैटा के जंगलों में पेड से लटका एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला, प्रथमदृष्टया से वह सुसाइड लग रहा है,

**पांच गांव के प्रधानों सहित भारी संख्या में पहुंचे लोग,नही हुई शिनाख्त**

मृतक के शरीर पर चोट जैसे कोई निशान नही पाये गये पूरी बाडी बेदाग थी। मामला कादलपुर कुकैटा व नगलिया बल्लू गांव के जगल का है जहां सोमपाल के खेत के चारों ओर लगे पेड़ों में से एक बकाद के पेड पर रस्सी से लटका हुआ शव जब लोगों ने देखा तो तत्काल पुलिस को सूचना दी दी मौके पर थाना प्रभारी बोबिन्द्र शर्मा मय फोर्स व चौकी प्रभारी घटना स्थल पर पहुंचे और लोगों से शिनाख्त की अपील की परन्तु वहां मौजूद पांच गांव के प्रधान व सैकड़ों की तादाद में लोगों द्वारा शिनाख्त नहीं हो पाई, मृतक व्यक्ति के पास से कोई दस्तावेज नहीं मिला उसकी जेब से मात्र 460रुपये प्राप्त हुए मृतक लाल रंग की चैक बाली सर्ट व लाल रंग की पैन्ट और काले रंग के जूते व सर से अंगोछा बांधे हुआ था उसके सर पर बाल भी नही थे उसकी उम्र लगभग 28बर्ष के करीब लग रही थी।





पुलिस ने शव को कब्जे में कर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और लोगों से अपील की अगर किसी को इसके बारे में जानकारी मिले तब तुरंत पुलिस को अवगत कराये।

फिलहाल पुलिस मामले की तफ्तीश में जुटी हुई है।

# भारी वर्षा से प्रभावित धान की फसलों का, जिलाधिकारी ने किया स्थलीय निरीक्षण

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बहजोई** । सोमवार 28 सितम्बर को विगत तीन दिनों से हुई भारी वर्षा के कारण प्रभावित फसलों को देखते हुए जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल ने विकासखंड बनियाखेड़ा के ग्राम पतरौआ में किसानों की प्रभावित धान की फसलों का स्थलीय निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने मौके पर फसलों की स्थिति का जायजा लेते हुए किसानों से फसल को हुए नुकसान के संबंध में जानकारी प्राप्त की।

**प्रभावित किसानों का गांव वार सर्वे कराने व कोई किसान छुटने ने पाये के जिलाधिकारी ने दिये निर्देश**



जिलाधिकारी ने उप निदेशक कृषि को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रभावित किसानों का शीघ्र गांववार सर्वे कराया जाए। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि सर्वे के दौरान कोई भी प्रभावित किसान छूटने न पाए तथा सभी प्रभावित किसानों की फसलों का सर्वे सुनिश्चित किया जाए।

जिलाधिकारी ने चंदौसी क्षेत्र में भारी वर्षा से अधिक प्रभावित गांवों के संबंध में भी जानकारी प्राप्त की तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने गांव में अन्य किसानों की फसलों को हुए नुकसान के संबंध में लेखपाल से गाटावार जानकारी भी ली।

इस अवसर पर उप जिलाधिकारी चंदौसी आशुतोष तिवारी सहित संबंधित अधिकारी, लेखपाल एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सम्भल में बारिश के कहर से किसानों का बुरा हाल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**सम्भल** । लगातार 72 घंटों से हो रही मूसलाधार बारिश ने किसानों की कमर तोड़ दी है। तहसील संभल के थाना हजरत नगर गढ़ी क्षेत्र के सिरसी इलाके में किसानों का बुरा हाल है। खेतों में पानी भरने से खड़ी फसलें बर्बाद हो गई किसानों का कहना है कि पूरा साल बेकार हो गया इससे पहले आलू की फसल का भी सही दाम नहीं मिल पाया था, और अब बारिश ने रही-सही उम्मीद भी खत्म कर दी सिरसी का किसान आज सर पकड़ कर रोने को मजबूर है



किसानों का आरोप है कि जब भी कोई फसल तैयार होती है तो उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ता है, कभी भाव नहीं मिलता तो कभी कुदरत की मार झेलनी पड़ती है। सभी किसानों ने योगी सरकार से बर्बाद फसलों के मुआवजे की मांग की है।

## संक्षिप्त समाचार

# केमिस्ट एसोसिएशन के पदाधिकारियों का हुआ स्वागत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

सम्भल। सोमवार को केमिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, महामंत्री, मंत्री और कोषाध्यक्ष का नगर की तिरंगा मार्केट में माल्यार्पण करके स्वागत किया गया। अध्यक्ष राहिल भारतीय ने कहा कि 54 वर्ष पुरानी केमिस्ट एसोसिएशन को सर्वमान्य बनाकर विभागीय अधिकारियों, चिकित्सकों, फार्मासिस्टों और केमिस्टों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करेंगे। केमिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष राहिल भारतीय, उपाध्यक्ष मोहम्मद नसीम, कोषाध्यक्ष आदित्य शर्मा, महामंत्री मोहम्मद शाहनवाज आलम, मंत्री अभिजीत पॉल को तिरंगा मार्केट में माल्यार्पण करके स्वागत अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष मोहम्मद नसीम ने कहा कि केमिस्ट एसोसिएशन प्रतिष्ठित संस्था है। इसके माध्यम से केमिस्ट बंधुओं के समक्ष आने वाली सभी परेशानियों को दूर करके ड्रग विभाग के अधिकारियों और प्रशासन का पूर्ण सहयोग किया जाएगा। अध्यक्ष राहिल भारतीय ने कहा कि केमिस्ट एसोसिएशन पिछले 54 वर्षों से केमिस्टों की सेवा में कार्यरत है। अब नेतृत्व मिलने पर मैं अपने सभी सदस्यों को आश्वस्त करता हूं कि ड्रग विभाग के अधिकारियों,प्रशासनिक अधिकारियों, चिकित्सकों, फार्मासिस्टों और केमिस्टों के मध्य बेहतर समन्वय व तालमेल स्थापित करते हुए समाज और राष्ट्र की उत्तम सेवा की जाएगी। केमिस्ट एसोसिएशन के उपाध्यक्ष मोहम्मद नसीम ने कहा कि 25 सितंबर को फार्मासिस्ट दिवस के अवसर पर आयोजित फार्मासिस्ट अभिनंदन कार्यक्रम में केमिस्ट एसोसिएशन ने 36 फार्मासिस्टों को सम्मानित कर-के अपनी गतिविधियां तेज कर दी है। ऐसी ही तेज गति से निरंतर केमिस्ट बंधुओं के मध्य कार्य करते रहेंगे। तिरंगा मार्केट में शर्मा मेडिकोज पर आयोजित कार्यक्रम में रवि प्रजापति, जीतपाल, रोहित कुमार,विनय यादव, रजनीश कुमार, दुर्गेश सैनी, सुबोध कुमार,सतवीर सिंह, हाजी हबीब,आबिद हुसैन आदि ने केमिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष उपाध्यक्ष कोषाध्यक्ष महामंत्री मंत्री के रूप में राहिल भारतीय, मोहम्मद नसीम, आदित्य शर्मा, मोहम्मद शाहनवाज आलम, अभिजीत पॉल को *माल्यार्पण* करके स्वागत अभिनंदन किया। इस अवसर पर केमिस्ट एसोसिएशन के अजय कुमार शर्मा ने कहा कि राहिल भारतीय के नेतृत्व में केमिस्ट एसोसिएशन उत्तम कार्य करते हुए केमिस्ट बन्धुओं की हर परेशानी में 24 घंटे अपनी भूमिका का निर्वहन करेगी। कार्यक्रम का संचालन दुर्वेश सैनी ने किया।



# डीएवी बबराला में स्काउट-गाइड शिविर में 101 विद्यार्थियों ने लिया भाग

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बबराला/सम्भल।** बबराला स्थित डीएवी फर्टिलाइजर पब्लिक स्कूल, बबराला में 25 से 27 सितंबर तक प्रवेशिका एवं द्वितीय सोपान स्काउट-गाइड शिविर आयोजित किया गया। तीन दिवसीय शिविर में कुल 101 स्काउट एवं गाइड ने प्रतिभाग किया। इनमें प्रवेशिका के 63 तथा द्वितीय सोपान के 38 प्रतिभागी शामिल रहे।शिविर में विद्यार्थियों को अनुशासन,सेवा-भाव,नेतृत्व, सहयोग एवं आत्म निर्भरता से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया गया।विद्यालय के प्रधानाचार्य आनंद स्वरूप सारस्वत ने कहा कि स्काउट -गाइड शिविर विद्यार्थियों में अनुशासन,नेतृत्व क्षमता और सेवा भावना विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने प्रतिभागियों को शिविर में सीखे गुणों को अपने जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया।शिविर के सफल आयोजन पर विद्यालय परिवार ने सभी प्रतिभागियों एवं संबंधित शिक्षकों को शुभकामनाएं दीं।



# न्यायालय में चल रहे खर्च के मुकदमे को लेकर महिला का रास्ता रोककर मारपीट का आरोप

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रजपुरा।** न्यायालय में चल रहे खर्च के मुकदमे को लेकर डोहरी निवासी वीरवती ने अपने पति समेत पांच लोगों पर रास्ता रोककर मारपीट, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। महिला ने पति पर वाहन से कुचलने की कोशिश करने का भी आरोप लगाया है। घटना हरिबाबा धाम के पास की बताई गई है। पीड़िता ने रजपुरा थाने पहुंचकर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

वीरवती ने तहरीर में बताया कि उसकी शादी करीब 18 वर्ष पहले जयतौरा सागरपुर निवासी रामकेश से हुई थी। उसके चार बच्चे हैं। आरोप है कि करीब आठ वर्ष पहले पति दूसरी महिला को अपने साथ ले गया और बाद में उससे शादी कर ली। इसके बाद से वह बच्चों के साथ मायके डोहरी में रह रही है। पति से खर्च को लेकर न्यायालय में मुकदमा चल रहा है।वीरवती के अनुसार 25 सितंबर को वह हरिबाबा धाम गई थी। दोपहर करीब 1:30 बजे लौटते समय धाम के पास रामकेश ने वाहन से उसका रास्ता रोक लिया और टक्कर मारने का प्रयास किया।

**पति समेत पांच लोगों पर गाली-गलौज,वाहन से कुचलने की कोशिश का आरोप**

इसके बाद वाहन में सवार रामनिवास, बलराम, तिलक सिंह और सुरेंद्र ने गाली-गलौज करते हुए उसके साथ मारपीट की।

तहरीर के अनुसार आरोपितों ने धमकी देते हुए कहा कि मुकदमा वापस ले, नहीं तो जान से मार देंगे।महिला के अनुसार उसकी बेटी ने शोर मचाया, तब आसपास के लोग मौके पर पहुंचने लगे।

लोगों को आता देख आरोपित वाहन लेकर वहां से चले गए। घटना के बाद पीड़िता ने थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी और आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।थाना प्रभारी संदीप चौधरी ने बताया कि तहरीर मिली है। मामले की जांच की जा रही है। जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# बरसात के बीच निकली भव्य कलश यात्रा, भक्ति गीतों और जयकारों से गूंजा असमोली

बुलन्द संदेश

**असमोली।** थाना क्षेत्र के गांव असमोली स्थित शिव मंदिर परिसर में श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन शुरू होने जा रहा है। कथा के शुभारंभ से पहले सोमवार को श्रद्धालुओं ने विधि-विधान के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली। बरसात के बीच निकली कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाओं और पुरुषों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। श्रद्धालु सिर पर कलश धारण कर भक्ति गीतों और जयकारों के साथ यात्रा में आगे बढ़ते रहे। कलश यात्रा का शुभारंभ असमोली स्थित शिव मंदिर से हुआ। यात्रा धर्मशाला वाले अड्डे से होते हुए संभल-जौया मार्ग पर पहुंची। इसके बाद देवता मंदिर से होते हुए गांव के मुख्य मार्ग से निकली और असमोली थाने की ओर से होकर वापस शिव मंदिर परिसर पहुंचकर संपन्न हुई। पूरे यात्रा मार्ग में श्रद्धालु भक्ति गीत गाते और जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। बरसात के बावजूद श्रद्धालुओं का उत्साह कम नहीं हुआ।कलश यात्रा के दौरान जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। इससे पूरे क्षेत्र का वातावरण भक्तिमय हो गया।



**झूमे दर्शक** ऋषभ राय द्वितीय और बलवीर तृतीय रहे, प्रतिभागियों की प्रस्तुतियों पर झूमे दर्शक

# सुरों से सजा भूपाल रंगमंच, शोएब ने जीता सुर क्षेत्र सीजन-10

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चन्दौसी।** मेला गणेश चौथ-2026 के 66वें महोत्सव के तहत श्री गणेश मेला परिषद के तत्वावधान में डी एंटरटेनमेंट ग्रुप की ओर से मेला ग्राउंड स्थित भूपाल रंगमंच पर सुर क्षेत्र सीजन-10 गायन प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने अपनी शानदार गायन प्रस्तुतियों से दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं।

प्रतियोगिता का उद्घाटन पूर्व केंद्रीय मंत्री मंजू दिलेर और टीटेश काका ने फीता काटकर किया। विभिन्न प्रतिभागियों ने अपनी गायन प्रतिभा का प्रदर्शन किया। शोएब ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि ऋषभ राय द्वितीय और बलवीर तृतीय स्थान पर रहे। विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया।






सुर क्षेत्र सीजन-10 का आयोजन टीम वैभव और टीम चंदू के माध्यम से किया गया। कार्यक्रम का संचालन मोहित शर्मा और सर्वेश चीनी ने संयुक्त रूप से किया। आयोजन को सफल बनाने में वैभव गोयल, मोहित शर्मा, विशाल, चंदू, विशाखा, महिमा और शिवम का विशेष योगदान रहा।कार्यक्रम के दौरान भूपाल रंगमंच पर दर्शकों की मौजूदगी रही। प्रतिभागियों की प्रस्तुतियों पर दर्शकों ने तालियां बजाकर उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर श्री गणेश मेला परिषद के मुख्य सचिव हरिगोपाल वार्ष्णेय समेत परिषद के पदाधिकारी और अन्य लोग मौजूद रहे।

# शहीद भगत सिंह की जयंती पर प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**शिकारपुर ।** महान क्रांतिकारी एवं राष्ट्रपुत्र शहीद-ए-आजम भगत सिंह की जयंती के अवसर पर सोमवार को शिकारपुर स्थित 'राष्ट्रपुत्र शहीद भगत सिंह चौक' पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान भगत सिंह यूनियन के पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने शहीद भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया।

श्रद्धांजलि कार्यक्रम के दौरान संगठन के सदस्यों ने अमर शहीद के संघर्षमय जीवन, अद्भुत साहस, विचारों और अटूट देशभक्ति को याद करते हुए उनके बताए आदर्शों पर चलने का सामूहिक संकल्प लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि शहीद भगत सिंह का त्याग, विचार और राष्ट्रप्रेम आज भी देश के युवाओं को राष्ट्रहित, सामाजिक परिवर्तन और अधिकारों की रक्षा के लिए निरंतर प्रेरित करता है।

माल्यार्पण के पश्चात परिसर शहीद भगत सिंह अमर रहें और भगत सिंह यूनियन जिंदाबाद के गगनभेदी नारों से गुंजायमान हो उठा।

इस मौके पर मुख्यालय प्रभारी नीरज फौजदार, रिजवान सैफी, शुभम चौधरी, प्रशांत पूनिया, गौरव, अभिषेक राजौरा, मोनू शर्मा, मंगल शर्मा, सुनील ठाकुर, विपिन ठाकुर, मयंक कश्यप, आमिर कुरैशी, कुशल मीणा और मोंटी वाल्मीकि सहित संगठन के तमाम पदाधिकारी व कार्यकर्ता प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# विकास नहीं तो वोट नहीं! सहार के ग्रामीणों का तहसील पर हल्लाबोल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर।** शिकारपुर तहसील क्षेत्र के गांव सहार में विकास कार्यों की अनदेखी से नाराज ग्रामीणों ने सोमवार को शिकारपुर तहसील परिसर में धरना-प्रदर्शन कर अपनी नाराजगी जताई। बड़ी संख्या में तहसील पहुंचे ग्रामीणों ने प्रशासन के खिलाफ आवाज बुलंद करते हुए ह्लविकास नहीं तो वोट नहींह्व के नारे लगाए। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव में लंबे समय से जरूरी मूलभूत सुविधाओं और विकास कार्यों का अभाव बना हुआ है। ग्रामीणों ने कहा कि सड़क, नाली, सफाई सहित विभिन्न समस्याओं को लेकर कई बार संबंधित अधिकारियों से शिकायत की जा चुकी है, लेकिन अपेक्षित समाधान नहीं हुआ। लगातार समस्याएं बने रहने से ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। सोमवार को ग्रामीण एकजुट होकर तहसील परिसर पहुंचे और धरना देकर अपनी मांगें प्रशासन के सामने रखीं। धरना-प्रदर्शन के बाद ग्रामीणों ने एसडीएम शिकारपुर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से गांव में आवश्यक विकास कार्य कराए जाने और लंबे समय से चली आ रही समस्याओं का समाधान कराने की मांग की गई। ग्रामीणों ने कहा कि यदि जल्द समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो आगामी चुनाव में ह्लविकास नहीं तो वोट नहींह्व के नारे के साथ अपना विरोध दर्ज कराया जाएगा। प्रदर्शन के दौरान तहसील परिसर में काफी देर तक गहमागहमी का माहौल बना रहा।



# पॉक्सो जागरूकता महाभियान में न्यायिक अधिकारियों ने विद्यार्थियों को किया जागरूक

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**प्रार्थना सभाओं में कानून की बारीकियां समझाईं, सोशल मीडिया के दुरुपयोग और बाल विवाह से बचने की दी नसीहत**

**बुलंदशहर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देश तथा जनपद न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष संजय सिंह के मार्गदर्शन में जनपद में 25 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक चल रहे पॉक्सो अधिनियम विशेष जागरूकता महाभियान के तहत सोमवार को पांच विद्यालयों में विशेष विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। न्यायिक अधिकारियों ने सुबह की प्रार्थना सभाओं में पहुंचकर विद्यार्थियों से सीधा संवाद किया और उन्हें बाल अधिकारों, लैंगिक अपराधों से सुरक्षा तथा कानून के प्रावधानों की जानकारी दी।

दिल्ली पब्लिक स्कूल में अपर जिला जज मौ. नसीम, सिविल जज अखिल कुमार और सिविल जज चारू मेंहदीरत्ता ने विद्यार्थियों को पॉक्सो अधिनियम की जानकारी दी। विद्यालय में डिजिटल प्रस्तुतीकरण और एनीमेशन के माध्यम से गुड टच-बैड टच, बाल अधिकार, सहमति की कानूनी स्थिति तथा साइबर माध्यम से होने वाले अपराधों के बारे में समझाया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पूर्णकालिक सचिव विकास चौधरी ने भी विद्यार्थियों को सोशल मीडिया के सुरक्षित इस्तेमाल और उत्पीड़न की स्थिति में तत्काल आवाज उठाने के लिए प्रेरित किया।







**पांच विद्यालयों में चला जागरूकता अभियान**

मुस्लिम इंटर कॉलेज में अपर जिला जज सत्येन्द्र प्रकाश पांडे, अपर सिविल जज मोनिका कालरा तथा सचिव विकास चौधरी ने विद्यार्थियों को पॉक्सो कानून की गंभीरता समझाई। विद्यार्थियों को बताया गया कि कानून की जानकारी रखना बेहद जरूरी है और किसी भी असहज या अनुचित परिस्थिति को छिपाने के बजाय तत्काल अभिभावक अथवा शिक्षक को इसकी जानकारी देनी चाहिए। इस दौरान जागरूकता सामग्री भी वितरित की गई।

शिव चरण इंटर कॉलेज में अपर जिला जज आजाद सिंह, सचिव विकास चौधरी एवं अपर सिविल जज अराधना सिंह ने पॉक्सो अधिनियम के साथ बाल विवाह प्रतिषेध कानून और बहला-फुसलाकर ले जाने जैसे मामलों में कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी। विद्यार्थियों को अनजान लोगों से इंटरनेट पर संपर्क करने, निजी जानकारी एवं तस्वीरें साझा करने से होने वाले खतरों के प्रति सचेत किया गया।

के.एस.एस. इंटर कॉलेज में अपर जिला जज मनोज कुमार साशन, अपर सिविल जज अर्जुन तथा सिविल जज करिश्मा सहदेव ने विद्यार्थियों को पॉक्सो अधिनियम के तहत मिलने वाली कानूनी सुरक्षा की जानकारी दी। अधिकारियों ने इंटरनेट और सामाजिक माध्यमों पर होने वाले साइबर शोषण तथा अनचाहे संपर्कों से सावधान रहने की अपील की।

एफ.बी.एम. कन्या इंटर कॉलेज में अपर जिला जज संजय कुमार यादव, अपर सिविल जज देवेन्द्र कुमार एवं सिविल जज रोहिणी उपाध्याय ने छात्राओं को लैंगिक अपराधों से सुरक्षा, गुड टच-बैड टच और अपने कानूनी अधिकारों के बारे में जानकारी दी। अधिकारियों ने छात्राओं से किसी भी अनुचित व्यवहार या उत्पीड़न की स्थिति में चुप न रहने और तत्काल विश्वसनीय व्यक्ति को जानकारी देने का आह्वान किया।

# विकसित भारत का स्वर्णिम भविष्य हैं आज के बच्चे: राम दिवाकर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**जेपी शिक्षा सदन के बच्चों ने चित्रकला प्रतियोगिता में उकेरे प्रतिभा के रंग**

**खुर्जा।** आज के बच्चे ही कल के विकसित भारत का स्वर्णिम भविष्य हैं। यह विचार नगर के विख्यात समाजसेवी और भाजपा के वरिष्ठ नेता राम दिवाकर ने किला रोड स्थित नगर के जेपी शिक्षा सदन जूनियर हाई स्कूल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिन के उपलक्ष्य में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आयोजित रंगोली और चित्रकला प्रतियोगिता के प्रतिभागी बच्चों को पुरस्कार वितरित करनें के दौरान व्यक्त किए। विख्यात समाजसेवी और भाजपा के वरिष्ठ नेता राम दिवाकर ने कहा कि विकसित भारत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का सपना है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को पूरा करने के लिए आज के बच्चे कल डॉक्टर, इंजीनियर, वैज्ञानिक, शिक्षक, अधिवक्ता, आईएएस, आईपीएस, सफल उद्यमी और श्रेष्ठ नागरिक बनकर भारत के भविष्य को सवारेंगे। नगर के राष्ट्रवादी चिंतक और भाजपा के नगर अध्यक्ष सचिन शर्मा ने बच्चों को पुरस्कार वितरित कर उन्हें प्रेरित करते हुए कहा कि बालमन राष्ट्र के विकास का कुशल चितेरा होता है और बालमन में ही विकास की नई नई कोपिलें फूटती हैं। वरिष्ठ भाजपा नेता ने कहा कि आज हम सभी देशवासी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का 76 वां जन्म दिन पूरे देश की गली-गली, गांव-गांव और नगर-नगर में सेवा संकल्प अभियान चलाकर धूमधाम से मना रहे हैं। उन्होंने लोगों का आहवान किया कि वह विकसित भारत के संकल्प की प्राप्ति में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदान कर राष्ट्र विकास में अपनी भागीदारी सुनिश्चत करें। इससे पूर्व विद्यालय के बच्चों ने चित्रकला प्रतियोगिता में पयार्वारण, विकसित भारत, चन्द्रयान, स्वच्छ भारत आदि विषयों पर सुंदर और आकर्षक पोस्टर बनाए और समाज को प्रेरित करने वाली रंगोली भी बनाईं।



अंत में चित्रकला और रंगोली प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को भाजपा के नगर अध्यक्ष सचिन शर्मा, भाजपा के वरिष्ठ नेता राम दिवाकर, सोशल मीडिया प्रभारी प्रदीप जादौन, राम बाबू शर्मा, गौरव चैधरी, श्याम दिवाकर, राकेश वशिष्ठ, विद्यालय के प्रबंधक, प्रधानाचार्या और टीचिंग स्टॉफ ने पुरस्कृत कर उनका उत्साह वर्धन किया।

# अतिक्रमण पर पालिका का लाल निशान, कार्रवाई की तैयारी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**जहांगीराबाद।** अतिक्रमण पर पालिका का लाल निशान, कार्रवाई की तैयारी, त्योहारों से पहले मुख्य मार्गों को अतिक्रमणमुक्त कराने की कवायद तेज, व्यापारियों को दिए गए 15 दिन की समय-सीमा पूरी। पालिका ईओ ओम गिरी के निर्देश पर आगामी त्यौहारों को देखते हुए नगर पालिका प्रशासन ने शहर के मुख्य मार्गों और बाजारों में अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई की तैयारी तेज कर दी है, गुरुवार को पालिका की टीम ने प्रमुख मार्गों पर अतिक्रमण की सीमा निर्धारित करते हुए लाल निशान लगाए। बताया गया कि विगत दिनों नगर पालिका अधिकारियों और व्यापारियों के बीच हुई बैठक में नगर के प्रमुख मार्गों पर बढ़ते अतिक्रमण को लेकर चर्चा हुई थी, व्यापारियों की ओर से अतिक्रमण स्वयं हटाने के लिए पालिका से 15 दिन का समय मांगा गया था, निर्धारित समय बीतने के बाद पालिका प्रशासन ने अब अतिक्रमण की स्थिति को चिह्नित करते हुए लाल निशान लगाने शुरू कर दिए हैं। पालिका अधिकारियों के अनुसार लाल निशान के दायरे में आने वाले अतिक्रमण को निर्धारित समय के बाद हटाने की कार्रवाई की जाएगी, आगामी त्यौहारों के दौरान बाजारों में बढ़ने वाली भीड़ और यातायात के दबाव को देखते हुए मुख्य मार्गों को अतिक्रमणमुक्त कराने की तैयारी की जा रही है।पालिका की कार्रवाई के बाद अब व्यापारियों और दुकानदारों में अपने प्रतिष्ठानों के सामने किए गए अस्थायी अतिक्रमण को लेकर हलचल बढ़ गई है। पालिका अधिशासी अधिकारी ओम गिरी ने बताया कि सड़क और सार्वजनिक मार्गों पर अतिक्रमण के कारण यातायात व्यवस्था प्रभावित होती है, जिसे देखते हुए नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# पॉक्सो अधिनियम के प्रति जागरूकता को लेकर मुस्लिम इंटर कॉलेज में विधिक जागरूकता शिविर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलन्दशहर।** मुस्लिम इंटर कॉलेज, बुलन्दशहर के प्रांगण में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बुलन्दशहर के तत्वावधान में पॉक्सो अधिनियम, 2012 के प्रति विद्यार्थियों को जागरूक करने के उद्देश्य से एक विशेष विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से पधारे श्री सतेंद्र कुमार पाण्डेय (जज), श्रीमती मोनिका कालरा (जज) एवं श्री विकास चौधरी (जज) ने विद्यार्थियों को पॉक्सो अधिनियम तथा बाल सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण एवं उपयोगी विधिक जानकारी प्रदान की।

कार्यक्रम के दौरान श्रीमती मोनिका कालरा जी ने विद्यार्थियों को विशेष रूप से ह्यगुड टच एवं बैड टचह्व के विषय में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने शरीर की सुरक्षा, व्यक्तिगत सीमाओं तथा किसी भी अनुचित स्पर्श अथवा व्यवहार के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने समझाया कि यदि कोई व्यक्ति उन्हें असहज महसूस कराता है अथवा उनके साथ अनुचित व्यवहार करता है तो उसे छिपाना नहीं चाहिए, बल्कि तत्काल अपने माता-पिता, शिक्षक अथवा किसी विश्वसनीय व्यक्ति को इसकी जानकारी देनी चाहिए। श्री सतेंद्र कुमार पाण्डेय जी ने पॉक्सो अधिनियम के विभिन्न महत्वपूर्ण प्रावधानों पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों से सीधे संवाद स्थापित किया। उन्होंने उपस्थित छात्रवृंद से अनेक प्रश्न किए और विद्यार्थियों द्वारा पूछे गए प्रश्नों एवं जिज्ञासाओं का सरल भाषा में समाधान प्रस्तुत किया। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने तथा किसी भी अप्रिय परिस्थिति में निर्भीक होकर उचित व्यक्ति से सहायता लेने के लिए प्रेरित किया।





इसी क्रम में श्री विकास चौधरी जी ने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि उनके साथ होने वाली किसी भी अप्रिय घटना, अनुचित व्यवहार अथवा परेशानी को छिपाना नहीं चाहिए। ऐसी स्थिति में वे तत्काल अपने प्रधानाचार्य, शिक्षक अथवा माता-पिता को इसकी जानकारी दें तथा आवश्यकता पड़ने पर संबंधित हेल्पलाइन अथवा विधिक सहायता प्राप्त करें। उन्होंने विद्यार्थियों को आश्वस्त किया कि उनकी सुरक्षा एवं अधिकारों के संरक्षण के लिए विधिक सेवा प्राधिकरण सदैव उनके साथ है।

इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य मोहम्मद खालिद साहब ने सभी आगंतुक न्यायिक अधिकारियों का पुष्पकलिका भेंट कर स्वागत एवं सम्मान किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम विद्यार्थियों को उनके अधिकारों एवं कानूनी संरक्षण की जानकारी देने के साथ-साथ उन्हें किसी भी अनुचित परिस्थिति के विरुद्ध आवाज उठाने का आत्मविश्वास प्रदान करते हैं। प्रधानाचार्य ने विद्यार्थियों के ज्ञानवर्धन एवं जागरूकता के लिए सभी सम्मानित न्यायिक अधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# बस अग्निकांड में मृतक के परिजनों को 51 हजार की मदद

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**छतारी ।** जेवर में हुए बस अग्निकांड में गांव कीरतपुर निवासी ओमप्रकाश पुत्र थानसिंह की मौत से परिवार में मातम पसरा हुआ है। रविवार को

- भाजपा नेता कुश शर्मा ने मृतक के घर पहुंचकर बंधाया ढांढस
- सरकारी सहायता दिलाने का दिया भरोसा

भाजपा नेता कुश शर्मा ने मृतक के घर पहुंचकर शोकाकुल परिजनों से मुलाकात की और उन्हें ढांढस बंधाया। उन्होंने पीड़ित परिवार को हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। भाजपा नेता कुश शर्मा ने शिकारपुर एसडीएम प्रतीक्षा पांडे से फोन पर वार्ता कर पीड़ित परिवार को नियमानुसार जल्द से जल्द सरकारी आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने का आग्रह किया। उन्होंने मृतक की पत्नी सीमा देवी का तत्काल बैंक खाता खुलवाने तथा पात्रता के अनुसार सरकारी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्राथमिकता के आधार पर दिलाने की बात कही। इस दौरान कुश शर्मा ने अपने पिता स्व. अनिल शर्मा, पूर्व मंत्री एवं पूर्व विधायक शिकारपुर की प्रेरणा से अपने निजी कोष से मृतक के परिवार को तत्काल राहत के रूप में 51 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की। इस मौके पर ग्राम प्रधान विमल कुमार राघव, पूर्व प्रधान राकेश कुमार, यशु शर्मा, सतीश कुमार, कपिल शर्मा, ललित शर्मा और गौरव शर्मा आदि मौजूद रहे।



छतारी के गांव कीरतपुर में मृतक ओम प्रकाश के घर पहुंचकर भाजपा नेता कुश शर्मा ने परिजनों से मुलाकात की।

# मोदी सरकार ने किसानों को हासिए पर धकेल दिया है: डॉ. अर्चना गौतम

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**भाजपा शासन के बीते 12 वर्षों में किसानों को नहीं मिला है फसल का वाजिव मूल्य**

**खुर्जा।** केन्द्र की नरेन्द्र मोदी सरकार ने देश के गरीब, मजदूर और किसानों को हासिए पर धकेल दिया है। किसानों की आय दो गुनी करने में केन्द्र सरकार विफल रही है। यह विचार कांग्रेस की वरिष्ठ नेता डॉ. अर्चना गौतम एडवोकेट ने शनिवार को खुर्जा क्षेत्र के गांव मदनपुर-कलंदरगढ़ी में लोगों से जनसंपर्क करने के दौरान व्यक्त किए। कांग्रेस की वरिष्ठ नेता डॉ. अर्चना गौतम एडवोकेट ने कहा कि मोदी सरकार को न तो किसानों की चिंता है और ना गरीब और मजदूरों की फिक्र है। महंगाई ने गरीब ही नहीं आम आदमी का जीना दुश्वार कर दिया है। महंगाई आसमानी हो गई है। दाल, चीनी, सूजी, मैदा, तेल, घी और यहां तक कि सब्जियों ने भी गरीब की थाली से दूरियां बना ली हैं। रोजगार के लिए आम भारतीय युवा भटकता फिर रहा है। अजीब विडंबना है कि देश का 9 करोड़ युवा न तो कोई रोजगार की कर रहा है और ना ही कहीं पर रोजगार परक प्रशिक्षण की प्राप्त कर रहा है। देश के किसानों का हाल तो और भी बुरा है। इसका कारण सरकार की अनदेखी है। मोदी सरकार ने किसानों की आय दो गुनी करने का वायदा भी पूरा नहीं किया है। यह तो दूर आज किसानों को खाद और कीटनाशकों की उपलब्धता के लिए भटकना पड़ रहा है। किसानों को मंडी में उसकी फसल का वाजिव मूल्य भी नहीं मिल रहा है। लगता है कि आज देश का किसान केन्द्र सरकार की प्राथमिकता में ही नहीं है। उन्होंने लोगों का आहवान किया कि वह विधानसभा और लोकसभा चुनाव में गरीब, मजदूर और किसान विरोधी सरकार को सबक सिखाएं और सत्ता से बेदखल कर दें।



# शहीद- ए आजम भगत सिंह की 119 वीं जयंती बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाई गई

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर।** सोमवार को सूरजभान सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज शिकारपुर में शहीद- ए आजम भगत सिंह की 119 वीं जयंती बड़े हर्ष उल्लास के साथ मनाई गई ।कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य धर्मवीर सिंह ने भगत सिंह जी के चित्र के सम्मुख पुष्पार्चन एवं माल्यार्पण कर किया। छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति कविता और भाषण प्रस्तुत किये कार्यक्रम के संयोजक जितेंद्र सिंह रहे । प्रधानाचार्य धर्मवीर सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि भगत सिंह केवल नाम ही नहीं एक सोच है। उन्होंने 23 वर्ष की अल्प आयु में देश के लिए अपने प्राण दे दिए। तथा अपने शिक्षण कार्य को करते हुए राष्ट्रीय हित को प्राथमिकता देकर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन देश हित में किया ।इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।



# बस का टिकट न समझें कागज का टुकड़ा, अनहोनी में यही बन सकता है परिवार का सहारा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रोडवेज यात्रियों को सलाह, यात्रा के बाद भी टिकट रखें सुरक्षित; दुर्घटना होने पर मिलता है बीमा संरक्षण**

**जहांगीराबाद।** रोडवेज बस में सफर करने वाले हजारों यात्री रोजाना टिकट लेते हैं, लेकिन मंजिल पर पहुंचते ही उसे बेकार समझकर फेंक देते हैं। बहुत कम लोगों को जानकारी है कि यही टिकट किसी सड़क हादसे की स्थिति में बीमा दावे का सबसे महत्वपूर्ण दस्तावेज होता है।

परिवहन विभाग ने यात्रियों से अपील की है कि वे यात्रा समाप्त होने के बाद भी टिकट को सुरक्षित रखें, ताकि किसी अप्रिय घटना की स्थिति में उन्हें या उनके परिजनों को आर्थिक सहायता प्राप्त करने में परेशानी न हो।

विभागीय अधिकारियों के अनुसार रोडवेज बस के प्रत्येक वैध टिकट के साथ यात्री को यात्रा अवधि के दौरान बीमा सुरक्षा का लाभ मिलता है।

टिकट में शामिल निर्धारित बीमा शुल्क के माध्यम से दुर्घटना की स्थिति में मुआवजे की व्यवस्था की गई है। यदि यात्रा के दौरान कोई हादसा हो जाता है तो टिकट ही यह साबित करता है कि संबंधित व्यक्ति रोडवेज बस में वैध यात्री था।

अधिकारियों का कहना है कि दुर्घटना में मृत्यु होने पर मृतक के परिजनों को निर्धारित नियमों के अनुसार आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। इसके अलावा गंभीर रूप से घायल होने या स्थायी दिव्यांगता की स्थिति में भी सहायता राशि का प्रावधान है। मुआवजे की राशि का निर्धारण परिवहन निगम मुख्यालय स्तर से किया जाता है।

जानकारी के अभाव में कई लोग यात्रा के तुरंत बाद टिकट नष्ट कर देते हैं। बाद में दुर्घटना या अन्य दावे की स्थिति में आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध न होने से उन्हें कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इसी को देखते हुए परिवहन विभाग ने यात्रियों को जागरूक करने का अभियान शुरू किया है।

डिपो प्रभारी परमानंद ने बताया कि रोडवेज बस में यात्रा करने वाले प्रत्येक वैध यात्री को बीमा सुरक्षा उपलब्ध रहती है। इसलिए टिकट को कम से कम कुछ समय तक सुरक्षित रखना चाहिए, ताकि किसी भी स्थिति में दावा प्रक्रिया प्रभावित न हो।

**टिकट से जुड़े 5 जरूरी तथ्य**

- हर वैध रोडवेज टिकट के साथ मिलता है बीमा संरक्षण
- दुर्घटना की स्थिति में टिकट ही बनता है प्रमुख साक्ष्य
- मृत्यु होने पर परिजनों को मिलती है आर्थिक सहायता
- गंभीर चोट या स्थायी दिव्यांगता पर भी है मुआवजे का प्रावधान
- यात्रा पूरी होने के बाद भी टिकट संभालकर रखना जरूरी

**संबोधन** | भाजपाईयों ने प्रत्येक बूथ पर श्रद्धापूर्वक मनाया पं. दीनदयाल उपाध्याय का 110 वां जन्मदिन

# पं. दीनदयाल उपाध्याय का अंत्योदय का विचार प्रेरणा देता रहेगा: सचिन शर्मा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**खुर्जा।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय का राष्ट्रसेवा और अंत्योदय का का विचार सदैव प्रेरणा देता रहेगा। यह विचार भाजपा के नगर अध्यक्ष सचिन शर्मा ने शुक्रवार को नगर भाजपा के बूथों पर आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जन्म दिन पर एकत्रित भाजपा कार्यकताओं के संबोधन में व्यक्त किए।

भाजपा के नगर अध्यक्ष सचिन शर्मा ने अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्याय जनसंघ के सह संस्थापक, अध्यक्ष और वर्ष 1952 सें लेकर 1967 तक करीब 15 वर्ष तक महामंत्री रहे। एकात्म मानववाद की विचारधरा उन्हीं की देन है। जिस पर पहले जनसंघ और अब भाजपा का राजनीतिक सफर जारी है। भाजपा 6 अप्रैल 1980 को जनसंघ से निकली है। जनसंघ की स्थापना 21 अक्टूबर 1951 में दिल्ली में हुई थी। उन्होंने कहा कि जनसंघ ने देश में पहली बार हुए लोकसभा के चुनाव में भाग लिया। जनसंघ को उस चुनाव में अनअपेक्षित सफलता मिली। पार्टी तब लोकसभा की कुल 489 सीटों में से 15 राज्यों की 94 सीटों पर चुनाव लड़ी और उसे बंगाल में 2 और राजस्थान की एक सीट पर सफलता मिली थी। उन्होंने बताया कि तब जनसंघ को 3.06 प्रतिशत मत मिले थे। मत प्रतिशत के हिसाब से पार्टी तब पांचवें स्थान पर रही थी। भाजपा के वरिष्ठ नेता राम दिवाकर ने अपने श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा कि पंडित दीन दयाल उपाध्याय राष्ट्रवाद के प्रखर पुरोधा और राजनीति के भारतीयकरण के जनक थे। उन्होंने कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्याय ने जम्मू कश्मीर को भारत का अभिन्न अंग बनाए रखने के लिए मरते दम तक संघर्ष किया। उन्होंने कार्यकताओं का आहवान किया कि वह पंडित दीन दयाल उपाध्याय के विचारों को आत्मसात करें। भाजपा के पूर्व नगर अध्यक्ष सुरेश शर्मा ने कहा कि पंडित दीन दयाल उपाध्याय समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति के कल्याण के समर्थक थे। उनके अंत्योदय के विचार समाज के प्रकाश पुंज हैं। राष्ट्र प्रथम और जनसेवा उनका ध्येय रहा। पंडित दीन दयाल उपाध्याय को श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में भाजपा के नगर अध्यक्ष सचिन शर्मा, नगर महामंत्री नवीन माहौर, नगर मंत्री और पालिका सभासद अभिषेक गोस्वामी, सुनील गौतम, सोनू पंडित, पालिका सभासद चमन लाल जुनेजा, पालिका सभासद सतवीर सिंह, डीसी गुप्ता कांटे वाले, डॉ. हरीश गुप्ता अंबा, सर्वेन्द्र पंडित समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल रहे।





# मां महाकाली की भव्य कलश यात्रा एवं शोभायात्रा का निमंत्रण

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मां महाकाली की भव्य कलश यात्रा एवं शोभायात्रा का निमंत्रण, तैयारियों को लेकर उत्साह**

**जहांगीराबाद।** मां महाकाली के छठवें स्थापना दिवस के अवसर पर आगामी 11 अक्टूबर 2026 को पथवारी आश्रम से रामगढ़ी, जहांगीराबाद तक भव्य कलश यात्रा एवं शोभायात्रा का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर आयोजकों में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है।

इसी क्रम में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. सुविन भारद्वाज को आमंत्रित करने के लिए आयोजकगण उनके आवास पर पहुंचे। आयोजकों ने उन्हें स्नेहपूर्वक निमंत्रण पत्र भेंट करने के साथ सम्मानित किया। निमंत्रण स्वीकार करते हुए डॉ. सुविन भारद्वाज ने समस्त आयोजकगण का हृदय से आभार व्यक्त किया।डॉ. सुविन भारद्वाज ने कहा कि मां महाकाली की भव्य कलश यात्रा एवं शोभायात्रा जैसे धार्मिक आयोजन समाज में श्रद्धा, आस्था, एकता और भाईचारे की भावना को मजबूत करते हैं।

उन्होंने मां महाकाली से क्षेत्रवासियों के सुख, समृद्धि एवं मंगल की कामना करते हुए कहा कि मां महाकाली की कृपा सभी भक्तों पर सदैव बनी रहे। कार्यक्रम संयोजक सुंदर भगत जी के नेतृत्व में आयोजित होने वाली इस भव्य यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह है। आयोजकों ने अधिक से अधिक श्रद्धालुओं से कार्यक्रम में शामिल होकर मां महाकाली का आशीर्वाद प्राप्त करने का आह्वान किया।



कार्यक्रम के आयोजक मां काली भक्त सुंदर भगत जी डॉक्टर सुविन भारद्वाज को निमंत्रण पत्र देते हुए।

## बेदखल सूचना

मैं अपने पुत्र सदाकत अली को उसकी गलत आदतों एवं व्यवहार के कारण अपनी चल-अचल संपत्ति एवं पारिवारिक मामलों से /बेदखल करता हूं।

**नजाकत अली पुत्र अल्ताफ अली**
**निवासी गाँव जुलेपूरा उर्फ फतेहाबाद जिला बुलंदशहर**

# तीसरे दिन प्रहलाद और ध्रुव की कथा सुनाई

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**पिलखुवा।** नगर के रजनी विहार कॉलोनी में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन सोमवार को श्रद्धालुओं ने भक्त प्रहलाद, भक्त ध्रुव और राजा बलि की कथा का श्रवण किया। कथा वाचक पं. जयप्रकाश शास्त्री ने भगवान की भक्ति, धर्म और सत्य के महत्व पर प्रकाश डालते हुए प्रसंगों का विस्तार से वर्णन किया। कथा के दौरान भक्तिमय वातावरण बना रहा और श्रद्धालु भजनों पर भाव-विभोर नजर आए।आयोजन में मुख्य यजमान देवेंद्र सिंह, मोहित शिशोदिया, सुनील कुमार, रामभूल राघव, मनोज तोमर, संदीप तोमर, अनिल कुमार, मंजू सिंह, मोहिनी, कांति देवी, सरिता, सुनीता देवी, मधु सिंह, मूर्ति देवी, मिथलेश देवी, नर्मदा तोमर, लता, मीना, सुषमा राघव, विमला देवी समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। कथा की व्यवस्था पं. नरेश बृजवासी ने संभाली।






# कांग्रेस का झूठ बेनकाब,लगातार चुनाव हारने से बौखलाई : रेखा नागर

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हापुड़।** जिला पंचायत चेयरमैन रेखा नागर ने कहा कि कांग्रेस को अपनी राजनीतिक और संगठनात्मक कमजोरियों पर आत्ममंथन करना चाहिए। लगातार चुनाव हारने से बौखलाई कांग्रेस अपनी नाकामियों को छिपाने के लिए देश की संवैधानिक संस्थाओं पर हमला कर रही है। लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं का सम्मान करने के बजाय जनादेश का अनादर करना कांग्रेस की पुरानी आदत है।

**सुप्रीम कोर्ट ने 27 मई 2026 को एसआईआर प्रक्रिया को वैध ठहराया है**

सोमवार को जिला पंचायत चेयरमैन पत्रकारों से वार्ता कर रही थी। उन्होंने कहा कि मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और दोनों चुनाव आयुक्त डॉ. एस.एस. संधू और विवेक जोशी की 26 सितंबर को बैठक हुई। इसके बाद आयोग की ओर से जारी ज्वाइंट प्रेस स्टेटमेंट से दूध का दूध और पानी का पानी हो गया है। देशभर में चल रहे एसआईआर सहित सभी फैसले सर्वसम्मति से लिए गए हैं। 24 जून 2025 का मूल आदेश हो या 12 राज्यों और 19 राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों की समय-सारणी,सभी पर पूरे आयोग की सहमति है। सुप्रीम कोर्ट ने भी 27 मई 2026 को एसआईआर प्रक्रिया को वैध ठहराया है।



उन्होंने कहा कि फॉर्म-6 को लेकर भी विपक्ष भ्रांति फैला रहा था। आयोग ने कहा है कि एसआईआर के लिए फॉर्म-6 के स्वघोषणा पत्र को सुप्रीम कोर्ट सही और वैध ठहरा चुका है। गैर-एसआईआर अवधि के लिए रजिस्ट्रेशन ऑफ इलेक्टर्स रूल्स 1960 के तहत पुराना फॉर्म ही लागू है। किसी प्रक्रिया में कोई हेरफेर नहीं हुआ है। आयोग हर पात्र नागरिक को मताधिकार देने के लिए कटिबद्ध है। इसके लिए रैन बसेरों, मजदूरों और बेघरों के लिए विशेष कैंप लगाए जा रहे हैं और बीएलओ घर-घर जाकर फार्म एकत्र कर रहे हैं।

चेयरमैन ने कहा कि राहुल गांधी लगातार संवैधानिक संस्थाओं का अपमान करते रहे हैं। 2019 में राफेल मामले में सुप्रीम कोर्ट के आदेश को तोड़-मरोड़ कर चौकीदार चोर है का दावा किया था,जिस पर अवमानना नोटिस के बाद उन्हें बिना शर्त माफी मांगनी पड़ी थी। ब्रिटेन में कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय में 2023 में और अमेरिका दौरे पर उन्होंने न्यायपालिका पर सरकार के नियंत्रण का आरोप लगाकर देश की छवि खराब की। सीएजी ने जब राफेल पर रिपोर्ट पेश कर खरीद को सही ठहराया तो उसे चौकीदार ऑडिटर जनरल कहकर उपहास उड़ाया। 2024 में लोकसभा चुनाव के दौरान एलन मस्क के बयान का हवाला देकर ईवीएम को ब्लैक बॉक्स बताया, जबकि आयोग बार-बार ईवीएम की सुरक्षा प्रमाणित कर चुका है।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष कविता माधरे,जिला महामंत्री श्यामेन्द्र त्यागी,राहुल उपाध्याय,जिला मीडिया प्रभारी अमित आदि मौजूद रहे।

# यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में मोदीनगर के सात्विक आयुर्वेद ने प्रदर्शित किए दस प्रमुख उत्पाद

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**धौलाना/ हापुड।** इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट में आयोजित उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो (UPITS-2026) का उद्घाटन आज केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह तथा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा किया गया। यह पांच दिवसीय व्यापार मेला प्रदेश के उद्यमियों, एमएसएमई इकाइयों तथा ओडीओपी उत्पादों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय मंच प्रदान कर रहा है।

मोदीनगर की आयुर्वेदिक संस्था सात्विक आयुर्वेद भी इस प्रतिष्ठित आयोजन में अपने दस प्रमुख उत्पादों का प्रदर्शन कर रही है। संस्था द्वारा आयुर्वेद एवं प्राकृतिक स्वास्थ्य पर आधारित उत्पादों को आगंतुकों के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।



संचालक मंडल के कुलदीप पांचाल, शिवानी पांचाल व एडवोकेट प्रियदीप शर्मा ने बताया कि प्रदर्शित उत्पादों में आमाशय चूर्ण, दन्त मंजन, फेस पैक, मधुवादि, सन्धिवत्सल, शक्तिवर्धक, स्त्री सुधा, केश रतन तेल, रामबाण तेल तथा जोड़ो का तेल शामिल हैं। इन उत्पादों को पारंपरिक आयुर्वेदिक ज्ञान एवं गुणवत्तापूर्ण जड़ी बूटियों के आधार पर तैयार किया गया है।

सात्विक आयुर्वेद के प्रतिनिधियों ने बताया कि ऐसे अंतरराष्ट्रीय स्तर के मंच पर सहभागिता से प्रदेश के आयुर्वेदिक उत्पादों को नई पहचान मिलेगी तथा देश विदेश के व्यापारियों एवं ग्राहकों तक पहुंच बनाने का अवसर प्राप्त होगा।

दस उत्पाद : आमाशय चूर्ण, दन्त मंजन, फेस पैक, मधुवादि, सन्धिवत्सल, शक्तिवर्धक, स्त्री सुधा, केश रतन तेल, रामबाण तेल, जोड़ो का तेल ।

# डॉ. साहनी की कलाकृति ने राष्ट्रीय स्तर पर बनाई पहचान

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**पिलखुवा।** कला के क्षेत्र में सर्वोदय इंटर कॉलेज के कला प्रवक्ता डॉ. संजय कुमार साहनी ने एक और उपलब्धि हासिल की है। नई दिल्ली के रविंद्र भवन में आयोजित 65वीं राष्ट्रीय कला प्रदर्शनी में उनकी तेलचित्र कलाकृति यूथ का राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए चयन किया गया है। इस उपलब्धि की जानकारी मिलने पर विद्यालय में खुशी का माहौल रहा।

डॉ. साहनी करीब 27 वर्षों से कला के क्षेत्र में सक्रिय हैं। उनकी कलाकृतियां देश के कई राज्यों के साथ श्रीलंका, भूटान, नेपाल और दुबई में आयोजित प्रदर्शनियों में प्रदर्शित हो चुकी हैं। उत्तर प्रदेश के अलावा उत्तराखंड, पंजाब और हिमाचल प्रदेश में भी उन्हें सम्मान प्राप्त हो चुका है। मुंबई की प्रतिष्ठित जहांगीर आर्ट गैलरी में उनकी पेंटिंग प्रदर्शित हो चुकी है। डॉ. साहनी के मार्गदर्शन में विद्यालय के छात्र कुणाल कोरी ने सत्र 2024-25 के राष्ट्रीय कला उत्सव में द्वितीय स्थान हासिल किया था। सोमवार को विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में प्रबंधक संजीव शर्मा और प्रधानाचार्य समरजीत सिंह ने डॉ. साहनी का सम्मान किया। शिक्षकों और विद्यार्थियों ने उन्हें बधाई दी।





# गुड टच-बैड टच की जानकारी देकर छात्राओं को किया जागरूक

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**पिलखुवा।** रमपुरा रोड स्थित आरडी पब्लिक स्कूल में मिशन शक्ति अभियान के तहत पिलखुवा पुलिस की ओर से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें महिला पुलिसकर्मियों ने छात्राओं को गुड टच और बैड टच के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने छात्राओं को बताया कि किसी भी व्यक्ति के अनुचित व्यवहार या स्पर्श को नजरअंदाज न करें और ऐसी स्थिति में तुरंत अपने अभिभावकों, शिक्षकों या पुलिस को इसकी जानकारी दें।महिला पुलिसकर्मियों ने छात्राओं को महिला सुरक्षा से जुड़े हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देते हुए साइबर अपराध, सोशल मीडिया के सुरक्षित इस्तेमाल और आपात स्थिति में पुलिस की सहायता लेने के बारे में भी बताया। उन्होंने कहा कि जागरूकता और आत्मविश्वास के साथ छात्राएं किसी भी परेशानी का सामना कर सकती हैं। विद्यालय के प्रबंधक डॉ. संजय तोमर ने कहा कि बालिकाओं की सुरक्षा के लिए उन्हें अधिकारों और सुरक्षा उपायों की जानकारी होना जरूरी है। उन्होंने पुलिस के जागरूकता अभियान की सराहना करते हुए छात्राओं से सतर्क रहने का आह्वान किया। कार्यक्रम में विद्यालय का स्टाफ और छात्राएं मौजूद रहीं।





# श्री हनुमान अंश फिल्म के कलाकारों का भव्य सम्मान समारोह, साईं गांव सपनावत के जेपी सिसोदिया ने किया सम्मानित

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**धौलाना ।** धौलाना के सिद्ध पीठ शिरडी साईं दरबार साईं गांव सपनावत मंदिर के संस्थापक जगपाल सिंह सिसोदिया उर्फ जेपी सिसोदिया ने जानकारी देते हुए बताया कि गांधी स्मृति भवन, नई दिल्ली में श्री हनुमान अंश फिल्म के कलाकारों का भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का आयोजन गांधी स्मृति भवन परिसर में किया गया, जहाँ राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा के समक्ष सभी कलाकारों और अतिथियों ने समूह चित्र खिंचवाया। समारोह में देश के विभिन्न क्षेत्रों से आए नेतागण, सामाजिक कार्यकर्ता, धमार्चार्य और सम्मानित नागरिक उपस्थित रहे।

सम्मान समारोह के दौरान वक्ताओं ने कहा कि श्री हनुमान अंश फिल्म नीम करोली बाबा के दिव्य चमत्कारों और उनके जीवन दर्शन पर आधारित है। फिल्म के माध्यम से बाबा के आशीर्वाद, उनकी लीलाओं और मानवता के प्रति उनके प्रेम को बड़े पर्दे पर दिखाया गया है। वक्ताओं ने कहा कि आज के समय में ऐसी धार्मिक और संस्कारवान फिल्मों की बहुत आवश्यकता है, जो युवा पीढ़ी को सनातन संस्कृति और आध्यात्म से जोड़ती हैं। जेपी सिसोदिया ने बताया कि फिल्म को लेकर दर्शकों में काफी उत्साह है। परिवार सहित लोग सिनेमा घरों में जाकर इस फिल्म को देख रहे हैं। उन्होंने कहा कि साईं गांव सपनावत की ओर से वे सभी कलाकारों का हृदय से सम्मान करते हैं और फिल्म की अपार सफलता की कामना करते हैं।

समारोह में साईं गांव सपनावत के जेपी सिसोदिया ने फिल्म के सभी मुख्य कलाकारों, निर्देशक और तकनीकी टीम को फूल-मालाओं, अंगवस्त्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि नीम करोली बाबा का आशीर्वाद सभी पर बना रहे और ऐसी फिल्में समाज को नई दिशा देती रहें।इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने फिल्म की पूरी टीम को बधाई दी और कहा कि यह फिल्म न केवल मनोरंजन है, बल्कि आस्था और विश्वास का प्रतीक भी है। अंत में सभी ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी को नमन किया और देश में शांति, सद्भाव और एकता बनाए रखने का संकल्प लिया।



परिचय । हनुमान अंश फिल्म के कलाकारों के सम्मान समारोह के दौरान साईं गांव सपनावत के जेपी सिसोदिया सहित अन्य गणमान्य लोग।

# सैनी महासभा का 13वां प्रतिभा अलंकरण समारोह संपन्न

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हापुड़।** सैनी महासभा,उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में 13वां प्रतिभा अलंकरण समारोह गढ़ रोड स्थित हरपाल पैलेस में धूमधाम मास्टर गणपत सैनी की अध्यक्षता में आयोजित किया गया।

**समारोह में समाज के 150 प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित**

समारोह के मुख्य अतिथि प्रसिद्ध ऑर्थोपेडिक सर्जन मूलचंद सैनी ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि हमें अपने पूर्वज महात्मा ज्योतिबा फुले और सावित्रीबाई फुले के विचारों पर चलकर लक्ष्य निर्धारित करना चाहिए और उसकी प्राप्ति के लिए दिन-रात मेहनत करनी चाहिए। शिक्षा के महत्व को समझकर आप शिक्षा के दम पर बड़े से बड़ा वैज्ञानिक और डॉक्टर बन सकते हैं। विशिष्ट अतिथि जयपाल सैनी ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ राजनीति में भी पकड़ मजबूत करनी चाहिए। वहीं डॉ. शुक्ला सैनी ने कहा कि नारी शक्ति वंदनीय है, परिवार के साथ बच्चों को नैतिक मूल्य और संस्कार देने की जिम्मेदारी भी नारी पर होती है।

विशिष्ट अतिथि मदन सैनी ने कहा कि आज मोबाइल फोन जितना लाभदायक है उतना ही हानिकारक भी है,इसका इस्तेमाल सोच-समझकर करना चाहिए और समाज के प्रति अधिकारों के साथ कर्तव्यों को भी समझना चाहिए।



समारोह में सैनी समाज के करीब 150 प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को सम्मानित कर समाज के विकास के लिए कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. राकेश सैनी ने किया। इस अवसर पर योगेंद्र सैनी, मुकेश सैनी, कंचन सेवा राम सैनी, कौशल सैनी,अमित सैनी,पोषण लाल सैनी, महेश सैनी,मोनू सैनी सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद रहे।

## भारतीय जनता पार्टी कभी जातिवाद की राजनीति नहीं करती

# यूपी में 2027 फिर बनेगी प्रचंड बहुमत से भाजपा सरकार:बसंत त्यागी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हापुड़।** भाजपा जिला प्रभारी बसंत त्यागी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी कभी जातिवाद की राजनीति नहीं करती, बल्कि सभी वर्गों और समाजों को साथ लेकर चलती है और सभी का सम्मान करती है।

भाजपा जिला कार्यालय पर बसंत त्यागी पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार ने बिना भेदभाव के सभी के लिए जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई हैं, जिसका लाभ हर गरीब, किसान और जरूरतमंद तक पहुंच रहा है। उन्होंने सपा पर हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी की सरकार में उत्तर प्रदेश में गुंडाराज और माफियाराज चरम पर था। भाजपा सरकार बनने के बाद प्रदेश को गुंडाराज और माफियाराज से पूरी तरह छुटकारा मिला है और कानून व्यवस्था मजबूत हुई है।




2027 विधानसभा चुनाव को लेकर जिला प्रभारी ने दावा किया कि उत्तर प्रदेश में भाजपा फिर से प्रचंड बहुमत के साथ सरकार बनाएगी। अभी हाल मेंएमएलसी चुनाव होने जा रहे हैं जो बैलट पेपर से होंगे, उसमें भी भाजपा को ऐतिहासिक जीत मिलेगी। विपक्ष पर तंज कसते हुए त्यागी ने कहा कि विपक्षी पार्टियां चुनाव हारने पर ईवीएम पर हार का ठीकरा फोड़ देती हैं, लेकिन एमएलसी चुनाव बैलट पेपर से होगा और उसमें भाजपा की जीत के बाद दूसरी पार्टियों का मुंह अपने आप बंद हो जाएगा। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष कविता माधरे,जिला महामंत्री श्यामेन्द्र त्यागी,कपिल एसएम,जिला मीडिया प्रभारी अमित आदि मौजूद रहे।

# मोबाइल को लेकर नाराज हुआ किशोर, घर से निकला फिर नहीं लौटा

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**पिलखुवा।** कस्तला की मंडिया निवासी 15 वर्षीय देव तेवतिया के लापता होने का मामला सामने आया है। किशोर के अचानक घर से चले जाने के बाद उसका कोई सुराग नहीं मिलने से परिजन चिंतित हैं। रविवार को परिजनों ने पिलखुवा कोतवाली पहुंचकर पुलिस से किशोर की तलाश कर सकुशल बरामदगी की गुहार लगाई। परिजनों ने पुलिस को बताया कि देव तेवतिया पुत्र राजकुमार 21 सितंबर की शाम करीब चार बजे घर से निकला था। घर में मोबाइल चलाने को लेकर मना किए जाने से वह नाराज था। इसके बाद वह वापस घर नहीं लौटा। काफी देर तक इंतजार करने के बाद परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। रिश्तेदारों और परिचितों से जानकारी लेने के साथ आसपास के क्षेत्रों में भी खोजबीन की गई, लेकिन किशोर का पता नहीं चल सका। परिजनों ने पुलिस से मामले को गंभीरता से लेते हुए जल्द किशोर को बरामद करने की मांग की। थाना प्रभारी मनोज बालियान ने बताया कि किशोर की तलाश के लिए पुलिस टीम लगाई गई है। संभावित स्थानों पर जानकारी जुटाई जा रही है।



## चित्रकला प्रतियोगिता

## विजेता बच्चों को खंड शिक्षा अधिकारी ने किया सम्मानित

# प्रतियोगिता के माध्यम से बच्चों में छिपी प्रतिभाएं उजागर होती है : बीएसए

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हापुड़।** मेरे सपनों का भारत सेवा चित्र अभियान के अंतर्गत छात्रों की रचनात्मक एवं वैचारिक अभिव्यक्ति प्रदान करते हुए विकसित भारत 2047 के संकल्प से जोड़ते हुए विकास क्षेत्र हापुड़ की चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के निर्देशन में के एन पब्लिक स्कूल बाबूगढ़ छावनी में किया गया।

खंड शिक्षा अधिकारी योगेश कुमार गुप्ता ने कहा कि विकसित भारत कल्पनाओं आकांक्षाओं एवं विचार से जोड? तथा विद्यार्थियों के अपने सपनों के भारत परिकल्पना एवं रचनात्मक रूप से अभिव्यक्ति करने की आजादी हम सबको दी गई है। चित्रकला हापुड़ ब्लॉक के समस्त प्राइमरी,कंपोजिट विद्यालय तथा जूनियर विद्यालय से आए छात्र-छात्राओं के बीच कराई गई।






प्रतियोगिता में कक्षा 5 6 7 8 से 3-3 छात्रों को प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान मिला कक्षा 5 के छात्र हर्ष कंपोजिट विद्यालय गौना ने प्रथम आलिया प्राइमरी विद्यालय सालेपुर द्वितीय सलोनी प्राइमरी विद्यालय नवादा नेट तृतीय स्थान प्राप्त किया कक्षा 6 से फिजा उच्च प्राथमिक विद्यालय सालेपुर प्रथम सुमैया कंपोजिट विद्यालय हृदयपुर द्वितीय सोमैया कंपोजिट विद्यालय गोहाना से तृतीय स्थान प्राप्त किया कक्षा 7 से सुमित यूपीएस अनवरपुर खुशहाल कंपोजिट विद्यालय बचालूटा द्वितीय एवं लवी कंपोजिट विद्यालय गोहाना ने तीर्थ स्थान प्राप्त किया कक्षा 8 में अल शिफा कंपोजिट विद्यालय हृदयपुर प्रथम हिमांशी कंपोजिट विद्यालय अहमदपुर नयागांव द्वितीय एवं पलक उच्च प्राथमिक विद्यालय अतरौली नेतृत्व स्थान प्राप्त किया।

इस अवसर पर सर्वश्रेष्ठ छात्र-छात्राओं को खंड शिक्षा अधिकारी योगेश गुप्ता,संगीता शर्मा प्रधानाचार्या के एन पब्लिक स्कूल बाबूगढ़ छावनी,आभा अग्रवाल, सतीश कुमार,कुशवीर सिंह,संजीव शर्मा,अंशु शर्मा,एआर पी ने बच्चों को पुरस्कार वितरित कर उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

# सरस्वती कॉलेज में जीन थेरेपी और क्रिस्पर तकनीक पर व्याख्यान

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**पिलखुवा।** सरस्वती कॉलेज ऑफ फामेर्सी में लोकप्रिय व्याख्यान श्रृंखला के दूसरे सत्र का आयोजन किया गया। भारत सरकार के जैव प्रौद्योगिकी विभाग के प्रायोजन में डीबीटी-सीटीईपी पहल के तहत आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों को जीन थेरेपी, क्रिस्पर तकनीक, कोशिका आधारित उपचार और फार्मास्युटिकल जैव प्रौद्योगिकी की जानकारी दी गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। कॉलेज के प्राचार्य प्रो. (डॉ.) नितिन कुमार ने आमंत्रित विशेषज्ञ डॉ. निधि, डॉ. सुभाष चंद्र सोनकर और डॉ. एस. सुल्ताना का स्वागत किया। विशेषज्ञों ने आधुनिक उपचार पद्धतियों के वैज्ञानिक आधार, चिकित्सा क्षेत्र में उनके संभावित उपयोग और अनुसंधान की संभावनाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने जीन एडिटिंग व कोशिका आधारित उपचार में हो रहे नए शोधों की जानकारी दी।इस दौरान विद्यार्थियों ने विशेषज्ञों से सवाल पूछकर अपनी जिज्ञासाओं का समाधान किया। कार्यक्रम का संचालन मनीष सम्याल व नेहा वर्मा ने किया। धन्यवाद ज्ञापन प्रो. डॉ. अरुण कुमार ने किया।






# वीबीजी रामजी योजना के अंतर्गत 40 गौ आश्रय स्थलों में कराए जाएंगे विभिन्न प्रकार के कार्य


बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़** । जिलाधिकारी अविनाश कुमार की अध्यक्षता में वर्चुअल माध्यम से गोवंश संवर्धन एवं संरक्षण के संबंध में बैठक आयोजित की गई। जिलाधिकारी ने गौशालाओं से संबद्ध चरागाहों की सूचना उपलब्ध कराने के निर्देश देते हुए कहा कि चरागाहों की भूमि पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण न होने दिया जाए। यदि कहीं अतिक्रमण पाया जाता है तो नियमानुसार कार्रवाई करते हुए भूमि को अतिक्रमणमुक्त कराया जाए।

**गोवंश संरक्षण को और प्रभावी बनाने पर जोर, चरागाहों में हरे चारे की बुवाई के निर्देश**

**गौशालाओं की व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने के साथ पशुधन का तैयार किया जाएगा डिजिटल डाटाबेस**

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को गौ आश्रय स्थलों पर गोवंशों के लिए पर्याप्त मात्रा में हरे चारे की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बीडीओ को निर्देशित किया कि जलभराव वाले क्षेत्रों में जल निकासी की व्यवस्था कराते हुए हरे चारे की बुवाई कराई जाए, जिससे गौवंशों को नियमित रूप से पौष्टिक हरा चारा उपलब्ध हो सके।



बैठक का संचालन करते हुए मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. दिवाकर त्रिपाठी ने बताया कि वर्तमान में जनपद में 19,690 गोवंश संरक्षित हैं। विकासखंड अतरौली के गनियावली एवं बलीपुर में वृहद गौ संरक्षण केंद्रों का संचालन प्रारंभ हो गया है। माधवगढ़ एवं बराकला में पाई गई कमियों को दूर करने के बाद संचालन शुरू कराया जाएगा। अगस्त माह में 91 गोवंशों का संरक्षण किया गया, जबकि मुख्यमंत्री निराश्रित गोवंश सहभागिता योजना के तहत 51 गोवंश वितरित किए गए हैं।

उन्होंने बताया कि आकाशवाणी केंद्र परिसर में संचालित गौशाला से छेरत गौशाला में 15 गोवंशों का स्थानांतरण किया गया है तथा शेष गोवंशों के स्थानांतरण की प्रक्रिया जारी है। गौ आश्रय स्थलों से संबद्ध 66 चरागाहों की भूमि पर चारे की बुवाई की जा चुकी है।

बैठक में बताया गया कि बीबीजी रामजी योजना के अंतर्गत 40 गौ आश्रय स्थलों में खड़ंजा, केयरटेकर रूम, लडावनी, संपर्क मार्ग, आइसोलेशन वार्ड, गौशाला प्लेटफॉर्म की मरम्मत, बाउंड्री, भूसा गोदाम, टीन शेड, तार फेंसिंग एवं जल निकासी आदि कार्यों के प्रस्ताव प्राप्त हो गए हैं। मुख्य विकास अधिकारी ने सभी खंड विकास अधिकारियों को इन कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर कराने के निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को मिस पोर्टल पर घोषणा एवं सहभागिता के बिंदुओं की रैंकिंग में सुधार के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। साथ ही गौ आश्रय स्थलों पर हरे चारे की निरंतर आपूर्ति सुनिश्चित करने तथा उत्पादित गोबर का व्यवस्थित स्टॉक रजिस्टर बनाए रखने पर भी जोर दिया। बैठक में राष्ट्रीय डिजिटल पशुधन मिशन के अंतर्गत पशुधन का डिजिटल डाटाबेस तैयार करने, पशु स्वास्थ्य सेवाओं को और सुदृढ़ करने, दुग्ध एवं पशुधन उत्पादन बढ़ाने, सरकारी योजनाओं का पारदर्शी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने तथा पशुपालकों को डिजिटल रूप से सशक्त बनाने के संबंध में भी विस्तार से विचार-विमर्श किया गया।

## पला फाटक पर गुंडों का आतंक, प्रैस ग्राफर किया हमला

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** थाना गांधीपार्क क्षेत्र पला फाटक पर आसमाजिक तत्वों का जमा वाडे से क्षेत्र लोग बेहद परेशान है, गुण्डों का हर किसी से आये दिन मारपीट करना और गाली गलौंच करने से लोगों का जीना दुश्वार हो गया। शिकायत करने के बाद भी पुलिस कार्यवाही नही करती है। यहीं कारण है कि इन लोगों के हौंसले बुलंद है। घटना शनिवार की सांय इसी क्षेत्र के नामजद लवकुश, अमित, कपिल दो अन्य ने अपने घर जाते समय दैनिक सामचार पत्र फोटो ग्राफर के साथ अभद्रव्यवाहार किया और विरोध करने पर मारपीट और तमंचा दिखाकर धमकाया। पीडित फोटो ग्राफर ने 112 नं0 पर फोन करके पुलिस को बुलाया। इन गुण्डों ने पुलिस कर्मियों के सामने भी बत्तमीजी की और पुलिस कर्मियों से भी अभद्र व्यवहार किया। जबकि फोटो ग्राफर ने थाने में तहरीर भी दी है, लेकिन पुलिस अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की है और रिपोर्ट दर्ज भी नहीं की है। पीडित ने वारिष्ठ पुलिस अधीक्षक से कार्यवाही करने की मांग की है।



## कारागार का संयुक्त रूप से निरीक्षण

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** जिला जज महोदय, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय एवं एडीएम सिटी



अलीगढ़ द्वारा जेल अधीक्षक के साथ जिला कारागार का संयुक्त रूप से निरीक्षण किया गया ।

# राजवीर सिंह राजू और हरीश द्विवेदी रेस में सबसे आगे

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़** । राजवीर सिंह राजूः भाजपा के ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजवीर सिंह राजू का नाम राज्यसभा जाने वाले उम्मीदवारों की सूची में सबसे ऊपर चल रहा है।

हरीश द्विवेदीः ब्राह्मण कोटे से पूर्व राष्ट्रीय मंत्री हरीश द्विवेदी के नाम की भी प्रबल चर्चा है। डॉ. दिनेश शर्मा के अंडमान-निकोबार के उपराज्यपाल बनने के बाद खाली हुई ब्राह्मण सीट पर पार्टी हरीश द्विवेदी पर दांव लगा सकती है।





**नए चेहरों की तलाश और बड़े बदलाव के संकेत**

महिला चेहरों पर फोकसः गीता शाक्य और सीमा द्विवेदी की जगह पार्टी नए महिला चेहरों को तलाश रही है। इस रेस में उनके सजातीय मनतेश शाक्य सहित कई अन्य चेहरे शामिल हैं।

दिग्गजों के टिकट पर संशयः बीएल वर्मा का टिकट कटने की संभावना जताई जा रही है, जबकि दलित चेहरों में विद्यासागर सोनकर की भी दावेदारी मानी जा रही है।

केंद्रीय मंत्रियों की वापसीः यूपी कोटे से राज्यसभा सदस्य रहे दो केंद्रीय मंत्रियों की रिपोर्ट होने को लेकर संगठन में गंभीर मंथन चल रहा है।

**चुनावी समीकरण और सीटों का गणित**

10 सीटों पर चुनावः उत्तर प्रदेश की 10 राज्यसभा सीटों के लिए चुनाव प्रक्रिया 29 सितंबर से शुरू हो रही है।

भाजपा का दबदबाः इन 10 सीटों में से 8 सीटों पर भाजपा और उसके सहयोगियों की जीत तय मानी जा रही है। बाकी बची दो सीटों पर सपा और बसपा का कब्जा है। बसपा का सूपड़ा साफः बसपा के एकमात्र राज्यसभा सांसद रामजी गौतम का कार्यकाल खत्म होने के बाद उच्च सदन (राज्यसभा) में बहुजन समाज पार्टी का प्रतिनिधित्व पूरी तरह शून्य हो जाएगा।

पार्टी इस बार सामाजिक समीकरणों (ओबीसी, ब्राह्मण, दलित और महिला कोटा) को साधने के लिए नए और युवा चेहरों को प्राथमिकता देने की रणनीति पर काम कर रही है।

# सिंचाई विभाग की भूमि पर भू-माफियाओं का कब्जा: ग्रामीणों ने अधिशासी अभियंता को पत्र लिखकर की कानूनी कार्रवाई की मांग

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अतरौली/अलीगढ़।** ग्राम अतरौली पट्टी नजफ खां बाहरचुंगी (तहसील अतरौली, जनपद अलीगढ़) में सिंचाई विभाग की सरकारी भूमि ("राज वहा", गाटा सं. 907मि.) पर भू-माफियाओं द्वारा अवैध कब्जे, मिट्टी भराव और अवैध खरीद-बिक्री का एक गंभीर मामला सामने आया है। इस संबंध में स्थानीय नागरिकों (लोकहीत प्रकटन कर्ता) ने सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के अधिशासी अभियंता को एक लिखित प्रार्थना पत्र सौंपकर त्वरित कानूनी कार्रवाई की गुहार लगाई है।



**जल निकासी व्यवस्था हो रही बाधित**

प्रार्थना पत्र के अनुसार, गाटा/खसरा संख्या 907मि. (क्षेत्रफल 0.0860 हेक्टेयर) राजस्व अभिलेखों में श्रेणी 6-1 (जलमग्न भूमि) के तहत "राज वहा" के नाम से दर्ज है। ग्रामीणों का आरोप है कि कुछ स्थानीय भू-माफिया और अवैध कब्जाधारक इस शासकीय भूमि पर जबरन मिट्टी डालकर कब्जा कर रहे हैं। इस भूमि को निजी प्लॉटिंग में सम्मिलित कर अवैध रूप से बेचने और अवैध निर्माण करने का प्रयास किया जा रहा है। इस अतिक्रमण के कारण पूरे क्षेत्र की जल निकासी और सिंचाई व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित हो रही है।

## वित्तीय साक्षरता और निवेश जागरूकता पर वेबिनार का आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** मंगलायतन विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल तथा इंसटीट्यूट ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट एंड कॉमर्स के संयुक्त तत्वावधान में नेशनल स्टॉक एक्सचेंज वित्तीय साक्षरता एवं निवेशक जागरूकता विषय पर वेबिनार का आयोजन किया गया। स्मार्ट चॉइस, ब्राइटर टुमारो की थीम पर आयोजित इस सत्र का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को वित्तीय प्रबंधन और पूंजी बाजार की बुनियादी समझ प्रदान करना रहा। वेबिनार में कोटा (राजस्थान) से आई सेबी स्मार्ट ट्रेनर सीएस अदिति जैन ने विद्यार्थियों को वित्तीय साक्षरता के मूल सिद्धांतों, पूंजी बाजार की कार्यप्रणाली, विभिन्न निवेश विकल्पों और निवेशकों के अधिकारों व जिम्मेदारियों के बारे में विस्तार से समझाया। उन्होंने कहा कि सही उम्र में छोटे-छोटे निवेश के फैसले भविष्य में बड़े वित्तीय लक्ष्य और आजादी दिलाने में मददगार साबित होते हैं। वेबिनार संयोजक डा. राहुल शर्मा व सह-संयोजक डा. शालू अग्रवाल रहीं। कार्यक्रम में आईबीएमसी विभाग के विद्यार्थियों और प्राध्यापकों ने बड़ी संख्या में भाग लिया और सत्र के अंत में अपनी शंकाओं का समाधान भी किया।






# अतरौली के सुभाष चौक घंटाघर पर अमर शहीद भगत सिंह की जयंती धूमधाम से मनाई गई; युवाओं ने पुष्प अर्पित कर ली राष्ट्रसेवा की प्रेरणा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अतरौली।** महान स्वतंत्रता सेनानी अमर शहीद भगत सिंह की जयंती के शुभ अवसर पर आज नगर के मुख्य केंद्र सुभाष चौक स्थित घंटाघर चौराहे पर भव्य एवं गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नगर के ऊर्जावान युवाओं एवं समाजसेवियों द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में अमर शहीद भगत सिंह के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।



कार्यक्रम के दौरान युवा नेता एवं समाजसेवी वरुण चौधरी ने अतरौली के युवाओं को संबोधित करते हुए शहीद भगत सिंह के अदम्य साहस, राष्ट्रभक्ति और उनके अतुलनीय बलिदान पर विचार साझा किए। उन्होंने युवाओं से शहीद भगत सिंह के उच्च विचारों और सिद्धांतों को अपने जीवन में अपनाने का आह्वान किया।

इस विचार-चर्चा में वक्ताओं ने कहा कि शहीद भगत सिंह का जीवन न केवल इतिहास का एक स्वर्णिम अध्याय है, बल्कि आज के युवाओं के लिए राष्ट्र निर्माण और सामाजिक दायित्वों के निर्वहन की सबसे बड़ी प्रेरणा भी है।

**कार्यक्रम में गणमान्य जनों की उपस्थितिः**

इस अवसर पर व्यापार मंडल के अध्यक्ष दुर्गेश वार्ष्णेय, नगर रामलीला प्रबंधक वरुण चौधरी, वरिष्ठ समाजसेवी विजयपाल गुप्ता, अंशुल वार्ष्णेय, देवेंद्र शर्मा, पवन वार्ष्णेय, शाहबाज खान, सौरभ (सौना), पीयूष गुप्ता, विष्णु वार्ष्णेय तथा अंशुल भारद्वाज सहित नगर के अनेक गणमान्य नागरिक एवं युवा उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन भारत माता की जय और शहीद भगत सिंह अमर रहें के गगनभेदी नारों के साथ हुआ।

# फ्री थिंकर्स क्लब में भगत सिंह के जीवन-दर्शन पर हुआ वैचारिक मंथन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़** । कुलपति प्रो. नरेंद्र बहादुर सिंह के मार्गदर्शन में राजनीति विज्ञान विभाग के फ्री थिंकर्स क्लब द्वारा शहीद भगत सिंह की जयंती के अवसर पर उनके जीवन-दर्शन, व्यक्तित्व, कृतित्व एवं क्रांतिकारी विचारों पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को भगत सिंह की वैचारिक विरासत, तर्कशील चिंतन, अध्ययनशीलता एवं सामाजिक परिवर्तन के प्रति उनकी दृष्टि से परिचित कराना रहा।



कार्यक्रम की शुरूआत क्लब की नियमित गतिविधि साप्ताहिक करेंट अफेयर्स से हुई, जिसे पुनीत प्रताप सिंह एवं रेणु गौतम ने प्रस्तुत किया। इसके पश्चात मेघश्याम ने भगत सिंह के जीवन से प्रेरणा लेते हुए युवाओं से वैचारिक जागरूकता एवं सकारात्मक परिवर्तन की दिशा में आगे बढ़ने का आह्वान किया। निखिल चौधरी ने कहा कि भगत सिंह केवल एक नाम नहीं, बल्कि एक विचारधारा और वैचारिक चेतना के प्रतीक हैं।

इमरान खान ने भगत सिंह के शौर्य एवं उनके विचारों का उल्लेख करते हुए कहा कि जिस प्रकार उनके साहस ने ब्रिटिश शासन को चुनौती दी, उसी प्रकार उनके विचार सामाजिक अन्याय एवं असमानता के विरुद्ध चेतना पैदा करने में प्रेरणास्त्रोत हैं। याशिका भारद्वाज ने कहा कि भगत सिंह के विचार आज भी युवाओं को प्रभावित करते हैं। रोहित ने भगत सिंह जैसी वैचारिक दृष्टि के लिए युवाओं में अध्ययन एवं बौद्धिक जिज्ञासा को आवश्यक बताया।

अभिषेक गौतम ने भगत सिंह के जीवन, व्यक्तित्व एवं कृतित्व के साथ उनके क्रांतिकारी विचारों की तर्कशीलता, प्रश्न पूछने के साहस और विचारशीलता पर विस्तार से प्रकाश डाला। दिव्या ने उनके जेल जीवन तथा फांसी से जुड़े प्रसंगों पर चर्चा की। अभिषेक यादव ने कहा कि क्रांति केवल व्यवस्था परिवर्तन नहीं, बल्कि विचारों में परिवर्तन की प्रक्रिया भी है।

ऊधम सिंह ने विद्यार्थियों के जीवन में स्वतंत्र सोच एवं व्यापक अध्ययन के महत्व को रेखांकित करते हुए भगत सिंह की अध्ययनशील प्रवृत्ति से प्रेरणा लेने की बात कही। कार्यक्रम का संचालन राशि वर्मा ने किया।

# मदरसा जामिया हुस्न-ए-तारा में फारसी शिक्षा को बढ़ावा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कोटा।** अन्नतपुरा क्षेत्र के केसर विहार स्थित मदरसा जामिया हुस्न-ए-तारा में फारसी भाषा के प्रसिद्ध विद्वान मौलाना सूफी रिजवान आलम हबीबी द्वारा शेख सादी की प्रसिद्ध कृति गुलिस्तां का विधिवत आगाज कराया गया। इस अवसर पर मदरसे में अध्ययनरत सैकड़ों बच्चियों को फारसी भाषा और साहित्य की शिक्षा से जोड़ने की पहल की गई।

**मौलाना सूफी रिजवान आलम हबीबी ने बच्चियों को पढ़ाई गुलिस्तां, फारसी भाषा के संरक्षण पर दिया जोर**

मदरसा संचालक मुफ्ती शमीम अशरफ रजवी ने बताया कि मदरसे में आवासीय बच्चियों को फारसी एवं अरबी भाषा की शिक्षा देने के लिए माहिर उस्ताद और आलिमा की व्यवस्था की गई है। बच्चियों को फारसी की प्रारंभिक पुस्तक से लेकर शेख सादी की गुलिस्तां और ह्यअखलाक-ए-मोहसिनी जैसी महत्वपूर्ण पुस्तकों का अध्ययन कराया जा रहा है। इसके साथ ही उर्दू तथा कक्षा दसवीं तक हिंदी की शिक्षा भी दी जा रही है। कार्यक्रम के दौरान मौलाना सूफी रिजवान आलम हबीबी ने बच्चियों को फारसी भाषा में संबोधित किया और फारसी में ही दुआ कराई। उनके संबोधन और फारसी भाषा पर पकड़ ने कार्यक्रम में मौजूद उलमा, इमाम, हाफिज, कारी और अन्य लोगों को प्रभावित किया।मुफ्ती शमीम अशरफ ने कहा कि आधुनिक दौर में फारसी भाषा का प्रचलन लगातार कम होता जा रहा है, लेकिन मदरसों में फारसी और अरबी की महत्वपूर्ण पुस्तकों को पाठ्यक्रम में शामिल किए जाने से इन भाषाओं की परंपरा और साहित्य जीवित है। उन्होंने कहा कि बच्चियों को शिक्षा से जोड़ना बेहद जरूरी है, क्योंकि शिक्षित बेटियां आने वाली पीढ़ियों को भी ज्ञान और संस्कार की रोशनी दे सकती हैं।



मौलाना रिजवान आलम हबीबी ने भी बच्चियों की शिक्षा पर जोर देते हुए कहा कि समाज की तरक्की में बेटियों की शिक्षा की अहम भूमिका है। शिक्षा की रोशनी जितनी अधिक बेटियों तक पहुंचेगी, उसका असर आने वाली कई पीढ़ियों तक दिखाई देगा। कार्यक्रम में नबीरे आला हजरत के मुरीद सूफी इकबाल अहमद, मुफ्ती शाहबाज अहमद मिस्बाही, मौलाना अब्दुल सुभान रजवी, मौलाना मुतिउर्रहमान सहित बड़ी संख्या में उलमा, इमाम, हाफिज और कारी मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में देश में अमन, सुकून, खुशहाली, सलामती और भाईचारे के लिए दुआ की गई। आयोजकों ने सभी अतिथियों और उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त किया।

# फसल क्षति का सर्वेक्षण प्राथमिकता पर, पात्र किसानों को मिलेगा नियमानुसार राहत लाभ

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़** । शासन के निर्देशों के क्रम में जिले में अतिवृष्टि एवं वर्षा से प्रभावित फसलों की क्षति का स्थलीय सर्वेक्षण प्राथमिकता के आधार पर कराया जा रहा है। जिलाधिकारी अविनाश कुमार ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि प्रभावित क्षेत्रों में पूरी संवेदनशीलता एवं गंभीरता के साथ सर्वेक्षण कराते हुए कोई भी पात्र प्रभावित कृषक छूटने न पाए।

**बारिश से प्रभावित फसलों का स्थलीय सर्वेक्षण तेज, कोई पात्र किसान न छूटे : डीएम**

जिलाधिकारी के निर्देश पर सभी तहसीलों में राजस्व विभाग की टीमें लेखपालों के माध्यम से प्रभावित क्षेत्रों में पहुंचकर फसल क्षति का स्थलीय आकलन कर रही हैं। सर्वेक्षण के दौरान प्रभावित कृषक, बोई गई फसल, प्रभावित क्षेत्रफल और फसल को हुई वास्तविक क्षति का विवरण संकलित किया जा रहा है। वास्तविक स्थिति के पारदर्शी आकलन के लिए स्थानीय कृषकों एवं जनप्रतिनिधियों का भी सहयोग लिया जा रहा है।



जिलाधिकारी ने कहा कि सरकार की मंशा प्राकृतिक आपदा से प्रभावित किसानों को नियमानुसार समय से राहत उपलब्ध कराना है। इसी उद्देश्य से फसल क्षति के सर्वेक्षण, आकलन एवं सत्यापन की प्रक्रिया को प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि क्षेत्र में निरंतर भ्रमण करते हुए सर्वेक्षण कार्य को निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार समयबद्ध ढंग से पूरा कराया जाए एवं प्राप्त विवरणों का सावधानीपूर्वक सत्यापन किया जाए। सर्वेक्षण एवं सत्यापन के उपरांत पात्र कृषकों का विवरण राहत पोर्टल पर फीड कराया जाएगा। शासन द्वारा निर्धारित राज्य आपदा मोचन निधि के प्रचलित मानकों के अनुरूप पात्र कृषकों को कृषि निवेश अनुदान, अनुमन्य राहत उपलब्ध कराने की कार्यवाही की जाएगी।

जिला प्रशासन द्वारा सर्वेक्षण एवं राहत संबंधी कार्यवाही की निरंतर समीक्षा की जा रही है। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया है कि पूरी प्रक्रिया निष्पक्ष, पारदर्शी एवं वास्तविक स्थलीय स्थिति के आधार पर संपादित की जाए, ताकि प्राकृतिक आपदा से प्रभावित पात्र किसानों तक शासन की राहत का लाभ पहुंच सके। प्रशासन ने किसानों से भी अपील की है कि सर्वेक्षण के दौरान राजस्व टीमों को आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराते हुए सहयोग करें। यदि किसी प्रभावित कृषक के खेत का सर्वेक्षण किसी कारणवश नहीं हो पाया है, तो वह संबंधित लेखपाल अथवा तहसील प्रशासन को इसकी सूचना दे सकता है।

**सम्मान** | गायन, नृत्य, संगीत, चित्रकला, कविता और अभिनय में बंदियों ने दिखाई प्रतिभा, विजेताओं को किया सम्मानित

# तिहाड़ जेल में स्किल टैलेंट हंट-2026 का भव्य ग्रैंड फिनाले

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**नई दिल्ली।** तिहाड़ जेल के सेंट्रल जेल नंबर 8/9 में दिल्ली जेल प्रशासन और एनजीओ आर्ट क्रिएशंस कल्चरल सोसाइटी के संयुक्त तत्वावधान में ह्यतिहाड़ स्किल टैलेंट हंट-2026 का भव्य ग्रैंड फिनाले आयोजित किया गया।

करीब 11 दिनों तक चले इस प्रतिभा खोज आयोजन का उद्देश्य बंदियों की छिपी प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने के साथ उन्हें कौशल विकास और रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से समाज की मुख्यधारा से जोड़ना रहा।

हुनर से उड़ान, स्किल से पहचान, भविष्य की ओर नई पहचान संदेश के साथ आयोजित प्रतियोगिता में बंदियों ने गायन, नृत्य, वाद्य संगीत, चित्रकला, कविता पाठ और अभिनय सहित विभिन्न विधाओं में प्रतिभा का प्रदर्शन किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों का विजेताओं के रूप में चयन किया गया। प्रतियोगिता में प्रतिभाओं का आकलन करने के लिए पंजाबी पॉप गायक भूपेंद्र सिंह भूपी, पार्श्व गायक दीपक राणा, गायिका खुशबू लता, चरणजीत साकला तथा मेंटर साजिद अली और मनीष ठाकुर मौजूद रहे। मुख्य अतिथि अतिरिक्त महानिदेशक पंकज कुमार (आईएएस) और उप महानिदेशक कुलदीप सिंह (दानिक्स) रहे। महानिदेशक (जेल) आनंद मोहन (आईपीएस) ने शुभकामना संदेश के माध्यम से प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया।






**पुस्तकालय का उद्घाटन और पौधरोपण**

कार्यक्रम के दौरान अतिरिक्त महानिदेशक पंकज कुमार एवं उप महानिदेशक कुलदीप सिंह ने तिहाड़ जेल परिसर में पुस्तकालय का उद्घाटन किया और पौधरोपण भी किया। प्रतियोगिता जीतने वाले बंदियों को दोनों अधिकारियों ने सम्मानित कर उनका उत्साह बढ़ाया।

कार्यक्रम का संचालन सेंट्रल जेल नंबर 8/9 के अधीक्षक धीरज माथुर एवं जेल अधिकारियों की देखरेख में किया गया। आयोजन में स्काई हाइट ग्लोबल इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड के चेयरमैन मनोज कुमार, म्यूजिक वन रिकॉर्ड्स तथा रेंट एन राइड चित्राका ई-बाइक के विजय सिंह का सहयोग रहा। आर्ट क्रिएशंस कल्चरल सोसाइटी के अध्यक्ष नरेश बैसला एवं महासचिव रचना जैन ने बताया कि संस्था इससे पहले तिहाड़ आइडल के विभिन्न सत्रों का भी आयोजन कर चुकी है। कार्यक्रम के कार्यक्रम निदेशक आयुष बैसला रहे।

## तृतीय सोपान जांच शिविर का आयोजन के एम बी इंटर कॉलेज अतरौली में प्रारंभ हुआ

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़** । भारत स्काउट गाइड उत्तर प्रदेश महानगर लखनऊ के तत्वाधान में जिला संस्था अलीगढ़ द्वारा आयोजित तृतीय सोपान जांच शिविर का आयोजन के एम बी इंटर कॉलेज अतरौली में प्रारंभ हुआ। जिसका उद्घाटन कॉलेज के यशस्वी, कर्मठ प्रधानाचार्य श्री प्रमोद कुमार श्रोती जी द्वारा किया गया।आज प्रथम दिवस में स्काउट गाइड का पंजीकरण, ध्वज शिष्टाचार, सलूट टर्नआउट, टोली का निर्माण तथा स्काउट नियम, प्रतिज्ञा, प्रार्थना, झंडा गीत के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर शिविर संचालक डा, आर,जे, वर्मा( ए,एल,टी, -एस), सहायक शिविर संचालिका श्रीमती हेमलता सिंह, श्री अतीश कुमार, श्री जगबीर सिंह, श्री वेद प्रकाश, श्रीमती निहारिका चौधरी आदि उपस्थित रहे। इस पांच दिवसीय शिविर मे तृतीय सोपान के लगभग 65 स्काउट/गाइड प्रतिभाग कर रहे है।



Email Id : Bulandsandesh@gmail.com
दैनिक बुलन्द संदेश

# थार ने स्कूटी में मारी टक्कर दो गंभीर घायल: एक की हालत गंभीर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ ( सुदेश बिश्नोई )**। मुरादाबाद से कांठ की ओर आ रहे स्कूटी सवारो को कांठ की ओर से जा रही थार ने टक्कर मार दी जिससे





दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए सरकारी अस्पताल से दोनों को कॉसमॉस के लिए रेफर किया गया है घटना सोमवार की दोपहर बाद की है सलेमपुर गांव निवासी अली पुत्र जाकिर और अबूजर पुत्र अनीस स्कूटी से मुरादाबाद होकर कांठ के लिए आ रहे थे जैसे ही मधपुरी गांव के पास पहुंचे कांठ की ओर से आ रही थार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी जिसमें स्कूटी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और स्कूटी सवार दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए सूचना मिलते ही उन्हें सरकारी अस्पताल लाया गया लेकिन वहां पर परिजनों की भीड़ इकट्ठा हो गई और चिकित्सकों ने उन्हें मुरादाबाद के लिए रेफर कर दिया। बताया गया कि परिजनों ने दोनों को कॉसमॉस अस्पताल में भर्ती कराया है जहां पर एक की हालत ज्यादा गंभीर बताई जा रही है पुलिस ने टक्कर मारने वाली थार को कब्जे में ले लिया है।

# मुरादाबाद मंडल में एच-बीम स्लीपर से मजबूत होंगी पुलों की पटरियां

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )**। मुरादाबाद रेल मंडल में पुलों से गुजरने वाली ट्रेनों के सफर को और सुरक्षित बनाने के लिए

**47.26 करोड़ से होगा काम,स्योहारा, कांठ समेत विभिन्न स्थानों पर होंगे काम**

12,442 एच-बीम स्लीपर लगाए जाएंगे। इन पर 47.26 करोड़ रुपये खर्च होंगे।ये स्लीपर खास तौर पर उन पुलों पर लगाए जाते हैं, जहां लोहे के गर्डर के ऊपर से रेल पटरी गुजरती है। इनके लगने से पुल वाले हिस्सों में पटरी को मजबूती देने में मदद मिलेगी। रेलवे की 2026-27 की पिंक बुक में मुरादाबाद मंडल के लिए



एच-बीम स्लीपरों का यह काम शामिल है। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि सामान्य जमीन पर पटरी के नीचे कंक्रीट के स्लीपर लगाए जाते हैं, लेकिन लोहे के गर्डर वाले पुलों पर व्यवस्था अलग होती है। यहां एच बीम स्लीपर पटरी को पुल की संरचना के साथ मजबूती से टिकाए रखने में मदद करते हैं। इससे पुल वाले हिस्से में पटरी की मजबूती और टिकाऊपन बढ़ता है।सीनियर डीसीएम महेश यादव का कहना है कि मंडल में बड़ी संख्या में पुल होने के कारण पटरी और पुल के बीच की संरचना रेल सुरक्षा का महत्वपूर्ण हिस्सा है। 12,442 एच-बीम स्लीपरों का काम पूरा होने पर पुलों के ऐसे हिस्सों में पटरी की मजबूती बढ़ेगी। 47.26 करोड़ रुपये का निवेश रेलवे के मौजूदा ढांचे को मजबूत करने की दिशा में है।

# 15 अक्तूबर से विक्रय के लिए प्रदर्शित एवं भंडारित मिठाइयों पर 'यूज बाई डेट'

बुलन्द सदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)**। नगर एवं प्रदेश में मिठाई खरीदने वाले उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य और हितों को ध्यान में रखते हुए

**यानी उपयोग की अंतिम तिथि प्रदर्शित करना अनिवार्य**



महत्वपूर्ण व्यवस्था लागू करने का निर्णय लिया है। अब राज्य में 15 अक्तूबर से विक्रय के लिए प्रदर्शित एवं भंडारित मिठाइयों पर 'यूज बाई डेट' यानी उपयोग की अंतिम तिथि प्रदर्शित करना अनिवार्य होगा।यह व्यवस्था विशेष रूप से खुली मिठाइयों को लेकर महत्वपूर्ण है, जिनके संबंध में अब तक उपयोग की अंतिम तिथि प्रदर्शित करने का कोई अनिवार्य प्रावधान नहीं था। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की आयुक्त डॉ रोशन जैकब द्वारा जारी आदेश के अनुसार, मिठाई की उपयोग अवधि उसकी प्रकृति और प्रकार के आधार पर अलग-अलग होती है। अलग-अलग मिठाइयों की उपयोग अवधि एक दिन से लेकर 30 दिन तक हो सकती है। मिठाई खरीदते समय उसकी उपयोग की अंतिम तिथि की जानकारी होना आवश्यक है।

# बाबासाहेब की प्रतिमा के अपमान के विरोध में जिला कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के कार्यकर्ताओं ने उठाई कार्रवाई की मांग

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद।** नवयुग मार्केट स्थित पार्क में भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा पर असामाजिक तत्वों द्वारा कीचड़ फेंककर अपमानजनक कृत्य किए जाने के विरोध में आज दलित समाज के लोगों के साथ कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता बाबा साहेब की प्रतिमा के पास बैठकर विरोध दर्ज कराया और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की।



इस दौरान जिला कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के कार्यकताओं ने कहा कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी केवल दलित, वंचित और शोषित समाज के अधिकारों के प्रतीक नहीं, बल्कि भारतीय संविधान और सामाजिक न्याय के महान स्तंभ हैं। उनकी प्रतिमा के साथ इस प्रकार का कृत्य समाज में अशांति और आपसी वैमनस्य पैदा करने वाला है।

कांग्रेस कार्यकताओं ने प्रशासन से पूरे प्रकरण की निष्पक्ष एवं उचित जांच कराकर घटना में शामिल दोषियों की पहचान करने तथा उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की। साथ ही प्रतिमा और आसपास के क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की भी मांग की गई।

कांग्रेस कार्यकताओं ने कहा कि संविधान निमार्ता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी का सम्मान और संविधान के मूल्यों की रक्षा करना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। ऐसे कृत्यों के विरुद्ध सभी वर्गों को एकजुट होकर शांतिपूर्ण ढंग से आवाज उठानी चाहिए।

# लैंडक्राफ्ट मेट्रो होम्स में एओए की बैठक, एक-एक रुपये का हिसाब निवासियों के समक्ष रखा गया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुरादनगर। (नासिर मंसूरी)** लैंडक्राफ्ट मेट्रो होम्स सोसाइटी में आज एओए द्वारा एक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें सोसाइटी के निवासियों ने बड़ी

**इसी उद्देश्य से उक्त अवधि के दौरान हुए आय-व्यय का एक-एक रुपये का हिसाब निवासियों के सामने रखा गया**

संख्या हिस्सा लिया। बैठक के दौरान एओए अध्यक्ष अमित त्यागी, उपाध्यक्ष कुलदीप पुंडीर एवं कोषाध्यक्ष दीपक त्यागी ने खुले मंच के माध्यम से सोसाइटी के निवासियों के समक्ष एओए के गठन के बाद 1 अक्टूबर 2025 से 31 अगस्त 2026 तक के आय-व्यय का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। एओए पदाधिकारियों ने कहा कि सोसाइटी के वित्तीय मामलों में पारदर्शिता बनाए रखना उनकी प्राथमिकता है। इसी उद्देश्य से उक्त अवधि के दौरान हुए आय-व्यय का एक-एक रुपये का हिसाब निवासियों के सामने रखा गया। बैठक की मिनट्स (कार्यवाही) तैयार कर सोसाइटी के नोटिस बोर्ड पर भी चस्पा की गई तथा सोसाइटी के व्हाट्स एप ग्रुप के माध्यम से सभी निवासियों को बैठक एवं वित्तीय विवरण की जानकारी उपलब्ध कराई गई। इसके साथ ही सोसाइटी के खातों का चार्टड अकाउंटेंट द्वारा ऑडिट कराया गया तथा ऑडिट रिपोर्ट एवं बैलेंस



शीट भी तैयार कर प्रस्तुत की गई। पारदर्शिता एवं नियमानुसार रिकॉर्ड बनाए रखने के उद्देश्य से ऑडिट रिपोर्ट और बैलेंस शीट संबंधित रजिस्ट्रार कार्यालय में भी जमा करा दी गई हैं। एओए के पदाधिकारियों ने कहा कि सोसाइटी के विकास, रखरखाव और वित्तीय व्यवस्था में पारदर्शिता एवं जवाबदेही बनाए रखना एओए की जिम्मेदारी है। आगे भी सोसाइटी के वित्तीय एवं प्रशासनिक कार्यों से संबंधित आवश्यक जानकारी समय-समय पर सभी निवासियों के समक्ष रखी जाएगी।

# इंजीनियर आशीष कुमार राघव को उत्कृष्ट इंजीनियर सम्मान मिला

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद ।** इंजीनियरिंग क्षेत्र में तकनीकी योगदान, सक्रिय सहभागिता में उत्कृष्ट भूमिका के लिए एसोसिएशन ऑफ प्रोफेशनल ग्रेजुएट सिविल इंजीनियर्स ने आशीष कुमार राघव को किया सम्मानित। आपको बता दें नक़्शे की दुनिया में बेताज बादशाह कहे जाने वाले राघव ग्रुप के संस्थापक इंजीनियर आशीष कुमार राघव को इंजीनियरिंग क्षेत्र में उनकी सक्रिय सहभागिता, तकनीकी योगदान एवं संगठनात्मक गतिविधियों में निरंतर योगदान के लिए इंजीनियर दिवस पर उत्कृष्ट इंजीनियरह्व सम्मान से सम्मानित किया गया।

इंजीनियर आशीष कुमार राघव लंबे समय से सिविल एवं स्ट्रक्चरल इंजीनियरिंग के क्षेत्र में कार्यरत हैं। अपने तकनीकी अनुभव और व्यावहारिक ज्ञान के माध्यम से वे भवन निर्माण, संरचनात्मक सुरक्षा, आधुनिक नियोजन, प्रोजेक्ट




मैनेजमेंट एवं भूकंपरोधी भवन निर्माण जैसे क्षेत्रों में निरंतर योगदान दे रहे हैं।एसोसिएशन ऑफ प्रोफेशनल ग्रेजुएट सिविल इंजीनियर्स में उनकी सक्रिय भूमिका को देखते हुए उन्हें यह सम्मान प्रदान किया गया। संगठन की तकनीकी एवं सामाजिक गतिविधियों में उनकी सक्रिय भागीदारी अन्य इंजीनियरों को भी तकनीकी ज्ञान, अनुभव साझा करने और पेशेवर विकास के लिए प्रेरित करती है।इंजीनियर आशीष कुमार राघव ने सम्मान के लिए एसोसिएशन ऑफ प्रोफेशनल ग्रेजुएट सिविल इंजीनियर्स के पदाधिकारियों और सभी इंजीनियरों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इंजीनियरिंग केवल निर्माण की तकनीक नहीं, बल्कि सुरक्षित और बेहतर समाज के निर्माण की जिम्मेदारी भी है। इस अवसर पर सभी इंजीनियरों ने और उनके मित्रों ने बधाई व शुभकामनाएं दी।

# शिक्षक संघ के प्रतिनिधि मंडल ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से स्थानांतरण/समायोजन प्रक्रिया में केवल एकल व बंद विद्यालयों में स्थानांतरण /समायोजन की मांग रखी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)**। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रतिनिधि मंडल ने सोमवार को



जिलाध्यक्ष डॉ नीरज शर्मा के नेतृत्व में जिला बेसिक शिक्षा अधिकरी से मिलकर माननीय उच्च न्यायालय के आदेशानुसार चल रही अंतः जनपदीय स्थानांतरण/समायोजन प्रक्रिया में केवल एकल व बंद विद्यालयों में स्थानांतरण /समायोजन की मांग रखी,जिस पर जिला बेसिक शिक्षाधिकारी महोदय द्वारा सहानुभूति पूर्वक विचार करते हुए केवल एकल व बंद विद्यालयों में ही शिक्षकों को स्थानात्रित /समायोजित करने की बात कही गयी।प्रतिनिधि मंडल में संजय सिंह, डॉ कपिल सिरोही, सुख स्वरुप गुप्ता, सुधीर कुमार, आलोक कुमार, संजय भारद्वाज, चंचल सरोज, आनंद आदि शामिल थे।

## संक्षिप्त समाचार

### आरकेजीआईटी में 36 घंटे तक चला तकनीकी मंथन, बाइनरी हैक्स 4.0 में 300 से अधिक विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** राज कुमार गोयल प्रौद्योगिकी संस्थान (आरकेजीआईटी) के कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग के बाइनरी क्लब द्वारा आयोजित 36 घंटे का इंट्रा-कॉलेज हैकाथॉन बाइनरी हैक्स 4.0 24 सितंबर को सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। 22 से 24 सितंबर तक आयोजित इस आयोजन में 300 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया और विभिन्न वास्तविक जीवन की समस्याओं के तकनीकी एवं रचनात्मक समाधान विकसित किए।हैकाथॉन का उद्घाटन 22 सितंबर को डॉ. शोभना चौधरी, प्रिंसिपल साइंटिस्ट, सीएसआईआर-



एचआरडीसी, गाजियाबाद के मुख्य आतिथ्य में हुआ। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रौद्योगिकी, नवाचार और निरंतर सीखने के महत्व के लिए प्रेरित किया। राघव गर्ग, प्रोफेसर एवं एजुकेटर झ फिजिक्स वाला तथा पूर्व सीनियर टेक्निकल मेंबर झ गीक्सफॉरगीक्स ने भी विद्यार्थियों से संवाद कर अपने अनुभव साझा किए। 23 सितंबर को अक्षय सैनी, फाउंडर नमस्तेदेव तथा पूर्व सॉफ्टवेयर इंजीनियर उबर एवं पेटीएम ने प्रतिभागी टीमों से संवाद कर उन्हें प्रोजेक्ट्स को बेहतर बनाने और व्यावहारिक समाधान विकसित करने के लिए मार्गदर्शन दिया।

### स्वस्थ भविष्य के लिए फार्मासिस्टों को सशक्त बनाना विषय पर विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद, (आशा चौधरी)** । एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी, गाजियाबाद स्वस्थ भविष्य के लिए फार्मासिस्टों को सशक्त बनाना" कार्यक्रम में मुख्य वक्ता एवं संसाधन व्यक्ति के रूप में सुश्री शिल्पा



भारद्वाज, वरिष्ठ फामार्कोविजिलेंस एसोसिएट, इंडियन फामार्कोपिया कमीशन (IPC), गाजियाबाद उपस्थित रहीं। फामार्कोविजिलेंस एवं औषधि सुरक्षा के क्षेत्र में उनके व्यावसायिक अनुभव एवं विशेषज्ञता ने विद्यार्थियों को विषय की व्यावहारिक समझ विकसित करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उन्होंने अपने व्याख्यान के माध्यम से विद्यार्थियों को औषधि सुरक्षा की निगरानी, प्रतिकूल औषधि प्रतिक्रियाओं की पहचान तथा उनकी उचित रिपोर्टिंग के महत्व से अवगत कराया।

### भगत सिंह की जयंती पर कांठ में निकली "तिरंगा महायात्रा " तिरंगा यात्रा का जगह-जगह हुआ भव्य स्वागत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )**। शहीद-ए-आजम सरदार भगत सिंह की जयंती के अवसर पर सोमवार को कांठ विधानसभा क्षेत्र में जय जवान जय किसान तिरंगा महायात्रा निकाली गई। कांठ के पूर्व विधायक राजेश




कुमार सिंह उर्फ चुन्नू के नेतृत्व में निकल गई तिरंगा महायात्रा का नगर में श्री जंभेश्वर आश्रम से भाजपा के जिला अध्यक्ष आकाश कुमार ने दोपहर 12:00 बजे शुभारंभ किया' महायात्रा कांठ से छजलैट, लदावली, अगवानपुर में सेरूआ चौराहा, मौढ़ा तैया, कैलसा रोड से पाकबड़ा स्थित रामलीला मैदान पहुंची ' महा यात्रा में भाजपा जिला महामंत्री विक्रम सिंह, पूर्व ब्लाक प्रमुख चरन सिंह, भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पश्चिमी उत्तर प्रदेश माहेश्वरी सभा के कोषाध्यक्ष मुकेश माहेश्वरी, भारत विकास परिषद के अध्यक्ष महेश चंद गुप्ता, चौधरी सोमवीर सिंह, गौरव बिश्नोई, प्रमोद बिश्नोई, आदि हजारों लोग मौजूद थे ।

# वार्ता के बाद देर रात बैंककर्मियों की हड़ताल टली: सोमवार को सभी बैंकों में कामकाज हुआ

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** बैंक कर्मचारियों की सोमवार से प्रस्तावित तीन दिवसीय हड़ताल टल गई है सोमवार को नगर में बैंकों की विभिन्न शाखाओ में में रोज की तरह कामकाज हुआ । इंडियन बैंक्स एसोसिएशन (आईबीए) और यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस (यूएफबीयू) के बीच रविवार रात को हुई बैठक सकारात्मक रही, जिसके बाद हड़ताल टालने की घोषणा की गई।वार्ता में तय हुआ कि महीने के सभी शनिवार को छुट्टी घोषित करने के मुद्दे पर एक उच्च स्तरीय समिति गठित की जाएगी। वहीं, स्केल-4 और उससे ऊपर के अधिकारियों के लिए पीएलआई



(परफॉर्मेंस लिंक्ड इंसेंटिव) योजना के संबंध में यूनियनों की आपत्तियों और सुझावों का समाधान करने के लिए बातचीत की जाएगी।

शनिवार की छुट्टी के मसले पर समिति बनाई जाएगी 'गौरतलब है कि देशभर के सरकारी बैंक कर्मचारियों ने सोमवार से तीन दिन तक हड़ताल करने का ऐलान किया था।कर्मचारी और अधिकारी बैंकों में कार्य सप्ताह पांच दिन का करने और पेंशन अपडेशन समेत विभिन्न मांगें कर रहे थे। इसी के मद्देनजर उन्होंने हड़ताल का ऐलान किया था। इसे देखते हुए रविवार को अवकाश के दिन भी सरकारी और सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक खोले गए थे, ताकि लोग अपने जरूरी काम पहले ही निपटा सके' प्रस्तावित हड़ताल के टलने से सोमवार को सभी बैंकों में कामकाज हुआ।

# पोषण जागरूकता के साथ मनाया पोषण पंचायत उत्सव

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मोदीनगर (अनवर खान)।** सेवा संकल्प अभियान के तहत सोमवार को ब्लॉक सभागार में पोषण पंचायत उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में गर्भवती एवं धात्री महिलाओं के साथ आंगनवाड़ी कार्यकताओं और सहायिकाओं ने हिस्सा लिया। इस दौरान महिलाओं को पोषण के प्रति जागरूक करते हुए संतुलित आहार और स्वस्थ जीवनशैली के महत्व की जानकारी दी गई।



कार्यक्रम में पोषण से संबंधित विभिन्न स्टॉल लगाए गए तथा पोषण रंगोली के माध्यम से जरूरी संदेश दिए गए। धात्री महिलाओं को पोषण भेंट के रूप में सृजन के पौधे वितरित किए गए। बेहतर कार्य करने वाली आंगनवाड़ी कार्यकताओं और सहायिकाओं को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि विधायक डॉ मंजू शिवाच ने पोषण को परिवार और समाज के स्वस्थ भविष्य की आधारशिला बताते हुए महिलाओं से पौष्टिक आहार को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। ब्लॉक प्रमुख सुचेता सिंह की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम में जिला भाजपा मंत्री तीशा गोस्वामी सहित अन्य लोगों ने भी विचार रखे।

इस मौके पर बाल विकास परियोजना अधिकारी स्वाति, मुख्य सेविका ब्रजेश रानी और वंदना सैनी सहित आंगनवाड़ी कार्यकर्ता व सहायिकाएं मौजूद रहीं।

**आयोजन** विद्यार्थियों ने भाषण, चित्रों और कलाकृतियों से साकार की विकसित भारत-2047 की परिकल्पना

# खुद को बदलेंगे, देश को बदलेंगे : सिल्वर लाइन में गूंजी विकसित भारत की गूंज

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद।** नेहरू नगर स्थित सिल्वर लाइन प्रेस्टीज स्कूल में विकसित भारत-2047 के संकल्प को केंद्र में रखते हुए भाषण, कला प्रतियोगिता एवं कला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा, रचनात्मकता और विचारों के माध्यम से विकसित भारत की परिकल्पना को जीवंत रूप प्रदान किया। बच्चों की प्रस्तुतियों और कलाकृतियों ने अतिथियों का ध्यान आकर्षित किया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि भाजपा कवि नगर मंडल की महामंत्री डॉ. रीता देओल ने विद्यार्थियों की प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि उनकी जागरूकता और सजगता भविष्य के भारत के प्रति सकारात्मक सोच को दशार्ती है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत का सपना केवल सरकार या किसी एक व्यक्ति के प्रयास से नहीं, बल्कि




समाज के प्रत्येक व्यक्ति के सकारात्मक योगदान से साकार होगा।

डॉ. देओल ने विद्यार्थियों से कहा कि वे दूसरों से प्रतिस्पर्धा करने के बजाय स्वयं से प्रतिस्पर्धा करें और अपने आज को कल से बेहतर बनाने का निरंतर प्रयास करें। उन्होंने कहा कि खुद में परिवर्तन, स्वयं से प्रतिस्पर्धा और आज से बेहतर कल की कोशिश ही तरक्की का मंत्र है।

औचक निरीक्षण के दौरान विद्यार्थियों को बिना पूर्व सूचना के अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर दिया गया। बच्चों ने अचानक मिले इस अवसर पर भाषण, चित्रों और कलाकृतियों के माध्यम से वर्ष 2047 के विकसित भारत की कल्पना प्रस्तुत की। किसी ने आधुनिक भारत की तस्वीर उकेरी तो किसी ने शिक्षा, तकनीक, स्वास्थ्य, आत्मनिर्भरता और राष्ट्र निर्माण से जुड़े विचार रचनात्मक ढंग से प्रस्तुत किए।

डॉ. देओल ने स्कूल की संस्थापक एवं निदेशक डॉ. माला कपूर और शैक्षिक विभाग के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि बिना पूर्व तैयारी के विद्यार्थियों ने जिस आत्मविश्वास के साथ अपनी प्रतिभा दिखाई, वह उनकी जागरूकता और विषय की समझ का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों में आत्मविश्वास, रचनात्मक सोच और अभिव्यक्ति की क्षमता विकसित करने के साथ राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारी की भावना भी मजबूत करते हैं।

# प्रजापति प्रबुद्ध महासम्मेलन बिलासपुर में संपन्न संगठित , शिक्षा, और संस्कारवान से ही सामाजिक प्रगति संभव- धर्मवीर प्रजापति

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**ग्रेटर नोएडा।** क्षेत्र के नगर पंचायत बिलासपुर स्थित भीमन फार्म हाउस में अखिल भारतीय प्रजापति कुंभकार महासभा फोरम के तत्वावधान में







कार्यक्रम संयोजक प्रजापति राजेंद्र आर्य के संचालन व रामपाल प्रजापति की अध्यक्षता में विशाल प्रजापति प्रबुद्ध महासम्मेलन हुआ जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा मंत्री धर्मवीर प्रजापति, एवं जेवर क्षेत्र के विधायक धीरेंद्र सिंह एवं अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित करके किया ' सम्मेलन में वक्ताओं ने सामाजिक एकजुटता, शिक्षा, सामाजिक उत्थान और युवाओं को आगे बढ़ाने पर जोर दिया गया।

मुख्य अतिथि मंत्री धर्मवीर प्रजापति ने कहा कि समाज की तरक्की के लिए शिक्षा सबसे महत्वपूर्ण माध्यम है। प्रत्येक परिवार को अपने बच्चों को बेहतर शिक्षा दिलाने के साथ उन्हें संस्कारवान बनाने पर भी ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि समाज के लोगों को आपसी मतभेद भुलाकर एकजुट होकर आगे बढ़ना चाहिए। संगठित समाज ही अपने अधिकारों और विकास के लिए प्रभावी ढंग से आवाज उठा सकता है। उन्होंने युवाओं से शिक्षा के साथ रोजगार और स्वरोजगार के क्षेत्र में आगे बढ़ने तथा समाज के जरूरतमंद लोगों की मदद करने का आह्वान किया। क्षेत्रीय विधायक ठाकुर धीरेंद्र सिंह ने कहा कि प्रजापति समाज ने हमेशा मेहनत, कला और परंपराओं के माध्यम से समाज में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। समाज के लोगों को अपने बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान देना चाहिए और प्रतिभावान युवाओं को आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सामाजिक कार्यक्रम समाज में आपसी भाईचारा और एकता मजबूत करने का माध्यम हैं।

कार्यक्रम अध्यक्ष रामपाल प्रजापति ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि समाज की प्रगति के लिए सभी लोगों को मिलकर कार्य करना होगा। कार्यक्रम मंच अध्यक्ष किशनलाल प्रजापति ने समाज की उपलब्धियों और भविष्य की आवश्यकताओं पर विचार रखे। कार्यक्रम संयोजक राजेंद्र प्रजापति ने सम्मेलन के आयोजन के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए अतिथियों एवं समाज के लोगों का आभार व्यक्त किया।

सम्मेलन में पन्नालाल प्रजापति, रामभूल, मुनीम, प्रेमचंद, किशन प्रजापति, सतीश प्रजापति, पत्रकार व सामाजिक चिंतक नंद गोपाल वर्मा, डॉ सतीश शर्मा, हरिप्रकाश बाबा, दीपक शर्मा, घनश्याम पाल निर्मल, शफी मोहम्मद सैफी, खालिद सैफी, राहुल कुमार सिंह, सतीश शर्मा हरिओम प्रजापति, संतोष प्रजापति, सुभाष प्रजापति, सरवन प्रजापति, पवन, बिजेंद्र, डॉ. सुभाष, रामप्रसाद, आनंद प्रजापति, तमिलनाडु से आए कानाराम, यशपाल प्रजापति, महेंद्र प्रजापति, राजीव लोचन, सिद्धगिरी महाराज, सुभाष आर्य सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद रहे।

आयोजकों ने कहा कि इस प्रकार के सम्मेलनों के माध्यम से समाज की प्रतिभाओं को मंच देने, युवाओं को शिक्षा और सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक करने तथा आपसी भाईचारे को मजबूत करने का प्रयास किया जा रहा है।

# वोट चोर-गद्दी छोड़ के नारों के साथ कांग्रेस का कलेक्ट्रेट तक मार्च

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**ग्रेटर नोएडा।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी और उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर जिला एवं शहर कांग्रेस कार्यकताओं ने सूरजपुर स्थित जिला

**मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला फूंका, मतदाता सूची की स्वतंत्र समीक्षा की मांग**




कलेक्ट्रेट तक पैदल मार्च कर प्रदर्शन किया। कार्यकताओं ने ह्यवोट चोर-गद्दी छोड़ह्न और ह्यज्ञानेश कुमार को बर्खास्त करोह्न जैसे नारे लगाए।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष दीपक भाटी चोटीवाला के नेतृत्व में कार्यकताओं ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला फूंका। कांग्रेस ने उन्हें पद से हटाने के साथ उनके कार्यकाल में लिए गए चुनाव संबंधी फैसलों और मतदाता सूचियों में हुए बदलावों की स्वतंत्र एवं व्यापक समीक्षा कराने की मांग की। दीपक भाटी चोटीवाला ने कहा कि मतदाता का वोट लोकतंत्र की ताकत है।

चुनावी प्रक्रिया और मतदाता सूचियों को लेकर उठ रहे सवालों का पारदर्शी और तथ्यात्मक जवाब सामने आना चाहिए। शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश यादव ने कहा कि चुनाव आयोग से जनता निष्पक्षता और पारदर्शिता की अपेक्षा करती है। उन्होंने लोगों से मतदाता सूची में अपने नाम और विवरण की जांच करने की अपील की। प्रदर्शन में पूर्व जिलाध्यक्ष अजय चौधरी, भगवती शर्मा, मुकेश शर्मा, गौतम अवाना, विनोद पांडेय, लियाकत चौधरी, पुरुषोत्तम नागर समेत बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# छह महीने पहले बने थे डीएसपी, इटावा हादसे में नरेंद्र सिंह की मौत

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**नोएडा।** आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर इटावा के ऊसराहार क्षेत्र में हुए सड़क हादसे में घायल डीएसपी नरेंद्र

**नोएडा के बरौला गांव के रहने वाले थे, बड़े भाई थे दिवंगत चिकित्सक डॉ. वीएस चौधरी**

सिंह (55) की रविवार देर रात सैफई पीजीआई में इलाज के दौरान मौत हो गई। शनिवार को तेज बारिश के दौरान उनकी कार आगे चल रहे



ट्रक से टकरा गई थी। हादसे में गनर कांस्टेबल योगेंद्र सिंह भी गंभीर रूप से घायल हुए हैं। नरेंद्र सिंह नोएडा के सेक्टर-49 स्थित बरौला गांव के मूल निवासी थे और छह भाइयों में सबसे छोटे थे। करीब छह महीने पहले ही इंस्पेक्टर पद से पदोन्नत होकर डीएसपी बने थे। उनकी पहली तैनाती बाराबंकी में हुई थी। नरेंद्र सिंह के बड़े भाई डॉ. वीएस चौधरी नोएडा के जाने-माने चिकित्सक और विनायक हॉस्पिटल के प्रबंध निदेशक रहे थे। उनका भी करीब दो महीने पहले निधन हुआ था। नरेंद्र सिंह के निधन की खबर से परिवार और क्षेत्र में शोक की लहर है।

# बारिश से फसल बर्बाद तो 72 घंटे में दर्ज कराएं सूचना

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**ग्रेटर नोएडा।** 26 और 27 सितंबर को हुई बारिश से फसलों को हुए नुकसान को लेकर कृषि विभाग ने किसानों से 72 घंटे के भीतर सूचना दर्ज कराने की अपील की है। उप कृषि निदेशक विवेक दुबे ने बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत पंजीकृत किसान फसल क्षति की जानकारी टोल फ्री नंबर 14447 पर दर्ज करा सकते हैं।गौतमबुद्धनगर में खरीफ सीजन के लिए धान और बाजरा अधिसूचित फसलें हैं। सूचना मिलने के बाद संबंधित बीमा कंपनी की टीम खेतों का भौतिक सत्यापन और नुकसान का सर्वे करेगी। सर्वे रिपोर्ट के आधार पर नियमानुसार अग्रिम बीमा राशि का भुगतान किया जाएगा।किसान एआईसी प्रबंधक देवराज सिंह के मोबाइल नंबर 7906769211 पर भी संपर्क कर सकते हैं। विभाग ने किसानों से समय सीमा के भीतर सूचना दर्ज कराने की अपील की है।

# बिजली कनेक्शन की मांग पर 21 दिन से धरना, 240 किसानों पर एफआईआर

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**नोएडा।** डूब क्षेत्र में स्थायी बिजली कनेक्शन की मांग को लेकर भारतीय किसान परिषद का सेक्टर-123 पृथला फ्लाईओवर के पास धरना 21वें दिन भी जारी रहा। इसी बीच 21 सितंबर के प्रदर्शन में सड़क जाम, नारेबाजी, धक्का-मुक्की और सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के आरोप में सेक्टर-113 पुलिस ने 40 नामजद समेत 200 अज्ञात लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। पुलिस के अनुसार, प्रदर्शन के दौरान भीड़ मुख्य मार्ग पर पहुंच गई थी, जिससे यातायात प्रभावित हुआ। वहीं, किसान नेता सुखबीर खलीफा का कहना है कि डूब क्षेत्र के लोगों को स्थायी बिजली कनेक्शन दिए जाएं। धरने के दौरान भूख हड़ताल कर रही दो महिलाओं की तबीयत बिगड़ने पर उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# दादरी में छात्राओं को पॉक्सो कानून की दी जानकारी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**दादरी।** आदर्श कन्या इंटर कॉलेज में सोमवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से विधिक जागरूकता शिविर लगाया गया। सिविल जज जूनियर डिवीजन सिद्धार्थ कुमार ने छात्राओं को पॉक्सो अधिनियम की जानकारी देते हुए बताया कि 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चे कानून की नजर में नाबालिग हैं।

छात्राओं को गुड टच-बैड टच, असुरक्षित स्थिति में सतर्क रहने और किसी परेशानी पर अभिभावक, शिक्षक या पुलिस से मदद लेने के लिए जागरूक किया गया। उन्हें 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 112 पुलिस हेल्पलाइन और 15100 नालसा हेल्पलाइन की जानकारी भी दी गई। विद्यालय में वीडियो, प्रोजेक्टर और पेंटिंग जैसी गतिविधियों के माध्यम से भी छात्राओं को पॉक्सो कानून के प्रति जागरूक करने के निर्देश दिए गए।

# बारिश से फसलों को हुए नुकसान का मुआवजा दिलाने की मांग

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**ग्रेटर नोएडा।** बेमौसम बारिश से फसलों को हुए नुकसान का सर्वे कराकर किसानों को तत्काल मुआवजा दिलाने की मांग को लेकर भारतीय किसान यूनियन (कृषक) ने सोमवार को मुख्यमंत्री के नाम जिलाधिकारी को ज्ञापन

**किसान यूनियन ने मुख्यमंत्री के नाम डीएम को सौंपा ज्ञापन, जल्द सर्वे कराने की मांग**

सौंपा। राष्ट्रीय सचिव ऋषि पाल कसाना के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी से मुलाकात कर किसानों की समस्याओं से अवगत कराया।

संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष कृष्ण नागर ने कहा कि बेमौसम बारिश से प्रदेश के कई जिलों में किसानों की फसलों को नुकसान हुआ है। इससे किसानों के सामने आजीविका का संकट



खड़ा हो गया है। उन्होंने नुकसान का जल्द सर्वे कराकर प्रभावित किसानों को उचित मुआवजा दिलाने की मांग की।

ज्ञापन पर जिलाधिकारी ने संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों को फसलों का निरीक्षण कर रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इस दौरान एडवोकेट जीतू गुर्जर, सतपाल नागर, अरविंद पहलवान, एडवोकेट कपिल कसाना, जितेंद्र भाटी, इंदर रोहिला, विक्रम नागर, मनीष शर्मा, सुंदर पायला समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मेरठ खंड एमएलसी चुनाव की तैयारियों की समीक्षा, अधिकारियों को दिए निर्देश

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**ग्रेटर नोएडा।** मेरठ खंड स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के द्विवार्षिक निर्वाचन-2026 को लेकर सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बैठक हुई। इसमें चुनाव की तैयारियों की समीक्षा करते हुए सभी प्रभारी व सहायक प्रभारी अधिकारियों को अपने दायित्व समय से पूरा करने के निर्देश दिए गए। बताया गया कि चुनाव की अधिसूचना 29 सितंबर को जारी होगी। नामांकन की अंतिम तिथि 6 अक्टूबर, संवीक्षा 7 अक्टूबर और नाम वापसी 9 अक्टूबर तक होगी। 23 अक्टूबर को सुबह 8 से शाम 4 बजे तक मतदान और 27 अक्टूबर को मतगणना कराई जाएगी।



बैठक में मतदाता सूची, मतदान केंद्र, कार्मिक प्रशिक्षण, सुरक्षा, परिवहन, मतपत्र, वेबकास्टिंग, दिव्यांग मतदाताओं की सुविधाओं और चिकित्सा व्यवस्था की समीक्षा की गई। इस मौके पर जिलाधिकारी ने अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण चुनाव कराने के निर्देश दिए।

# एक्सपो ट्रेड शो में गरजे मौर्य- ये नया भारत है, कोई छेड़ेगा तो भारत छोड़ेगा नहीं

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**ग्रेटर नोएडा।** उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो में सोमवार को उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि यह नया भारत है। कोई छेड़ेगा तो भारत उसे छोड़ेगा नहीं। सर्जिकल स्ट्राइक और ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि अब भारत जवाब देना जानता है। स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को बाजार से जोड़ने के लिए आयोजित बायर-सेलर बैठक में करीब 30 एमओयू हुए। मौर्य ने अधिकारियों को इन समझौतों की



लगातार निगरानी कर उन्हें धरातल पर उतारने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अगले सत्र से प्राथमिक विद्यालयों के करीब डेढ़ करोड़ बच्चों की ड्रेस तैयार कराने की व्यवस्था में स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को जोड़ने की तैयारी है। इससे महिलाओं को रोजगार और कारोबार का बड़ा अवसर मिलेगा। सरकार का लक्ष्य महिलाओं को लखपति दीदी से आगे करोड़पति दीदी बनाने का है।मौर्य ने कहा कि सपा-बसपा सरकारों में कारोबारी और निवेशक डरते थे, जबकि अब प्रदेश में माहौल बदला है। उनके अनुसार, माफिया और गुंडों पर कार्रवाई के बाद निवेशक बिना डर के उत्तर प्रदेश में निवेश कर रहे हैं।










मुद्रक, प्रकाशक व संपादक अब्दुल सलाम सैफी ने बुलन्द मीडिया कम्यूनिकेशन प्रा0लि0 के लिए साई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 , सेक्टर 7 नोएडा जिला गौतमबुद्धनगर से छपवाकर 106 सूर्या कनिष्क अपार्टमेंट सैक्टर 4,वैशाली गाजियाबाद से प्रकाशित किया। अब्दुल सलाम सैफी ( संपादक ) मो0:- 9457159115, ममदूद आलम वारसी ( उप सम्पादक ), 9910073407, *सभी विवादों का कार्य क्षेत्र न्यायालय गाजियाबाद होगा।* mail Id:- BulandSandesh@Gmail.Com WebSite:- WWW.BulandSandesh.Com RNI NO:- UPHIN/2013/57267